RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 346
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 28 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




टी-20 रैंकिंग में एक पायदान नीचे खिसके
स्पोर्ट्स-10


# सुप्रीम कोर्ट ने बनाई तीन सदस्यीय जांच समिति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● समिति के कामकाज की निगरानी सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति आरवी रवींद्रन करेंगे

● यदि नागरिकों की गोपनीयता का उल्लंघन होगा तो अदालत चुप नहीं बैठेगी: शीर्ष अदालत

**पेगासस मामला**



**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को राजनेताओं, पत्रकारों, कॉरपोरेट्स और न्यायाधीशों की निगरानी में इजरायली स्पाइवेयर पेगासस के कथित उपयोग की जांच के लिए साइबर विशेषज्ञों का तीन सदस्यीय पैनल नियुक्त किया है। अदालत ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को गोपनीयता के उल्लंघन के खिलाफ सुरक्षा मिलनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है तो अदालत चुप नहीं बैठी रह सकती। तीन तकनीकी सदस्यों वाली समिति की निगरानी सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर वी रवींद्रन करेंगे।

न्यायमूर्ति रवींद्रन को पूर्व आईपीएस अधिकारी (1976 बैच) आलोक जोशी और सुदीप ओबेरॉय, अध्यक्ष, उप समिति (अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन/अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रो-तकनीकी आयोग/संयुक्त तकनीकी समिति) द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी।समिति के तीन तकनीकी सदस्यों में नवीन कुमार चौधरी, प्रभरण पी और अश्विन अनिल गुमस्ते। तकनीकी पैनल के पहले सदस्य चौधरी राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर, गुजरात के डीन और साइबर सुरक्षा और डिजिटल फोरेंसिक के प्रोफेसर हैं। तकनीकी समिति के दूसरे सदस्य प्रभारन पी अमृता विश्व विद्यापीठम, अमृतापुरी, केरल के इंजीनियरिंग स्कूल के प्रोफेसर हैं। उन्हें कंप्यूटर विज्ञान और सुरक्षा क्षेत्रों में दो दशकों का अनुभव हासिल है। तकनीकी समिति के तीसरे सदस्य गुमस्ते भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे, महाराष्ट्र में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग संस्थान के अध्यक्ष और एसोसिएट प्रोफेसर हैं। शीर्ष अदालत ने आरोपों की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने की अनुमति देने की केंद्र की याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया कि इस तरह की कार्रवाई से पूर्वाग्रह के खिलाफ स्थापित न्यायिक सिद्धांत का उल्लंघन होगा। शीर्ष अदालत ने अपने पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आरवी रवींद्रन से तीन सदस्यीय पैनल के कामकाज की निगरानी करने का आग्रह किया और समिति से शीघ्र रिपोर्ट मांगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की अध्यक्षता और जस्टिस सूर्यकांत और हेमा कोहली की सदस्यता वाली तीन सदस्यी पीठ ने कहा कि न्याय न केवल किया जाना चाहिए, बल्कि होते हुए भी दिखना चाहिए। इसी के साथ पीठ ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर केंद्र के जोरदार प्रस्तुतीकरण को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इसका मतलब यह नहीं है कि हर बार राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला उठने पर राज्य को स्वतंत्र रूप से कुछ भी करने दिया जाए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जिस मामले को केंद्र अदालत के समक्ष रख रहा है, उसके प्रति अपने रुख को न्यायोचित ठहराए। उन्होंने कहा कि राज्य द्वारा केवल राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देने से न्यायालय मूकदर्शक नहीं बना रह सकता। शीर्ष अदालत ने कहा कि संघर्षों की इस दुनिया में किसी भी सरकारी एजेंसी या किसी निजी संस्था पर भरोसा करने के बजाय पूर्वाग्रहों से मुक्त, स्वतंत्र और सक्षम विशेषज्ञों को ढूंढना और उनका चयन करना बेहद कठिन काम था। अपने 46 पेज के फैसले में बेंच ने कहा कि लोकतांत्रिक समाज में प्रेस की स्वतंत्रता बहुत ही आवश्यकता है। इस तरह के परिदृश्य के परिणामस्वरूप आत्म-सेंसरशिप का वातावरण बन सकती है। यह विशेष रूप से और भी चिंता का विषय है जब यह मामला प्रेस की स्वतंत्रता से संबंधित है, जो कि लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर इस तरह का प्रभाव प्रेस की महत्वपूर्ण सार्वजनिक-प्रहरी भूमिका पर हमला है, जो सटीक और विश्वसनीय जानकारी प्रदान करने की प्रेस की क्षमता को कमजोर कर सकता है। पीठ ने कहा कि हम यह स्पष्ट करते हैं कि बिना खुद को राजनीतिक बयानबाजी में शामिल होने की अनुमति दिए हमारा प्रयास संवैधानिक आकांक्षाओं और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए है। पीठ ने कहा कि यह अदालत हमेशा राजनीतिक दायरे में प्रवेश नहीं करने के प्रति सचेत रही है। पीठ ने कहा कि सभ्य लोकतांत्रिक समाज के सदस्यों को गोपनीयता की उचित उम्मीद है। गोपनीयता पत्रकारों या सामाजिक कार्यकर्ताओं की एकमात्र चिंता नहीं है। लोकतांत्रिक देश में संविधान के तहत कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन करके, पर्याप्त वैधानिक सुरक्षा उपायों के अलावा व्यक्तियों पर अंधाधुंध जासूसी की अनुमति नहीं दी जा सकती है। पीठ ने 13 सितंबर को यह कहते हुए आदेश सुरक्षित रख लिया था कि वह केवल यह जानना चाहती है कि क्या केंद्र ने नागरिकों की कथित तौर पर जासूसी करने के लिए अवैध तरीकों से पेगासस स्पाइवेयर का इस्तेमाल किया है या नहीं। शीर्ष अदालत एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, अनुभवी पत्रकार एन राम, शशि कुमार, परंजॉय गुहा ठाकुरता द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कथित पेगासस जासूसी मामले की स्वतंत्र जांच की मांग की गई थी।

# भारत ने चीन के नए भूमि सीमा कानून की आलोचना की

● यह कानून चिंता का विषय है क्योंकि इसका सीमा प्रबंधन पर वर्तमान द्विपक्षीय समझौतों तथा सीमा से जुड़े सम्पूर्ण प्रश्नों पर प्रभाव पड़ सकता है: अरिंदम बागची



भाषा। नई दिल्ली

**भारत** ने चीन पर एकतरफा ढंग से नया भूमि सीमा कानून लाने के लिए निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि वह उम्मीद करता है कि चीन कानून के परिप्रेक्ष में ऐसा कोई कदम उठाने से बचेगा जिससे भारत चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति में एकतरफा ढंग से बदलाव आ सकता हो। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि चीन का कानून लाने का निर्णय चिंता का विषय है क्योंकि इस विधान का सीमा प्रबंधन पर वर्तमान द्विपक्षीय समझौतों तथा सीमा से जुड़े सम्पूर्ण प्रश्नों पर प्रभाव पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत उम्मीद करता है कि चीन कानून के परिप्रेक्ष में ऐसा कोई कदम उठाने से बचेगा जिससे भारत चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति में एकतरफा ढंग से बदलाव आ सकता हो। बागची ने कहा, चीन का एकतरफा ढंग से कानून लाने के निर्णय का सीमा प्रबंधन पर हमारी वर्तमान द्विपक्षीय व्यवस्थाओं तथा सीमा से जुड़े सवालों पर प्रभाव पड़ेगा जो हमारे लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे एकतरफा कदम का दोनों पक्षों के बीच पूर्व में हुई व्यवस्थाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए चाहे सीमा का सवाल हो या वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर अमन एवं शांति बनाए रखने का विषय हो। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह चीन की संसद ने सीमावर्ती इलाकों के संरक्षण और उपयोग संबंधी एक नए कानून को अंगीकार किया है जिसका असर भारत के साथ बीजिंग के सीमा विवाद पर पड़ सकता है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) की स्थाई समिति के सदस्यों ने शनिवार को संसद की समापन बैठक के दौरान इस कानून को मंजूरी दी। इस बारे में मीडिया के सवालों पर बागची ने कहा, हमें यह जानकारी है कि चीन ने 23 अक्टूबर को नया भूमि सीमा कानून पारित किया है। इस कानून में अन्य बातों के अलावा यह कहा गया है कि भूमि सीमा मामलों पर चीन दूसरे देशों के साथ किए या संयुक्त रूप से स्वीकार किए समझौतों का पालन करेगा।

उन्होंने कहा कि कानून में सीमावर्ती क्षेत्रों में जिलों का पुनर्गठन करने का भी प्रावधान है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत और चीन ने सीमा के सवालों का अभी तक समाधान नहीं निकाला है और दोनों पक्षों ने समानता पर आधारित विचार विमर्श के आधार पर निष्पक्ष, व्यावहारिक और एक दूसरे को स्वीकार्य समाधान निकालने पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अमन एवं शांति बनाए रखने के लिए कई द्विपक्षीय समझौते, प्रोटोकॉल एवं व्यवस्थाएं बना चुके हैं। बागची ने कहा कि इसके साथ ही नया कानून पारित होने का हमारे विचार से तथाकथित रूप से 1963 के चीन पाकिस्तान सीमा समझौते को कोई वैधता नहीं मिलती है जिसे भारत सरकार लगातार अवैध और अमान्य कहती है। गौरतलब है कि चीन ने पिछले सप्ताह चीन ने नया भूमि सीमा कानून पारित (शेष पेज 9)

# सार्वजनिक स्थलों पर छठ को मंजूरी, पहली से खुलेंगे स्कूल

● कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करना होगा: डीडीएमए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने बुधवार को श्रद्धालुओं को निर्धारित स्थानों पर सख्त कोविड-19 प्रोटोकॉल के साथ छठ पूजा मनाने की अनुमति दे दी है। इसके साथ ही एक नवंबर से सभी शैक्षणिक संस्थानों को दोबारा खोल दिया जाएगा।

डीडीएमए राष्ट्रीय राजधानी में कोविड प्रबंधन के लिए नीतियों का निर्धारण करता है। डीडीएमए की बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि डीडीएमए ने दिल्ली के निर्धारित स्थानों पर छठ पूजा की और एक नवंबर से सभी स्कूलों को खोलने की अनुमति दे दी है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 नियमों के चलते सीमित संख्या में ही लोगों को पूजा करने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही स्कूल खोलने पर उन्होंने कहा कि स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कक्षाएं हाइब्रिड तरीके से संचालित हों, जिसका अर्थ है कि ऑफलाइन के साथ साथ ऑनलाइन कक्षाएं भी जारी रहेंगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों से अनुरोध किया जाता है कि वे सभी कोविड-19 नियमों का अनुपालन करें और मास्क पहने।

दिल्ली में कोविड-19 के हालात नियंत्रण में हैं लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। सार्वजनिक स्थानों पर छठ पूजा करने पर रोक का कांग्रेस और भाजपा द्वारा विरोध किए जाने की पृष्ठभूमि में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस महीने की शुरुआत में उपराज्यपाल अनिल बैजल से डीडीएमए की बैठक बुलाने और सार्वजनिक स्थलों पर छठ पूजा की अनुमति देने का आह्वान किया था।डीडीएमए 30 सितंबर की बैठक के बाद यमुना नदी के तट, अन्य जलाशयों सहित दिल्ली में सार्वजनिकस्थानों पर छठ पूजा मनाने पर रोक (शेष पेज 9)

**अभिभावक की मर्जी से बच्चे जा सकेंगे स्कूल**

**सिसोदिया** ने डीडीएमए की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सभी निजी और सरकारी स्कूल एक नवंबर से फिर से खोले जा सकते हैं। हालांकि, माता-पिता को अपने बच्चों को स्कूलों में भेजने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कक्षाओं के दौरान एक बार में 50 प्रतिशत से अधिक छात्रों की उपस्थिति नहीं होनी चाहिए और सभी कर्मचारियों को जल्द से जल्द पूरी तरह से टीका लगाया जाना चाहिए।

# आर्यन खान को नहीं मिल सकी जमानत, आज भी होगी सुनवाई

● एनसीबी की सतर्कता जांच टीम के सामने वानखेड़े ने करीब चार घंटे तक दर्ज कराया बयान

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई



**बंबई** उच्च न्यायालय में बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई जारी रहेगी और एनसीबी अपनी दलीलें पेश करेगी। आर्यन खान को क्रूज जहाज पर मादक पदार्थ मिलने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आर्यन खान की जमानत याचिका पर न्यायमूर्ति एन डब्ल्यू साम्बरे ने मंगलवार को सुनवाई शुरू की थी।

बुधवार को आर्यन खान के वकील मुकुल रोहतगी, मामले में सह आरोपी अरबाज मर्चेंट के वकील अमित देसाई और मुनमुन धमेचा की ओर से पेश अधिवक्ता अली कासिफ खान देशमुख ने अपनी दलीलें पूरी की। मामले पर करीब दो घंटे हुई सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति साम्बरे ने कहा कि वह अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल अनिल सिंह की दलीलें बृहस्पतिवार को सुनेंगे। सिंह स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) का पक्ष रख रहे हैं। न्यायमूर्ति ने कहा, कल हम इसे पूरा करने की कोशिश करेंगे।

गौरतलब है कि मुंबई तट के नजदीक क्रूज जहाज पर एनसीबी की छापेमारी के दौरान मादक पदार्थ मिलने के मामले में तीन अक्टूबर को आर्यन खान (23), मर्चेंट और धमेचा को अन्य के साथ गिरफ्तार किया गया था। एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत द्वारा जमानत अर्जी खारिज किए जाने (शेष पेज 9)

# राजनीतिक दल की तैयारी पूरी, चुनाव चिन्ह व नाम जल्द मिलेंगे: कैप्टन

● किसानों के मुद्दे के हल के लिए आज अमित शाह से मिलेंगे अमरिंदर

भाषा। चंडीगढ़



**पंजाब** के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने बुधवार को कहा कि वह एक नई पार्टी बना रहे हैं और इसके नाम व चुनाव चिह्न को निर्वाचन आयोग की मंजूरी मिल जाने पर वह इसकी घोषणा करेंगे। साथ ही, उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के कई लोग उनसे संपर्क में हैं। सिंह ने पिछले महीने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अपने प्रथम संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं एक पार्टी का गठन कर रहा हूं।

जब निर्वाचन आयोग नाम और चिह्न को मंजूरी दे देगा, तभी जाकर मैं आपको इसकी जानकारी दे सकूंगा। आयोग की मंजूरी का इंतजार करिए। उन्होंने यह भी कहा कि वह केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों के मुद्दे के हल के लिए बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलेंगे। सिंह ने पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू के साथ सत्ता की रस्साकशी के बीच मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक सवाल का जवाब देते हुए दावा किया कि कांग्रेस के कई लोग उनसे संपर्क में हैं और समय आने पर वे सामने आएंगे। उन्होंने कहा, बेशक कई लोग संपर्क में हैं। हम उपयुक्त क्षण का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन मैं उनका नाम नहीं बताऊंगा क्योंकि मेरे समर्थकों को प्रताड़ित किया जा रहा है। यह पूछे जाने पर कि कितने विधायक उनके संपर्क में हैं, सिंह ने कहा, राहुल गांधी को पंजाब के कांग्रेस विधायकों से सिलसिलेवार बैठकें करनी (शेष पेज 9)

**बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाना उचित: अमरिंदर**

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने राज्य में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र को बढ़ाने के भाजपा नीत केन्द्र सरकार के फैसले का जोरदार समर्थन करते हुए बुधवार को कहा कि यह सही कदम है और बीएसएफ पंजाब या उसके प्रशासन को अपने कब्जे में नहीं लेने जा रहा है। सिंह ने इसका विरोध करने और किसी भी गंभीर सुरक्षा चिंताओं से इनकार करने के लिए राज्य की कांग्रेस सरकार की आलोचना भी की। दरअसल, केन्द्र सरकार ने हाल ही में सीमा सुरक्षा बल को पंजाब, पश्चिम बंगाल (शेष पेज 9)

**बाजार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,143 | ↓ 206 | |
| निफ्टी | 18,210 | ↓ 57 | |
| सोना | 46,747 | ↓ 244 | /10g |
| चांदी | 63,489 | ↓ 654 | /kg |

**क्विक न्यूज**

**अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल का हुआ सफल परीक्षण**

**नई दिल्ली।** भारत ने अपनी सैन्य शक्ति में इजाफा करते हुए बुधवार को सतह से सतह पर प्रहार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण-प्रक्षेपण किया जो अत्यंत सटीकता के साथ 5,000 किलोमीटर तक के लक्ष्य पर निशाना साध सकती है। अधिकारियों ने बताया कि ओडिशा मे एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से देर शाम करीब 7:50 बजे परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान मे कहा, अग्नि-5 का सफल परीक्षण भारत की उस प्रामाणिक न्यूनतम प्रतिरोध वाली नीति के अनुरूप है जो पहले उपयोग नही की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। अग्नि-5 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परियोजना पर काम एक दशक से अधिक समय पहले शुरू हुआ था।

# पटना विस्फोट कांड में नौ लोग दोषी

भाषा। पटना

**पटना** के गांधी मैदान में वर्ष 2013 में हुए बम धमाकों के मामले में एनआईए की विशेष अदालत ने नौ अभियुक्तों को बुधवार को दोषी करार दिया जबकि एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी घोषित किया। विशेष लोक अभियोजक ललन प्रसाद सिंह ने बताया कि एनआईए अदालत के विशेष न्यायधीश गुरविंदर मल्होत्रा ने 2013 को पटना के गांधी मैदान में सिलसिलेवार ढंग से हुए बम धमाकों मामले में इम्तेयाज अंसारी, मुजीबुल्लाह, हैदर अली, फिरोज असलम, नोमान अंसारी, इफ्तिखार, अहमद हुसैन, उमेर सिद्दिकी एवं अजहरुद्दीन दोषी करार दिया जबकि साक्ष्य के अभाव में फखरुद्दीन को बरी घोषित किया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एनआईए ने 11 अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था जिनमे से एक अभियुक्त की उम्र कम होने (शेष पेज 9)

# बिहार में गठबंधन टूटने पर सोनिया ने की लालू से बात





पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/पटना

**बिहार** में महागठबंधन में कांग्रेस और राजद के बीच दरार की खबरों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव से संपर्क किया है। लालू यादव ने बिहार उपचुनाव में अपने उम्मीदवार उतारने पर कांग्रेस से कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। चारा घोटाला मामले में जेल की सजा काटने के बाद लालू तीन वर्षों के अंतराल के बाद पटना पहुंचे।

अपने उपचुनाव प्रचार से पहले पटना में मीडिया से बात करते हुए लालू यादव ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने उनके स्वास्थ्य के बारे में बात की। सोनिया गांधी ने कांग्रेस के राज्य प्रमुखों की बैठक के बाद लालू यादव को बुलाया है, जहां विभिन्न राज्यों में पार्टी की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी।

लालू प्रसाद यादव ने कहा कि मैंने सोनिया गांधी से बात की है। उन्होंने मुझसे मेरी कुशलक्षेम और हालचाल पूछा। मैंने उनसे कहा कि कांग्रेस एक अखिल भारतीय पार्टी है और उन्हें (सत्तारूढ़ दल के लिए) एक मजबूत विकल्प बनाने के लिए सभी समान विचारधारा वाले लोगों और पार्टियों (शेष पेज 9)

# शीघ्र ही एलपीजी का छोटा सिलेंडर भी खरीद सकेंगे

● उचित मूल्य की दुकानों की वित्तीय व्यवहारिकता बढ़ाने की दिशा में कदम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**आप** जल्द ही उचित मूल्य की दुकानों (एफपीएस) पर वाणिज्यिक दरों पर छोटे एलपीजी सिलेंडर खरीद सकते हैं। केंद्र ने बुधवार को कहा कि उसकी योजना छोटे एलपीजी सिलेंडरों की फुटकर बिक्री की अनुमति देने के साथ-साथ उचित मूल्य की दुकानों को वित्तीय व्यवहारिकता को बनाने के उपायों के तहत यह कदम उठाया जा रहा है।

इन मुद्दों पर खाद्य सचिव सुधांशु पांडे की अध्यक्षता में राज्य सरकारों के साथ हुई वर्चुअल बैठक में चर्चा हुई। इस बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी, वित्त, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालयों के प्रतिनिधि ने भी भाग लिया। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के साथ-साथ सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड (सीएससी) के अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक के बाद खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एफपीएस की वित्तीय व्यवहारिकता बढ़ाने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाएंगे। एफपीएस के माध्यम से छोटे एलपीजी सिलेंडरों की खुदरा बिक्री की योजना पर विचार किया जा रहा है। देश में 5.26 लाख राशन की दुकानें हैं। सूत्रों ने कहा कि छोटे सिलेंडरों को केवल एक आईडी प्रूफ देकर काउंटर से खरीदा जा सकता है। तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीए) के प्रतिनिधियों ने उचित मूल्य की दुकानों पर जिन्हें राशन की दुकानें भी कहा जाता है, के माध्यम से छोटे एलपीजी सिलेंडरों की खुदरा बिक्री के प्रस्ताव की सराहना की है। ओएमसी ने साथ यह भी कहा कि इच्छुक राज्य / केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के साथ समन्वय में इसके लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।

बैठक में खाद्य सचिव ने एफपीएस की वित्तीय व्यवहारिकता को बढ़ाने के लिए सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। राज्य सरकारों ने कहा कि सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) के सहयोग से एफपीएस की व्यवहारिकता में वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार व्यवहारिकता की समीक्षा करने के लिए सीएससी के साथ समन्वय करेंगे। एफपीएस के माध्यम से वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के प्रस्ताव पर, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के प्रतिनिधियों ने कहा कि इच्छुक राज्यों के साथ समन्वय में इसके लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 28 अक्टूबर, 2021



# प्राधिकरण के 17 विकास कार्यों से बदलेगी ग्रेटर नोएडा की सूरत

● विकास कार्य के लिए तीस करोड़ से अधिक खर्च किए जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 17 विकास कार्यों के लिए टेंडर जारी किए हैं। इन कार्यों में 30 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये जाएंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आगामी 2 महीने में टेंडर प्रक्रिया को पूरी कर देगा। इसके बाद काम शुरू करा दिया जाएगा।

परियोजना विभाग की ओर से टेंडर जारी किए गए हैं। प्राधिकरण पुराने टी गार्ड को निकालकर नए ट्री गार्ड लगवाएगा। उद्यान विभाग इन कामों को कराएगा। सेक्टर-10 में बने 1950 किफायती मकानों की सोसाइटी की चारदिवारी का काम कराया जाएगा। सेक्टर जूए म्यू ओमिक्रान पी-3 व 4 स्वर्ण नगरी पाई 1 और ओमेगा 1 में ओपन जिम लगाने के लिए प्लेटफार्म बनाया जाएगा। सम्राट मिहिर भोज पार्क में सिविल कार्य कराए जाएंगे।

धूम मानिकपुर में आरसीसी ड्रेन का निर्माण कार्य कराया जाएगा। सेक्टर इकोटेक 2 में ड्रेन मरम्मत एवं ऊंचा करने का कार्य रामपुर फतेहपुर एवं रिठौरी आरसीसी चेंबर का निर्माण कार्य व सेक्टर टेकजोन 2 के 24 मीटर रोड के साथ आरसीसी ड्रेन का बचा हुआ काम पूरा कराया जाएगा। 20 एमएलडी एसटीपी पर यूजीआर के चारों ओर चारदीवारी आरसीसी चैनल और प्लेटफार्म का निर्माण कार्य कराया जाएगा। सेक्टर बीटा.1 व 2, अल्फा-2, डेल्टा-2 एवं सेक्टर 36 में वेंडर मार्केट किसान मार्केट बनेंगे। इस काम में करीब 1.61 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। धूम मानिकपुर में एयर फोर्स स्टेशन के पास इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य कराया जाएगा।

सेक्टर ओमिक्रान 2 में पार्क, सर्विस रोड, आंतरिक रोड, ग्रीन बेल्ट पर लगे पेड़ पौधे, लॉन सहित सभी कार्यों का अनुरक्षण कार्य कराया जाएगा। सेक्टर ओमिक्रान ए, 1 के साथ 60 मीटर चौड़ी रोड का रिसर्फेसिंग का कार्य किया जाएगा। विभिन्न ग्रामों में 6 प्रतिशत आबादी के भूखंडों में विद्युतीकरण का कार्य कराया जाएगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टरों में मेन रोड, सर्विस रोड, आंतरिक रोड पर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य कराया जाएगा।




## 5 पिंक समेत 17 शौचालय खोले गए

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की पहल पर ग्रेटर नोएडा में बिल्ड ऑपरेट एंड ट्रांसफर बीओटी के आधार पर बने 17 शौचालयों को आम पब्लिक के लिए खोल दिए गए। सांसद डॉ महेश शर्मा जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह दादरी विधायक तेजपाल नागर और एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने इन शौचालयों का शुभारंभ किया। इन 17 में से पांच पिंक ट्वॉयलेट भी हैं। डॉ महेश शर्मा व दादरी विधायक तेजपाल नागर ने चार मूर्ति चौक पर बने शौचालय का और जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह व एमएलसी श्रीचंद्र ने वेनिस मॉल के पास बने शौचालय का शुभारंभ किया। जनप्रतिनिधियों ने प्राधिकरण की इस प्रयास की जमकर सराहना की। ग्रेटर नोएडा की जरूरत को देखते हुए प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर सार्वजनिक स्थलों पर शौचालय बनाने का निर्णय लिया गया। जनस्वास्थ्य विभाग ने 30 जगहों को चिंहित करके बीओटी बिल्ड ऑपरेट एंड ट्रांसफर के आधार पर निर्माण शुरू करा दिया। अब तक 18 शौचालय आम पब्लिक के लिए खोल दिए गए हैं। बीते दो अक्तूबर को सूरजपुर तिराहे पर सार्वजनिक शौचालय को शुरू किया गया था।

## कई सेक्टर में बनेंगे वेंडर मार्केट, टेंडर जारी

*नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहर में वेंडर बाजार बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। प्राधिकरण ने कई टेंडर जारी किए हैं। अगले 2 महीने में इन सभी जगहों पर काम शुरू कराया जाएगा। इसके मुताबिक शहर के सेक्टर बीटा .1, 2, अल्फा 2, डेल्टा 2 और सेक्टर 36 में वेंडर बाजार बनाए जाएंगे। इन पर करीब 1.6 करोड़ रुपए खर्च होंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने विकास कार्य कराने के लिए 17 टेंडर निकाले हैं। परियोजना विभाग की ओर से टेंडर जारी किए गए हैं। प्राधिकरण पुराने टी गार्ड को निकालकर नए ट्री गार्ड लगवाएगा। उद्यान विभाग इन कामों को कराएगा।सम्राट मिहिर भोज पार्क में सिविल कार्य कराए जाएंगे। धूम मानिकपुर में आरसीसी ड्रेन का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इकोटेक 2 में ड्रेन मरम्मत एवं ऊंचा करने का कार्यए रामपुर एवं रिठौरी आरसीसी चेंबर का निर्माण कार्य व सेक्टर टेकजोन 2 के आरसीसी ड्रेन का बचा हुआ।*

# डेंगू का कोहराम, मरीजों की संख्या 357 पहुंची

● नोएडा-ग्रेटर नोएडा में 18 क्लस्टर चिन्हित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

स्वास्थ्य विभाग ने नोएडा में करीब 10 क्षेत्रों और ग्रेटर नोएडा में 8 क्षेत्रों की पहचान की है, जहां से जिले में डेंगू के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। अफसरों का कहना है कि वेक्टर जनित बीमारी में तेजी से बढ़ोत्तरी को नियंत्रित करने के लिए क्लस्टरों में विशेष फॉगिंग और सफाई अभियान चलाया जाएगा।

नोएडा में अब तक 357 डेंगू बुखार के मामले दर्ज किए गए हैं। मंगलवार को डेंगू के 15 मामले मिले थे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार गौतमबुद्ध नगर में साल 2017 में डेंगू के 13 मामले वर्ष 2018 में 28 मामलेसाल 2019 में 40 और वर्ष 2020 में 27 मामले दर्ज किए गए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सदरपुर छलेरा ममुरा निठारी बरोला छिजारसी के साथ सेक्टर 5, 9, 22 और 51 नोएडा में सबसे अधिक केस मिले हैं।



इन इलाकों को क्लस्टर के रूप में चिन्हित किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में पहचाने गए 8 हॉटस्पॉट अल्फा 2, गामा 1, बीटा 1, गौर सिटी 1.2, हैबतपुर, कुलेसरा और सूरजपुर हैं। जिला मलेरिया अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया श्सभी रिपोर्ट किए गए मामलों में से लगभग 65.70: इन इलाकों से हैं। अधिकारियों को इन क्षेत्रों में फॉगिंग लार्वा विरोधी छिड़काव और सीवर की सफाई के लिए सघन अभियान शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि नोएडा में कुछ और इलाके हैंए जहां डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। हालांकि ये अभी बड़े क्लस्टर नहीं हैं। गौतमबुद्ध नगर में आधिकारिक तौर पर डेंगू के कुल 357 मामले दर्ज किए गए हैं। सोसाइटी की जांच कर रहे। उन्होंने आगे कहा अधिकारियों ने हाई राइज सोसाइटा का भी सर्वे करना शुरू कर दिया है। खासकर जहां से शिकायतें मिली हैं। हालांकि परिसर के भीतर फॉगिंग और लार्वा विरोधी गतिविधियों को सुनिश्चित करना आरडब्ल्यूए की जिम्मेदारी है। लेकिन हमें निवासियों से कई शिकायतें मिल रही हैं। हम पहले ही एक हाउसिंग सोसाइटी पर जुर्माना लगा चुके हैं। अब हम कुछ अन्य सोसाइटी का दौरा कर रहे हैं।

### ऐसे हो सकेगा बचाव

डेंगू का कारण एडीज मच्छर है। यह केवल साफपानी में पैदा होता है, जो आमतौर पर घरों में जमा होता है। यह बहुत अधिक या बहुत दूर नहीं उड़ पाता है। कीचड़ भरे पानी में पैदा होने वाले मच्छरों से डेंगू का खतरा नहीं है। बालकनी, कूलर, बाल्टी, गमलों और फीडिंग ट्रे में पानी जमा न होने दें। अधिकारियों को अन्य मौसमी वेक्टर जनित बीमारियों जैसे मलेरिया, टाइफाइड और पीलिया में वृद्धि को रोकने के लिए भी कदम उठाने के लिए कहा गया है।

## एक सप्ताह में 68 गांवों को मच्छर ब्रीडिंग मुक्त

**हापुड़।** जनपद में चल रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के पहले सप्ताह में मलेरिया विभाग की टीमों ने 68 गांवों को मच्छर ब्रीडिंग से मुक्त कर दिया है।

जिला मलेरिया अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के 147 और शहरी क्षेत्र के 28 ड्रेन साफ कराए गए हैं। पूरे जनपद में फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव किया जा रहा है।

पहले सप्ताह के दौरान शहरी क्षेत्र के 47 वार्डों में फॉगिंग कराई गई है। इसके अलावा 43 सुअरबाड़ों में जाकर विभाग की टीम ने सेनिटाइजेशन मीटिंग की हैं और कुल 124 सुअर बाड़ा स्वामियों का संवेदीकरण किया गया है।

# कॉल और व्हाट्सएप से होगा कूड़े का निस्तारण

● कचरा एंबुलेंस से होगा सफाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में स्वच्छता को बढ़ावा देने और शहर को साफसुथरा रखने के लिए प्राधिकरण ने कचरा एंबुलेंस सेवा शुरू की है। इसके अलावा निवासियों की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर व्हाट्सएप नंबर जन स्वास्थ्य विभाग सी एंड डी वेस्ट प्लांट तथा डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन के लिए नंबर जारी किए गए हैं।

निवासियों से कहा गया है कि कूड़े.कचरे से संबंधित कोई भी समस्या हो तो इन नंबरों पर कॉल या मैसेज कर प्राधिकरण को सूचित करें। तुरंत उसका समाधान कराया जाएगा। प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने कहा नोएडा में स्वच्छता बनाए रखने के लिए नई पहल करते हुए कचरा एंबुलेंस की शुरुआत की गई है।

इमरजेंसी होने पर आपातकाल सेवा की तर्ज पर कूड़ा उठाने के लिए निरूशुल्क एंबुलेंस बुलाई जा सकती है। उन्होंने आगे कहा यदि आपके क्षेत्र में स्वच्छता संबंधी कोई भी समस्या जैसे खुले में कूड़ा पड़ा होना, सफाई नहीं होना डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन या इससे संबंधित अन्य कोई समस्या है तो दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। टीम इसको हल करेगी। शहर के कई सेक्टर में सेग्रिगेटेड गीले कूड़े से खाद बनाई जा रही है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा नोएडा में सेग्रीगेटेड वेस्ट को कलेक्ट कर गीले कूड़े से खाद बनाने के लिए 30 बायोमिथिनेशन व ओडब्ल्यूसी मशीनें स्थापित की गई हैं। प्राधिकरण रेसिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन को मशीन की खरीद पर 90 प्रतिशत तक अनुदान दे रहा है। लोग अपने घर का गीला कूड़ा अलग एकत्र कर सही डस्टबिन में ही डालें।

### इन नंबरों पर करें संपर्क

1. कचरा एंबुलेंस: 18001807995
2. व्हाट्सएप: 9717080605
3. सीएंडडी: 18008919657
4. डोर टू डोर: 18001807995

# गाजियाबाद में धान के 588 क्रय केंद्र खुले , 1 नंवबर से होगी खरीद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिले में 588 धान क्रय केंद्र बनाए गए हैं, इनमें से ग्रामीण क्षेत्रों में 211 और शहरी क्षेत्रों में 347 केंद्र शामिल है। आगामी 1 नवंबर से सभी सरकारी केंद्रों पर धान खरीदने का कार्य शुरू हो जाएगा।

जनपद में धान का समर्थन मूल्य घोषित कर दिया गया है। समर्थन मूल्य दो वर्गों में बांटा गया है, इनमें कॉमन धान 1940 रुपए प्रति क्विंटल और ग्रेड ऐ 1960 प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी डॉ. सीमा ने बताया कि धान खरीद के लिए उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से किसानों का पंजीकरण कराया जाएगा। इसके लिए किसानों को धान बेचने का पंजीयन कराने के लिए जन सुविधा केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने होंगे, बल्कि नजदीकी कोटेदार के पास जाकर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे, जिसके बाद निर्धारित तारीख पर किसान धान बेचने के लिए जा सकेगा।

डॉक्टर सीमा ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन विभागीय वेबसाइट, खरीद हेतु किसान पंजीकरण पर किया जा सकेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि किसानों का भुगतान उनके खाते में सीधा जाएगा। इसके साथ ही किसानों को वेबसाइट पर ही अपनी भूमि का विवरण देना अनिवार्य है। आधार लिंकड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आधारित पंजीकरण की व्यवस्था की गई है, किसान पंजीकरण के समय मोबाइल नंबर अंकित कराएं।

# विद्यालयों की जर्जर इमारतों का होगा जीर्णोधार

● चयनित किए गए नौ राजकीय स्कूल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

माध्यमिक शिक्षा विभाग के जर्जर विद्यालयों की इमारतों का पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार का कार्य प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत किया जाएगा, इस संबंध में माध्यमिक विद्यालय चयनित किए गए हैं।

ये सभी कार्य प्रधान मंत्री जन विकास योजना केंद्र व राज्य वित्त आयोग की धनराशि से किए जाएंगे। जिला मुख्यालय पर राजकीय विद्यालयों में अनुरक्षण से संबंधित कार्य कराए जाने के लिए तहसीलवार एवं विद्यालयवार गठित उप समितियों के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों पर मैराथन बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अधिकारी जिला अधिकारी आरके सिंह ने की।

उन्होंने बताया कि जिन विद्यालयों का चयन किया गया है उनमें स्वच्छ पाइप पेयजल की सुविधा स्मार्ट क्लास बाउंड्री वॉल गेट का निर्माण सोलर प्लांट की स्थापना मल्टीपरपज हॉल आदि अन्य कार्य कराए जाएंगे। इसके अलावा राजकीय विद्यालयों में राजकीय विद्यालयों में पुस्तकालय कक्ष बालक बालक बालिकाओं के लिए प्रथक शौचालयों की स्थापना बैडमिंटन कोर्ट आदि के प्रस्ताव शासन को प्रेषित किए जाने के संबंध में भी जिला विद्यालय निरीक्षक किया गया है। बैठक में प्रोजेक्ट मैनेजर राजकीय निर्माण निगम गाजियाबाद, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग खण्ड-2 गाजियाबाद, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज नन्दग्राम, प्रधानाचार्या राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज विजयनगर गाजियाबाद एवं प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नूरपुर गाजियाबाद आदि उपस्थित थे।



जिला मुख्यालय पर आयोजित बैठक का दृश्य।

## हिंडन तट पर छठ पूजा के लिए बनेंगे 61 घाट

**गाजियाबाद।** दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज एवं छठ पूजा पर्व को लेकर आज नगर निगम के अधिकारियों की बैठक मेयर आशा शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सभी पर्वों पर नगर निगम द्वारा साफ-सफाई को लेकर तैयारियों का जायजा लिया गया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी जारी किए गए। बैठक में मेयर आशा शर्मा ने अधिकारियों को ताकीद करते हुए बताया कि हिंडन नदी तट पर छठ पूजा के लिए 61 स्थानों पर घाट बनाए जाएंगे और उनकी साफ-सफाई और साज-सज्जा पर विशेष ध्यान देना है। इसके अलावा दीपावली में गोवर्धन पूजा को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी मंदिरों पर साफ-सफाई, चूने का छिड़काव के साथ-साथ उड़न दस्ते भी गठित करने के लिए आदेश दिए ताकि सभी कार्य समय पर संपन्न हो सके। मेयर ने बताया कि छठ घाट के पोंड की रंगाई पुताई के साथ-साथ पानी के छिड़काव और चेंजिंग रूम आदि की व्यवस्था भी कराई जानी है।

# संक्षिप्त समाचार



प्रतियोगियों के साथ जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह व अन्य।

## नियमित उपचार से ठीक हो जाते हैं क्षय रोगी: डीटीओ

**हापुड़।** पिलखुवा स्थित राजपूताना इंटर कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान टीबी के लक्षणों और सरकारी स्तर पर टीबी के उपचार के लिए उपलब्ध निशुल्क सेवाओं की जानकारी दी गई। जनांदोलन कार्यक्रम के चौथे चरण में स्कूलों कॉलेजों में क्षय रोग पर पोस्टर, निबंध और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डा. राजेश सिंह ने कहा क्षय रोग छिपाने से बढ़ता है। सरकारी अस्पतालों में टीबी का उपचार पूरी तरह निशुल्क है। जिला पीपीएम कोर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया कि उपचार जारी रहने तक टीबी रोगियों को बेहतर पोषण के लिए सरकार निक्षय पोषण योजना के तहत हर माह पांच सौ रुपए का भुगतान उनके खाते में करती है। क्षय रोग पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में हिमांशी को प्रथम पुरस्कार मिला। इसी प्रकार वाद-विवाद प्रतियोगिता में परिचय कुमार प्रथम, पंकज सोम द्वितीय और कुमार अनु को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में क्षय रोग विभाग से डा. राहुल सचान, संगीता अरोरा, विजय कुमार और कॉलेज की ओर से अनिल कुमार का सक्रिय सहयोग रहा।

## निष्ठा से विस चुनाव में जुटें कार्यकर्ता: संजय भाटिया



**गाजियाबाद।** भाजपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सह चुनाव प्रभारी एवं सांसद संजय भाटिया ने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव निकट हैं। लिहाजा, प्रत्येक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी पूरी सक्रियता एवं निष्ठा से चुनाव की तैयारियों में जुट जाए। इस अवसर पर जिला प्रभारी अमित बाल्मीकि महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान, सुशील गौतम, गोपाल अग्रवाल, मंडल प्रभारी अश्वनी शर्मा, राजेंद्र यादव, उदिता त्यागी, पृथ्वी सिंह कसाना, लज्जा रानी गर्ग समेत सभी मंडलों के अध्यक्ष और महामंत्री उपस्थित रहे। बैठक का संचालन महामंत्री राजेश त्यागी ने किया। इससे पूर्व कोर कमेटी में सांसद अनिल अग्रवाल, विधायक सुनील शर्मा दिनेश गोयल, अतुल गर्ग, महापौर आशा शर्मा मानसिंह गोस्वामी समेत महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और चारों महामंत्री उपस्थित रहे।

## खाना खाने आये युवक की चाकू मारकर हत्या

**नोएडा।** कोतवाली फेज-2 क्षेत्र के नयागांव में सोमवार देर रात खाने की रेहड़ी पर खाना खाने आये एक युवक की दो लोगों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक खाने के पैसे के लेन-देन को लेकर आरोपियों का युवक से विवाद हुआ था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक सुरेश कुमार 35 वर्ष मूलरुप से मैनपुरी के रहने वाला था और नोएडा में एक निजी कंपनी में काम करता था। रात करीब पौने दस बजे वह थाना फेज-2 क्षेत्र के नयागांव तिराहे पर खाना खाने के लिए आया था। भुगतान करने को लेकर उसका रेहड़ी संचालक दिलीप से विवाद हो गया। इससे दोनों के बीच में हाथापाई भी हुई। इसी दौरान दिलीप के साथ दूसरा रेहड़ी संचालक संजीत कुमार भी आ गया। आरोप है कि दोनों ने सुरेश पर चाकू से दो वार किए।

SUNLOC

## सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय
38ई/252-ए, विजय टावर, शाहपुरजाट,
नई दिल्ली-110049
ई-मेल : info@sunilhealthcare.com, वेबसाइट : www.sunilhealthcare.com
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662

30 सितम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत एवं समेकित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | अर्द्ध वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | | | अर्द्ध वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त |
| | | 30 सितम्बर, 2021 | 30 जून, 2021 | 30 सितम्बर, 2020 | 30 सितम्बर, 2021 | 30 सितम्बर, 2020 | 31 मार्च, 2021 | 30 सितम्बर, 2021 | 30 जून, 2021 | 30 सितम्बर, 2020 | 30 सितम्बर, 2021 | 30 सितम्बर, 2020 | 31 मार्च, 2021 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 2,858.21 | 2,636.58 | 2,320.08 | 5,494.79 | 4,434.70 | 9,525.18 | 2,961.26 | 2,675.19 | 2,351.14 | 5,636.45 | 4,527.56 | 9,587.08 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 58.44 | 37.09 | 7.16 | 95.53 | 8.80 | 34.94 | 24.09 | 31.81 | 15.74 | 55.90 | (2.16) | (55.32) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 58.44 | 37.09 | 7.16 | 95.53 | 8.80 | 34.94 | 24.09 | 31.81 | 15.74 | 55.90 | (2.16) | (55.32) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 39.65 | 27.50 | 6.25 | 67.15 | 6.31 | 27.53 | 3.97 | 20.84 | 14.00 | 24.81 | (5.97) | (63.79) |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है] | 39.65 | 27.50 | 6.25 | 67.15 | 6.31 | 29.51 | 5.97 | 14.60 | 15.20 | 20.57 | (6.48) | (88.08) |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/-प्रत्येक) | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 |
| 7 | संचेय (पुनरमूल्य संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | - | - | - | 3,848.93 | 3,758.58 | 3,781.78 | - | - | - | 3,366.73 | 3,427.87 | 3,346.25 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों के बाद) (रू. 10/- प्रत्येक का) (क) मूल (रू.) | 0.39 | 0.27 | 0.06 | 0.65 | 0.06 | 0.27 | 0.04 | 0.20 | 0.14 | 0.24 | (0.06) | (0.62) |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 0.39 | 0.27 | 0.06 | 0.65 | 0.06 | 0.27 | 0.04 | 0.20 | 0.14 | 0.24 | (0.06) | (0.62) |
| 9 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों के बाद) (रू. 10/- प्रत्येक का) (क) मूल (रू.) | 0.39 | 0.27 | 0.06 | 0.65 | 0.06 | 0.27 | 0.04 | 0.20 | 0.14 | 0.24 | (0.06) | (0.62) |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 0.39 | 0.27 | 0.06 | 0.65 | 0.06 | 0.27 | 0.04 | 0.20 | 0.14 | 0.24 | (0.06) | (0.62) |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/अर्द्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। तिमाही/अर्द्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com पर तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.sunilhealthcare.com) पर उपलब्ध है।
2. कोविड-19 वैश्विक महामारी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था और व्यवसायिक माहौल में गंभीर अव्यवस्था पैदा कर दी है। इसके प्रभाव के संबंध में भारी अनिश्चितता है, जो इस समय समुचित निर्धारित नहीं किया जा सकता है। तथापि, कम्पनी ने कोविड-19 वैश्विक महामारी उत्पन्न होने वाले संभावित प्रभाव के साथ 30-09-2021 तक इसकी आस्तियों और देयताओं के वहन मूल्य पर इन वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि तक सभी घटनाओं तथा परिस्थितियों का यथासंभव मूल्यांकन और विचार किया है। भावी आर्थिक हालात के वर्तमान संकेतकों के आधार पर, कम्पनी का अनुमान है कि इन आस्तियों की वहन लागत से उबर जाएगी तथा इसके दायित्वों के निर्वहन हेतु यथेष्ट तरलता उपलब्ध है। ये अनुमान अनिश्चितता के अधीन हैं तथा वैश्विक महामारी की गंभीरता और अवधि द्वारा प्रभावित हो सकते हैं। कम्पनी भावी आर्थिक हालात में महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर लगातार नजर रख रही है।
3. चूंकि कम्पनी का व्यवसाय एकल प्राथमिक व्यवसाय खण्ड नामतः कैप्सूल की बिक्री के अंतर्गत आता है, अतः कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के साथ पठित तदधीन जारी प्रासंगिक नियमों के तहत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस-108) "प्रचालन खण्ड" के प्रकटीकरण की आवश्यकता लागू नहीं है।
4. पूर्व अवधियों के आंकड़े, जहां कहीं आवश्यक है, उन्हें चालू अवधि वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए, पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किए गए हैं।
5. उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 27 अक्टूबर, 2021 को सम्पन्न उनकी संबंधित बैठकों में किया गया था।

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 27-10-2021

अनिल खेतान
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00759951

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।



राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव NATIONAL TRIBAL DANCE FESTIVAL
रायपुर-छत्तीसगढ़ RAIPUR-CHHATTISGARH
छत्तीसगढ़ में
आदिवासी संस्कृति
संगीत व नृत्य की छटा
तीन दिवसीय
राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव
28 से 30 अक्टूबर, 2021
7 देश | भारत के 27 राज्य एवं 6 केंद्र शासित प्रदेश
के 1000 से ज्यादा कलाकार देंगे अपनी प्रस्तुतियां
युगांडा, नाइजीरिया, उज्बेकिस्तान, स्वाज़ीलैंड, मालदीव, श्रीलंका, फिलिस्तीन और सीरिया की आदिवासी संस्कृति की झलक
दो विधाओं में प्रदर्शन - विवाह संस्कार एवं पारम्परिक विधाएं
हर विधा में
प्रथम पुरस्कार 5 लाख
द्वितीय पुरस्कार 3 लाख
तृतीय पुरस्कार 2 लाख
उद्घाटन कार्यक्रम
प्रात: 11 बजे | 28 अक्टूबर, 2021
साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर
मुख्य अतिथि
श्री हेमंत सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार
अध्यक्षता
श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
अतिविशिष्ट अतिथि
श्री के.सी. वेणुगोपाल, माननीय सांसद, राज्यसभा
श्री पी.एल. पुनिया, माननीय पूर्व सांसद, राज्यसभा
श्री अधीर रंजन चौधरी, माननीय सांसद, लोकसभा
डॉ. चरणदास महंत, माननीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा
श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला, माननीय पूर्व मंत्री, हरियाणा सरकार
श्री बी.के. हरिप्रसाद, माननीय पूर्व सांसद, राज्यसभा
श्री भक्तचरण दास, माननीय पूर्व केन्द्रीय मंत्री
श्री मनोज मंडावी, माननीय उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा
श्री मोहन मरकाम, माननीय विधायक
की गरिमामय उपस्थिति।
आप सादर आमंत्रित हैं
संवाद 30331/24
"छत्तीसगढ़ राज्य की जीवंत संस्कृति में कई जनजातियों का योगदान है, वे हमारी साझी संस्कृति का एक अहम् हिस्सा हैं जिन पर हमें गर्व है। इस आदिवासी नृत्य महोत्सव का उद्देश्य छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों के आदिवासी जीवन की समृद्ध विविधता और सांस्कृतिक विशिष्टता को बढ़ावा देना और दुनिया के सामने प्रदर्शित करना है"
भूपेश बघेल मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ शासन

# बुजुर्गों को रामलला के मुफ्त दर्शन पर मुहर

### मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में दिल्ली कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव को दी मंजूरी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के बुजुर्गों अयोध्या में रामलला के दर्शन मुफ्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई दिल्ली कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा' योजना के तहत बुजुर्गों को अयोध्या ले जाकर रामलला के दर्शन कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

इस अहम निर्णय की जानकारी देते हुए केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने इस योजना को विस्तार देते हुए अब उसमें अयोध्या को भी शामिल कर लिया है। अब तक उन्होंने 35 हजार लोगों को विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा करवा चुके हैं। उनकी कोशिश है कि सभी बुजुर्गों का श्रवण कुमार बनकर उनको रामजन्म भूमि के के दर्शन कराएं। कोकविड-19 महामारी के चलते पिछले डेढ़े साल से यह योजना बंद पड़ी थी लेकिन अब कोरोना की स्थिति में काफी सुधार है। कोशिश है कि अगले एक महीने में तीर्थ यात्रा फिर से चालू हो जाए। सभी लोग तीर्थ यात्रा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

कैबिनेट की बैठक के बाद अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें दिल्ली वालों को बताते हुए खुशी हो रही है कि दिल्ली कैबिनेट की मीटिंग में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना में अयोध्या को भी शामिल कर लिया गया है। अभी तक इस योजना में जगन्नाथपुरी, उज्जैन, शिरडी, अमृतसर, जम्मू, द्वारका, तिरुपति, रामेश्वरम, हरिद्वार, मथुरा और बोधगया स्थान शामिल थे। यानि जो बुजुर्ग अयोध्या में दर्शन करना चाहेंगे, उनको दिल्ली सरकार मुफ्त में रामलला के दर्शन करवा कर लाएगी। उनकी तीर्थ यात्रा का पूरा खर्च सरकार उठाती है। घर से लेकर तीर्थ यात्रा तक जाने और आने का, एसी ट्रेन से लेकर जाया जाता है, वहां पर अच्छे एसी होटल में उनको रुकवाया जाता है, उनको खाने का और उनके स्थानीय यात्रा का पूरा खर्चा दिल्ली सरकार उठाती है। वो बुजुर्ग अगर अपने साथ मदद करने के लिए अपने परिवार के किसी सदस्य को लेकर जाना चाहें, तो उसका भी पूरा खर्चा सरकार उठाती है।

## चार दिनों की होगी अयोध्या यात्रा

जनवरी 2018 को छह तीर्थ स्थलों से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की शुरुआत की थी। बाद में सरकार ने नए तीर्थ स्थलों को इसमें शामिल कर लिया और कुल 12 रूटों पर ट्रेन के जरिए तीर्थ यात्रियों को भेजा जा रहा था। तीर्थ स्थलों की सूची में अयोध्या को भी शामिल करने के बाद यह बढ़कर अब 13 तीर्थ स्थल हो गए हैं। दिल्ली से अयोध्या और अयोध्या से दिल्ली तक की तीर्थ यात्रा चार दिनों की होगी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का लाभ सभी बुजुर्ग उठा सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना होता है। यह आवेदन डिविजन कमिश्नर ऑफिस, क्षेत्रीय विधायक कार्यालय या तीर्थ यात्रा कमिटी के ऑफिर जाकर भी ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। पात्र आवेदकों का ड्रॉ के जरिए चयन होता है और क्षेत्रीय विधायक यह प्रमाण देते हैं कि व्यक्ति दिल्ली का निवासी है।

# यूनानी चिकित्सा पद्धति में उर्दू की अनिवार्यता रहे बरकरार : प्रो. मुश्ताक

नई दिल्ली। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दरियागंज में प्रोफेसर मुश्ताक अहमद की अध्यक्षता में संपन्न हुई है। इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि एसीआईएसएम के तहत यूनानी पद्धति से शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों की उर्दू भाषा की अनिवार्यता बरकरार रहनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिस भाषा में जिस पैथी की क्लासिकल किताबें मौजूद है उसका शैक्षिक माध्यम भी वही होना चाहिए। यूनानी चिकित्सा पद्धति की क्लासिकल किताबों का भंडार बड़े पैमाने पर उर्दू में ही है। इसके जरिए शिक्षा प्राप्त करने में उर्दू की अनिवार्यता को बरकरार रखा जाए। इसके साथ ही नीट के प्रश्न पत्र भी सभी पैथी के अलग-अलग होने चाहिए। बैठक में डॉ सबाहतउल्लाह अमरोही, डॉक्टर अताउल्लाह, डॉक्टर डी आर सिंह, डॉ संजय धींगरा ने भी अपने विचार व्यक्त किए हैं।

# आप ने डेंगू के खिलाफ शुरू किया महाअभियान

### गली और मोहल्लों में सात दिन के भीतर होगी फॉगिंग : भारद्वाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच आम आदमी पार्टी ने बीमारी के खिलाफ सभी विधानसभाओं में फॉगिंग महाभियान चलाया। पार्टी के विधायक, पार्षद और पदाधिकारियों ने इस मुहिम में हिस्सा लिया। बृहस्पतिवार से यह अभियान सभी 272 वार्डों में चलाया जाएगा। आम आदमी पार्टी का दावा है कि हर गली और मोहल्ले में 7 दिन के भीतर फॉगिंग कराई जाएगी।

आप विधायक राघव चड्ढा ने भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम पर निशाना साधते हुए कि एमसीडी की जिम्मेदारी बनती है फॉगिंग कराकर दिल्ली को मच्छर मुक्त करना लेकिन उसने अपने जिम्मेदारियों से मुंह फेर लिया तो यह जिम्मेदारी पार्टी ने अपने कंधों पर ली है। विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में सामान्य रूप से इतनी बारिश नहीं होती है लेकिन इस साल बारिश ज्यादा हुई और एमसीडी ने समय रहते फॉगिंग नहीं की। जिसके कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गए हैं। मलेरिया विभाग घर-घर जाकर लार्वा की जांच करता था और दवाई का छिड़काव करता था। इस बार एमसीडी ने घर-घर जाकर जांच भी नहीं कराई। जिसकी वजह से मच्छर बढ़ गए हैं। आम आदमी पार्टी इस अभियान से सभी को जोड़ रही है। भारद्वाज ने सभी से अपील कर रहे हैं कि सभी मिलकर डेंगू के खिलाफ अभियान चलाएं, वरना बीमारियां और बढ़ सकती हैं। वहीं राघव चड्ढा ने कहा निगम की कानूनी जिम्मेदारी बनती है फॉगिंग कराकर शहर को मच्छर मुक्त करना। लेकिन निगम में भ्रष्टाचार पूरी तरह व्याप्त है।



नई दिल्ली में बुधवार को राजेंद्र नगर में डेंगू का प्रसार रोकने के लिए फागिंग करते विधायक राघव चड्ढा। फोटो : रंजन डिमरी

# महंगाई ने किया त्योहारों का मजा किरकिरा

### डीजल-पेट्रोल और खाद्य तेलों की बढ़ी कीमतों का असर आम आदमी के जेब पर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में कोविड सुरक्षा और ईंधन एवं आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से लोगों के घर के बजट पर असर पड़ा है और इसी कारण से त्योहार में लोगों के खरीदारी के फैसले को प्रभावित कर रहा है।

आम जनता के मुद्दों पर चर्चा करने वाले सामुदायिक सोशल मीडिया मंच द मूड ऑफ द कन्ज्यूमर सर्वे बाई लोकल सर्किल्स के सर्वेक्षण में सामने आया है कि इस साल त्योहारी मौसम की खरीदारी में दिल्ली के 31 फीसदी उपभोक्ताओं के लिए बजट और मूल्य शीर्ष मानदंड है,

**● महंगाई ने बिगाड़ा आम जनता का बजट**

जबकि 37 फीसदी के लिए सुरक्षा, 11 फीसदी के लिए चयन या श्रेणी निर्णायक कारक हैं। 21 फीसदी के लिए सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सर्वेक्षण में ऐसे परिवारों की संख्या में बढ़ोतरी नजर आई जिन्होंने मई में त्योहार की खरीदारी की योजना बनाई थी। कोविड की स्थिति में सुधार होने से मई के 30 फीसदी की तुलना में सितंबर में यह आंकड़ा 60 फीसदी हो गया। सर्वेक्षण में कहा गया है, पेट्रोल, डीजल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों का असर घरेलू बजट पर पड़ रहा है।

सर्वेक्षण में दिल्ली में स्थित 16,000 से अधिक घरों से 40,000 से अधिक प्रतिक्रियाएं मिलीं, जिनमें से 65 फीसदी उत्तरदाता पुरुष थे जबकि 35 फीसदी महिलाएं थीं। इन लोगों से इस साल त्योहार पर खरीदारी के बारे में पूछा गया। जिसमें से 38 फीसदी लोगों ने कहा कि वे इस त्योहारी मौसम में अधिकतर आवश्यक वस्तुओं को दुकानों से बाजार में जाकर खरीदना चाहेंगे। अन्य 12 फीसदी ने कहा कि वे दुकानों से ऑनलाइन सामान खरीदना चाहते हैं।

# ड्यूटी के दौरान झुलसे अग्निशमन कर्मी की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नरेला में एक फैक्ट्री में आग बुझाने के दौरान झुलसे 31 वर्षीय अग्निशमन कर्मी की बुधवार को दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृतक प्रवीण कुमार हरियाणा के रोहतक जिले के पाकसमा गांव के निवासी थे और डीएसआईआईडीसी नरेला (भोरगढ़) अग्निशमन स्टेशन में तैनात थे।

बाहरी दिल्ली के नरेला में एक फैक्ट्री में लगी आग को बुझाने के दौरान वह झुलस गए थे। 10 जून, 2019 को बुनियादी प्रशिक्षण पूरा करने के बाद वह दिल्ली अग्निशमन सेवा से जुड़े थे। कुमार को विभाग के अधिकारियों ने बेहतरीन और उन्नत दमकल कर्मी बताया है।

अधिकारियों ने बताया कि नौ अक्टूबर को एक अग्निशमन अभियान के दौरान विस्फोट की वजह से इमारत के गिरने की घटना में वह और तीन अन्य दमकलकर्मी घायल हो गए। विभाग के अनुसार बाहरी दिल्ली के नरेला औद्योगिक इलाके में सुबह सात बजकर 15 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी जिसके बाद दमकल के 33 वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया था।

# अफगानिस्तान में फंसे भारतीयों की जानकारी की प्रमाणिकता पर सवाल

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक याचिकाकर्ता से पूछा कि उसे उन भारतीयों का ब्योरा कैसे मिला जिनके अफगानिस्तान में फंसे होने तथा जिन्हें तालिबान से जान का खतरा होने का दावा किया जा रहा है।

उच्च न्यायालय ने संबंधित प्राधिकारियों को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता ने जो बातें कहीं हैं, उन पर फैसला किया जाए। याचिकाकर्ता के वकील ने जब यह कहा कि वह अफगानिस्तान में फंसे हुए भारतीयों से लगातार संपर्क में हैं तो मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने कहा, हमेंइस तथ्य को लेकर संदेह है।

# रामदेव और बालकृष्ण को हाईकोर्ट ने जारी किया समन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने योगगुरु रामदेव को एलोपैथी के खिलाफ कथित रूप से गलत जानकारी फैलाने के मामले में कई चिकित्सक संगठनों द्वारा दाखिल मुकदमे में बुधवार को समन जारी किया।

न्यायमूर्ति सी हरिशंकर ने रामदेव को वाद पर जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह रामदेव के खिलाफ वाद में आरोपों के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं कर रहे और किसी प्रकार की राहत देने के बारे में बाद में विचार किया जाएगा।

**● चिकित्सक संगठनों द्वारा दाखिल मुकदमे में चल रही है सुनवाई**

न्यायमूर्ति ने रामदेव के वकील से कहा, मैंने वीडियो क्लिप (रामदेव के) देखे हैं। क्लिप देखकर लगता है कि आपके मुवक्किल एलोपैथी उपचार प्रोटोकॉल पर उपहास कर रहे हैं। उन्होंने लोगों को स्टेरॉइड की सलाह देने और अस्पताल जाने वाले लोगों तक का उपहास उड़ाया है। क्लिप देखकर यह निश्चित रूप से वाद दर्ज करने का मामला है।

## संक्षिप्त समाचार



दिल्ली फायर सर्विस के शहीद जवान के परिजनों से मिलकर सांत्वना देते स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन।

### शहीद जवान के परिवार से मिले स्वास्थ्य मंत्री

नई दिल्ली। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बुधवार को दिल्ली फायर सर्विस के शहीद जवान स्वर्गीय प्रवीण कुमार के परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली सरकार की ओर से शहीद जवान के परिवार को एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि देने का ऐलान किया। जैन ने कहा प्रवीण दमकल विभाग के एक वीर एवं बहादुर सिपाही थे। दिल्ली सरकार इस दुखद स्थिति में शहीद के परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। दिल्ली सरकार उनके परिवार को 1 करोड़ की सम्मान राशि देगी। प्रवीण डीएसआईआईडीसी नरेला फायर स्टेशन में तैनात थे।



दक्षिण पूर्व जिले की पहली महिला चौकी इंचार्ज बनी सीमा। श्रीनिवासपुरी चौकी की जिम्मेदारी संभालेंगी।

### आप पार्षद शाइस्ता कांग्रेस में हुई शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में श्रीराम कालोनी वार्ड 64-ई से आम आदमी पार्टी की निगम पार्षद साहिस्ता को कांग्रेस परिवार में शामिल करके उनका स्वागत करते हुए कहा कि अरविन्द केजरीवाल की निरंकुशता के चलते आप पार्टी में किसी को भी अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है। साहिस्ता के साथ सैंकड़ों साथी कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस का हाथ थाम लिया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अली मेंहदी, बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कैलाश जैन, जिला कोऑर्डिनेटर हर्ष चौधरी भी मौजूद थे। मंच का संचालन परवेज आलम ने किया। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वालों में करावल नगर विधानसभा से जुल्फकार अली उर्फ बब्लो पहलवान, आप पार्टी अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष, करावल नगर विधानसभा उपाध्यक्ष मेंहदी प्रधान, हाजी पप्पू, आप पार्टी के विधानसभा उपाध्यक्ष अबरार भाई चौ. इस्लाम, जाकिर, नौशाद समेत सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मंत्री ने रेड लाइट पर लोगों को किया जागरूक

नई दिल्ली। वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए शुरू किए गए रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान के तहत खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने दरियागंज चौराहे पर जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया और चालकों को लाल बत्ती पर अपने वाहन बंद करने की अपील की। हुसैन ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अभियान का समर्थन करने वाले लोग अपने साथियों, दोस्तों और परिचितों को जागरूक करके इससे जुड़ें और उन्हें प्रदूषण को कम करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए रेड लाइट पर ट्रैफिक सिग्नल का इंतजार करते हुए अपने वाहन बंद करने के लिए प्रेरित करें।

# सड़कों से अवरोधक हटाने के मामले में पुलिस से मांगा जवाब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी की सड़कों से अनावश्यक और खतरनाक अवरोधक हटाने की मांग करने वाली एक याचिका पर बुधवार को केंद्र और दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा।

मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने केंद्र और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किए। इस मामले में केंद्र और दिल्ली पुलिस को 24 नवंबर से पहले अपने जवाब दाखिल करने हैं। अदालत ने इस मामले को 24 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। केंद्र सरकार के वकील अजय दिगपॉल ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने

**● हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से 24 नवंबर तक का दिया समय**

अवरोधक लगा रखे हैं। जन सेवा वेलफेयर सोसाइटी की याचिका में कहा गया है कि राजधानी की सड़कों पर और आवासीय कॉलोनियों में मोबाइल पुलिस अवरोधकों को बेतरतीब और गलत तरीके से लगाया जाना दिल्ली पुलिस के दिशानिर्देशों का घोर उल्लंघन है।

# नई शराब की दुकानों के खिलाफ जताया कड़ा विरोध

### केजरीवाल की नई उपलब्धि पंजाब नशा मुक्त और दिल्ली शराब युक्त : योगिता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार की नई आबकारी नीति के अंतर्गत खोले जाने वाली नई शराब की दुकानों के खिलाफ प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा ने कड़ा विरोध जताया है। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि दिल्ली में शराब की नई दुकानें खुलने पर भाजपा महिला मोर्चा विरोध प्रदर्शन करेगी।

रामवीर सिंह बिधूड़ी और प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष योगिता सिंह ने प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता में पत्रकारों से कहा कि हमने जब विधानसभा में नई शराब नीति का विरोध किया था, लेकिन इसके समर्थन में केजरीवाल सरकार ने कहा था कि इससे आसानी और सुगम तरीके से सभी के लिए शराब उपलब्ध हो सकेगी। रामवीर सिंह बिधूड़ीने कहा कि दिल्ली में इस वक्त करीब 500 एक्टिव ठेके हैं जिन्हें ब ?ढ़ाकर करीब 850 कर दिया गया है जो यह बताता है कि सरकार दिल्ली को शराब की नगर बनाने पर उतारू है। पहले रात 11 बजे तक ही शराब की दुकाने खोली जाती थी लेकिन नई शराब नीति के कारण अब यह रात को 3 बजे तक खोली जाएगी।

उन्होंने कहा कि नई शराब नीति लागू करके दिल्ली सरकार सिर्फ अपनी तिजोरी भरना चाहती है और दिल्ली को सिर्फ शराब की कमाई से चलाना चाहती है जिसे भाजपा हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगी। दिल्ली के किसी भी इलाके में अगर शराब की नई दुकान खोले जाने पर भाजपा विधायक इसका पुरजोर विरोध करेंगे। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि शराब की सारी बिक्री और उसके अधिकार अब प्राइवेट हाथों में सौंप दिया है।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि नई शराब की दुकानें नई सिरे से आवंटित किया जा रहा है जिसमें ज्यादातर ठेकेदार या तो आम आदमी पार्टी के नेता हैं या कार्यकर्ता। जिसका सीधा मतलब है कि दिल्ली के युवाओं को नशे में झोंककर केजरीवाल सरकार खुद की जेब भरना चाहती है अपनी पार्टी का रेवेन्यू बढ़ाना चाहती है ताकि दूसरे राज्यों में इन्हीं पैसों का उपयोग चुनावों में कर सके।




प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी।

# डीडीए सुनवाई बोर्ड की बैठक में आए 14 सुझाव

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण की दिल्ली मास्टर प्लान 2041 के मसौदे के मुद्दे पर बुधवार को चौथी बैठक हुई है। इस सुनवाई बैठक में 1400 से अधिक प्रतिनिधियों ने डीडीए बोर्ड के समक्ष अपनी आपत्ति, सुझाव ऑन लाइन दिए। इस दौरान, विरासत, संस्कृति, सार्वजनिक स्थान, लैंड पूलिंग नीति, ट्रांजिट ओरिएंटिड डेवलपमेंट (पारगमन उन्मुख विकास), हरित विकास क्षेत्र, पुनर्सृजन नीति, योजना निगरानी और रूपरेखा, मिश्रित उपयोग सड़कों, सुविधा बाजार केंद्र और स्थानीय बाजार केंद्र के विकास से संबंधित मुद्दे आदि से संबंधित मुद्दों को सुना गया।

# मॉडलटाउन पहुंची भाजपा की झुग्गी सम्मान यात्रा

### बिजली पानी माफिया से बचाने का काम करेगी पार्टी : आदेश गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता की झुग्गी सम्मान यात्रा बुधवार को मॉडल टाउन विधानसभा के सिगरेट वाला बाग, कबीर नगर, संगम पार्क एवं लाल बाग स्थित झुग्गी बस्तियों में पहुंची जहां स्थानीय नागरिकों ने चांदनी चौक जिलाध्यक्ष विकेश सेठी के साथ यात्रा का भव्य स्वागत कर आदेश गुप्ता से अपनी समस्याओं पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष ने समस्याओं के अध्ययन एवं समाधान का काम विकेश सेठी को सौंपा।

केन्द्रीय मंत्री डा. अश्वनी चौबे ने गुजरांवाला टाउन के समीप सिगरेट वाला बाग में एकत्र जनसमूह को संबोधित कर आज की यात्रा को प्रारम्भ करवाया।

प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल ने बताया की आज की यात्रा में आयोजित सभा में 47 परिवारों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिये गये और लगभग 500 वरिष्ठ नागरिक महिला पुरुषों को साड़ियां एवं सम्मान पत्र भेंट किये गये।

आज की यात्रा में प्रदेश भाजपा महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष अशोक गोयल, निगम पार्षद जोगी राम जैन एवं सीमा गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर, अनुजा कपूर एवं बृजेश राय, चांदनी चौक जिलाध्यक्ष विकेश सेठी, प्रभारी राजकुमार ग्रोवर, उपाध्यक्ष राज खारी, महामंत्री प्रवीण जैन सहित सभी आपेक्षित कार्यकर्ता सम्मलित हुए।

आदेश गुप्ता ने स्थानीय लोगों से अपने संवाद में कहा की झुग्गी वासियों को बिजली पानी माफिया से बचाने, राशन कार्ड एवं स्वस्थ वातावरण देने के साथ ही दिल्ली भाजपा झुग्गी वासी महिलाओं के उत्तम स्वास्थ एवं स्वच्छता निश्चित करने के काम करेगी।



बुधवार को तिब्बिया कॉलेज में 100 बेड के अस्पताल का शिलान्यास करते स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन।

# तिब्बिया कॉलेज के पुनर्विकास के लिए काम करेगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बुधवार को दिल्ली सरकार द्वारा बनाए जा रहे 100 बेड के मेक-शिफ्ट अस्पताल का शिलान्यास आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज और अस्पताल में किया। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि इस अस्पताल में 17 आईसीयू बेड और 83 ऑक्सीजन बेड बनाए जाएंगे। मेक-शिफ्ट अस्पताल कोरोना के विरुद्ध हमारी इस लड़ाई में काफी कारगर साबित होगा। जल्द ही अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज और अस्पताल किसी अमृत कलश से कम नहीं है। उन्होंने तिब्बिया कॉलेज को अत्याधुनिक विश्व स्तरीय संस्थान बनाने और

**● अस्पताल में बनेंगे 17 आईसीयू और 83 ऑक्सीजन बेड**

उसके पुनर्विकास का खाका तैयार करने की भी घोषणा की। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि 100 बेड का मेक-शिफ्ट हॉस्पिटल के इसी परिसर में तैयार किया जाएगा। इसमें 17 आईसीयू बेड और 83 ऑक्सीजन बेड का वार्ड शामिल है। इसे अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से बनाया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष विभाग ने प्रिवेंटिव स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में पूरी दुनिया को आकर्षित किया है। इस कठिन समय में हमारी अपनी भारतीय चिकित्सा पद्धति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## पटाखे नहीं, दिया जलाओ अभियान

# आतिशबाजी की खरीद-बिक्री, जलाने की जानकारी पुलिस को दें

**● पर्यावरण मंत्री ने दिये जलाकर की अभियान की शुरुआत**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार दीवाली पर होने वाले प्रदूषण को कम करने की लगातार कोशिश कर रही है। वह यहां की आबोहवा दुरुस्त रखने के मकसद से कई कार्यक्रम चला है। इस कड़ी में उसने पटाखे नहीं दिया जलाओ अभियान शुरू किया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को सिविल लाइंस राज निवास मार्ग स्थित अपने आवास पर दिये जलाकर इस अभियान का आगाज किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि पटाखे नहीं, दिया जलाओ अभियान का उद्देश्य पटाखों को जलाने से लोगों को रोकना है। साथ ही लोगों को दिवाली, दिए के साथ मनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। जब उन्होंने दिवाली मनाना शुरू किया था उस समय पटाखे नहीं थे। उस वक्त दिया जलाकर धूमधाम से दिवाली मनाई जाती थी। गोपाल राय ने कहा कि दिवाली के आसपास पड़ोसी राज्यों में जलाई जाने वाली पराली का धुआं दिल्ली आता है। उसी दौरान पटाखों भी जलते हैं। उससे दिल्ली की हवा और भी जहरीली हो जाती है। इससे बुजुर्गों और बच्चों का सांस लेना मुश्किल हो जाता है। ऐसे समय में सरकार प्रदूषण को रोकने के लिए लगातार काम कर रही है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि कहीं भी पटाखे की खरीद-बिक्री या जलाने की घटना सामने आती है तो पुलिस को 112 नंबर पर कॉल करके सूचना दे सकते हैं। जिसके आधार पर पुलिस रोकने के लिए कार्रवाई करेगी।



1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी:


# ...तब बड़े भूखे रहे और बच्चों ने दो समय में आधी रोटी खाकर किया गुजारा

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**बंटवारे के समय की दास्तां बता रहे हैं विजय कुमार मेहता**

**बंटवारे** के समय व पहले की दास्तां कहते हुए विजय कुमार मेहता बताते हैं कि क्वेटा में जहां वे रहते थे, लगभग 25 मकानों का एक सेक्टर था। उनका मकान मेन सड़क पर था। 14 अगस्त 1947 रात को आतंकी बलूचों ने उनके घर के सामने दंगा करना शुरू कर दिया। सेक्टर के लोगों ने मिलकर उनका डटकर मुकाबला किया।

विजय कुमार मेहता का विभाजन से पूर्व निवास स्थान गांव मंगरोठा तहसील तौंसा शरीफ जिला डेरा गाजी खान पाकिस्तान था। विभाजन से पूर्व उनके बड़े भाई मिलिट्री में अकाउंटेंट पद क्वेटा बलूचिस्तान में कार्यरत थे। उनके बड़े भाई जून 1947 में हमें क्वेटा बलूचिस्तान ले गये। पिताजी और दादा जी तथा परिवार मंगरोठा में रह रहे थे। 15 अगस्त 1947 की सुबह काल सभी सो रहे थे। लगभग 25-30 पठान बंदूकों, कुल्हाडियों तथा पेट्रोल की बोतलों के साथ आये। सबसे पहले हमारे मुख्य द्वार पर पेट्रोल छिड़का फिर कुल्हाडियों से तोड़ा और बंदूकों से फायर करना शुरू कर दिया। विजय कुमार मेहता के मुताबिक वे जिस हालत में थे, उठकर छत की ओर भागे।


विजय कुमार मेहता।

पीछे गोलियां मकान के पिछवाड़े वाले पड़ोसियों ने अपने घरों की चारपाइयों को सहन में डालकर उस पर घर के बिस्तर डाल दिए। छत से कूद कर सब ने जान बचाई। वहां से गोलियों की बौछार से बचते हुए सड़क पर एक सेठ के तहखाने में पहुंचे। वहां पर 60-70 लोग थे। वहां पर 10 दिन रहना पड़ा। राशन समाप्त होने पर बड़ों ने भूखा रह कर बच्चों को दिन में दो बार आधी-2 रोटी का टुकड़ा दिया। बाद में हिन्दू मिलिट्री उन सबको रेलवे स्टेशन पर ले गयी। गाड़ी की खिड़कियां बंद करके फट्टों के नीचे छुप कर जान बचाई। जब गाड़ी हैदराबाद स्टेशन पर पहुंची तो स्टेशन पर मुसलमानों ने कत्लेआम शुरू कर दिया।

## दिल्ली पहुंचे तो ट्रेन में बम फट गया

**ट्रेन** दिल्ली पहुंची तो वहां बम फट गया। बचते-बचाते कर्फ्यू में लाजपत राय मार्किट (लाल किले के सामने) एक कैंप में पहुंचे। वहां से 5 दिन बाद हमें पटना की गाड़ी में भेज दिया गया। पटना में उन्हें फुलवारी कैंप जेल की बैरकों में रखा गया, जहां नेहरू, गांधी आदि नेताओं को भी रखा गया था। विजय कुमार मेहता बताते हैं कि उनके दादाजी और बाकी परिवार 2-3 महीने बाद मिल पाए। अनेक प्रयासों के बाद उनके भाई को दानापुर के मिलिट्री कार्यालय में अकाउंटेंट के पद पर नौकरी मिली। उनको हैदराबाद जाने के आदेश हुए। हैदराबाद की त्रासदी को हम अभी तक नहीं भूले थे। इसलिए उनके भाई ने हैदराबाद जाने से इंकार कर दिया। फुलवारी से सीधे गुरुग्राम आ गये। कठिनाइयां यहां भी कम नहीं थी। जीवन की जद्दोजहद बहुत ज्यादा थी। फिर भी मेहनत के दम पर सब कुछ किया और आज सुखी जीवन यापन कर रहे हैं।

## वृद्ध महिला को बेटे, बहु और पौतों ने पीटा

**सोहना।** भोंडसी थाना का गांव गढ़ी बाजीदपुर में 62 वर्षीय वृद्ध महिला को बेटे समेत दो पुत्र वधु और दो पौतों ने सरेआम बीच रास्ता में लात-घूसे से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। पिटाई के दौरान महिला का एक दांत टूट गया। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गढ़ी बाजीदपुर निवासी 62 वर्षीय महिला रामकला पत्नी कृष्ण कुमार ने पुलिस को बताया कि सोमवार सुबह 11 बजे वह अपने घर से निकलकर पड़ोस में जा रही थी। उसके बेटे नरेन्द्र, नरेन्द्र की पत्नी रोशनी, पौता विशु, सोनू पुत्रान राजेन्द्र और राजेन्द्र की पत्नी मुन्नी ने मार-पीट कर दिया। पड़ोसियों को देख जान से मार देने की धमकी देकर भाग गए।

मैं मिट्टी हूं...देख ले मेरी तरफ भी एक बार-तेरे कुछ तो काम आऊंगी

# आधुनिकता से पौराणिकता की ओर उपभोक्ताओं के बढ़ रहे कदम

**मिट्टी में है मैजिक, इसलिए मिट्टी से बने बर्तनों की बढ़ी मांग**

**चिकित्सक भी मिट्टी के बर्तनों में खाने को बता रहे लाभकारी**

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**मैं मिट्टी** हूं...एक दिन मिट्टी में ही मिल जाऊंगी, देख ले मेरी तरफ भी एक बार-तेरे कुछ तो काम आऊंगी। यह बात सही है। मिट्टी हमारे बहुत काम आती है। अब समय आ गया है मिट्टी का मोल समझने का और मिट्टी को उसका खोया स्वरूप लौटाने का। इसमें कोई दोराय नहीं कि मिट्टी में मैजिक यानी जादू है। मिट्टी में आज भी बहुत से ऐसे तत्व हैं जो कि हमारे शरीर में लगी चोटों को ठीक कर देते हैं। पुराने वैद्य आज भी घावों को ठीक करने के लिए मिट्टी का लेप आदि करने में ही विश्वास रखते हैं।

अब एक बार फिर से मिट्टी के प्रति क्रेज बढ़ रहा है। मिट्टी में 26 पोषक तत्व होते हैं, जो कि हमारे शरीर के लिए काफी लाभदायक होते हैं। इसलिए लोग अपनी सेहत के प्रति सजग होते जा रहे हैं। क्योंकि बीमारियों की खान बन चुके शरीर को अब मिट्टी से मिलने वाले तत्वों की सख्त जरूरत है। इसलिए अब पौराणिक समय की तर्ज पर मिट्टी के बर्तनों का निर्माण जोरों पर किया जा रहा है। क्योंकि इसकी मांग बढ़ रही है। ये बर्तन लोगों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। खास बात यह है कि इनमें किसी तरह का कोई जोड़ नहीं है। एक ही सांचे में ढालकर मिट्टी के पूरे बर्तन को बनाया गया है।


मिट्टी से बनाए गए अलग-अलग प्रकार के बर्तन।

## मिट्टी से बने सभी बर्तन उपलब्ध : बागोरिया



**गुरुगाम** जिला के गढ़ी-हरसरू गांव में मिट्टी मैजिक शो के नाम से मिट्टी से बने उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री करने वाले हितेश बागोरिया, रवि प्रजापति बताते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वदेश में बनी वस्तुओं (मेड इन इंडिया) को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। उनके इस आह्वान पर आज मिट्टी की किस्मत भी जागी है। गुरुग्राम से देशभर में मिट्टी के उत्पादों की सप्लाई होती है। ऑनलाइन/ऑफलाइन दोनों मोड में बिक्री हो रही है।

## डायनिंग टेबल की शोभा बन रहे हैं ये बर्तन : रवि



**मिट्टी** के उत्पादों के बारे में विक्रेता रवि प्रजापति बताते हैं कि डायनिंग टेबल की शोभा अब मिट्टी के बर्तन बन रहे हैं। रसोई में खाना बनाने से लेकर डायनिंग टेबल पर खाना परोसने तक के सारे बर्तन आज मिट्टी से बनने लगे हैं। खास बात यह है कि इनमें किसी तरह की कोई मिलावट नहीं है। शुद्ध मिट्टी से ये बर्तन बनाए गए हैं। उनके यहां मिट्टी से बने कुकर, दाल हांडी, देगची, फ्राई पेन, तवा, रोटी केस, कप, मग, गिलास, पानी की बोतल, सूप बाउल, छोटी-बड़ी चम्मच, केतली समेत अनेक प्रोडक्ट उपलब्ध हैं।

## मिट्टी के बर्तन में रखा पानी होता है फायदेमंद : डॉ. आर्य



**आयुर्वेदाचार्य** डॉ. सुनील आर्य का कहना है कि मिट्टी के बर्तनों का उपयोग हमारे शरीर के लिए बहुत ही लाभकारी है, बशर्तें उनके निर्माण में किसी तरह की मिलावट न की गई है। वे कहते हैं कि आरओ से अलग होकर निकले तत्वविहीन पानी को अगर मिट्टी के बर्तन में रख दिया जाए तो उसके तत्व (मिनरल्स) वापस आ जाते हैं। अगर कोई खाने से जुड़े सभी बर्तनों का मिट्टी वाले बर्तनों का उपयोग करे तो उनकी बीमारियां तक खत्म हो सकती हैं।

## हम मिट्टी के महत्व को भूल गए : डॉ. राम सिंह



**इतिहास** के जानकार प्रो. राम सिंह कहते हैं कि हम मिट्टी के महत्व को भूल गये थे। नई तकनीक से मैटल के बने बर्तनों की तरफ झुकाव हो गया। जो कि अंत में सेहत और वातावरण के लिए हानिकारक साबित हुए। मिट्टी के बर्तनों के फायदे अनेक हैं और नुकसान कुछ भी नहीं है। मिट्टी के बर्तन हमारी पुरानी जीवन पद्धति है। मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल समाज के गरीब परिवारों को रोजगार देता है। प्रो. सिंह के मुताबिक मिट्टी के खिलौने, मूर्तियां भी बच्चों, बड़ों के लिए सुरक्षित हैं। पहले दीपावली पर घी से मिट्टी के दीये जलाए जाते थे। वे वातावरण को भी शुद्ध करते थे। अब दीये भी प्लास्टिक व अन्य सामग्री से बने हुए आ गये हैं, जो नुकसानदायक हैं।

## गुजरात तक मिट्टी के बर्तनों की धूम : करण सिंह



**हरियाणा** माटी कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन करण सिंह रानोलिया कहते हैं कि पूर्व में सरकार ने हर गांव में सर्वे कराया था। इसके बाद मिट्टी निकालने व आवा लगाने के लिए जगह दे दी गई। उन्होंने बताया कि गुजरात में एक व्यक्ति ने मिट्टी के फ्रिज का निर्माण किया है, तो वहीं झज्जर में मिट्टी से वाटर प्यूरिफायर तैयार किया है। यह कला और तकनीक का बड़ा उदाहरण है।

# ताला बंद मकान में अज्ञात लोगों ने लगाई आग


रात के समय में घर में लगी आग में बचाया गया अधजला घरेलू सामान।

**घरेलू सामान जलकर हुआ राख**

**सोहना।** शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक के निकट रेडीमेड कपड़ा दुकानदार के ताला बंद मकान में घुसे अज्ञात लोग रसोई सहित चार कमरों में आग लगाकर फरार हो गए। अग्निशमन की गाड़ियों से आग पर करीब एक से डेढ़ घंटे में काबू पाया गया। मकान में 90 फीसदी सामान जलकर राख हो गया।

मंगलवार-बुधवार मध्यरात्रि शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक के निकट पिछले 20 दिन से ताला बंद मकान की दीवार चढ़कर अंदर घुसे चोरों ने मुख्य द्वार को छोड़ चार कमरे, रसोई, मूमटी पर लगे तालों को एक-एक करके तोड़ा। मकान से बाहर जाने से पहले प्रत्येक कमरे में रखे सामान को आग के हवले कर गए। बंद मकान से देर रात धुआ निकलता देख पड़ोसियों ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। उसके बाद दुकानदार नरेश पुत्र रमनलाल के भतीते संजय को फोन करके बताया। जब तक अग्निशन की गाड़ी मौके पर पहुंचती तब तक आग विराट रूप ले चुकी थी। मकान का कोई एक ऐसा कोना तक नहीं बचा था। जहां पर आग न लगी हो। जिसके चलते दकमल कर्मियों को आग पर काबू पाने में एक से डेढ़ घंटे का समय लगा। जानकारी के अनुसार मकान मालिक नरेश अपने परिवार के सभी सदस्यों को लेकर करीब 15 दिन पहले शहर से बाहर गया था। जिसके खिलाफ छोटा बेटा के ससुराल पक्ष की तरफ से जिला नूंह में मामला दर्ज है।

### पहले से दी थी धमकी

**मकान** मालिक नरेश के भतीजे संजय ने बताया कि उसके चचेरे भाई के ससुर ने करीब एक माह पहले आत्महत्या कर ली थी। जिसके कारण नूंह निवासी बेटे के ससुराल पक्ष के लोगों ने चाचा और उसके सभी सदस्यों को जान से मारने और बरबाद करने की धमकी दी गई थी।

### रंजिश का मामला

**सिटी** चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि मकान में आग की जांच कर रही है। यह आग रंजिश के कारण लगाया जाना हो सकता है। क्योंकि मकान मालिक व उसके सभी परिजनों के खिलाफ नूंह थाना में 306 के तहत मामला दर्ज है।

## हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या पर केओडी में महोत्सव

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित किंगडम ऑफ ड्रीम्स में 31 अक्टूबर की शाम को हरियाणा दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या में हरियाणवी सांस्कृतिक विधा के साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित कई अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# संक्षिप्त-समाचार

## योग और फैशन शो होंगे सीता उत्सव के पहले दिन के आकर्षण



**गुरुग्राम।** एनसीआर मीडिया क्लब, ट्रम्पिंग स्टार्स फिल्म एंड मीडिया कॉम्पलेक्स, इंडियन प्रेस वेल्फेयर ट्रस्ट और इंडियन टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में 29, 30 और 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले सीता उत्सव में पहले दिन योग, फैशन शो और टेलेंट हंट आकर्षण का केंद्र रहेंगे। सीता उत्सव गुरुग्राम के हीरो होंडा चौक के पास बहरामपुर रोड के कट पर स्थित ट्रम्पिंग स्टार्स फिल्म एंड मीडिया कॉम्पलेक्स में रोजाना सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक तीन दिन तक चलेगा। यह जानकारी एनसीआर मीडिया क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा और ट्रम्पिंग स्टार्स फिल्म एंड मीडिया कॉम्पलेक्स के डायरेक्टर सारथी गुप्ता ने संयुक्त रूप से दी। आयोजन के पहले दिन अंतरराष्ट्रीय योग खिलाड़ी सृष्टि दहिया के हैरतअंगेज योगासन आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। उन्होंने बताया कि योग परफोर्मेंस देने आने वाली सृष्टि की इस समय उम्र अभी मात्र 14 साल ही है। उसने वर्ष 2018 में आठवीं एशियन योग चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता। इस साल 2021 में उसने 45वीं नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। इसके अलावा सत्यम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंज नोएडा के विद्यार्थी प्रोग्राम हेड प्रियंका सरकार के नेतृत्व में फैशन शो और टेलेंट हंट में अपने जोहर दिखाएंगे। वहीं सरिता चौधरी के नेतृत्व में एडुब्रेन एकेडमी का फैशन शो माया भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। दिल्ली डायस क्लब द्वारा टेलेंट हंट शो और स्टैंड अप कॉमेडी भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। अंधेरा घिरते ही डीजे नाईट शुरू हो जायेगी। सबसे बड़ी बात यह रहेगी कि इन सभी कार्यक्रमों में केवल लडकियां और महिलाएं ही हिस्सा ले सकती हैं। पुरुष केवल दर्शक के रूप में ही भाग ले सकते हैं।

## सरकार ने सात साल में किए ऐतिहासिक काम : सुधीर



**गुरुग्राम।** देश-दुनिया में पिछले दो साल से भले ही कोरोना महामारी रही हो, इसके बावजूद हरियाणा में विकास की कई परियोजनाएं शुरू की गई और कई योजनाएं जनता को समर्पित की गई। हर क्षेत्र में सरकार ने कीर्तिमान स्थापित किये हैं। यह जानकारी गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने हरियाणा में मनोहर सरकार के दो साल पूरे होने पर दी। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि चाहे किसानों के कल्याण की बात हो या महिला एवं बाल विकास की, चाहे स्वास्थ्य की बात हो या फिर परिवहन सुविधाओं की, चाहे पुलिस सुरक्षा की बात हो या फिर उद्योगों की, चाहे गरीबों के कल्याण की बात हो या फिर जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की। गुरुग्राम समेत पूरे प्रदेश में सरकार ने हर विषय पर काम किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में गरीबों को 1200 करोड़ का पैकेज, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना में 6 लाख 23 हजार 108 परिवारों को 4000 रुपये की सहायता राशि दी गई। इसके तहत 211.62 करोड़ रुपये खर्च किये गये। वहीं 69 हजार असंगठित मजदूरों को 1000 रुपये सप्ताह के हिसाब से 34.74 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। अंतोदय अन्न योजना के तहत 154 करोड़ रुपये का राशन दिया गया। बीपीएल व अन्य गरीब परिवारों को अलग से सहायता दी गई। ओल्ड ऐज सम्मान स्कीम के तहत 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को 2500 रुपये मासिक जनवरी 2020 से देना शुरू किया गया। इसी तरह विधवा महिलाओं को भी 2500 रुपये पेंशन, दिव्यांगों को 2250 रुपये मासिक पेंशन समेत कई अन्य पेंशन योजनाओं में बढ़ोतरी की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने वाला पहला राज्य : शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने कई अहम निर्णय लिए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2019 को लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बना है। इसके साथ ही एचटेट सर्टिफिकेट की समय सीमा 5 साल से बढ़ाकर 7 साल की गई। नौवीं से बारहवीं कक्षा की छात्राओं के लिए छात्र परिवहन सुरक्षा योजना की शुरुआत की गई। कोरोना महामारी में विद्यार्थियों को घर बैठे मिड-डे मील उपलब्ध कराया गया। चिकित्सा के क्षेत्र में सरकार ने कोरोना महामारी में भी बेहतर प्रबंधन करके प्रदेशवसियों को सुविधाएं दी गई। किसानों को भी दिया गया लाभ : कोरोना महामारी के दौर में किसानों को फसल ऋण पर ब्याज दर पर 4 प्रतिशत की छूट दी गई। किसानों की सुविधा के लिए 2000 गेहूं और 400 सरसों खरीद केंद्र स्थापित किये गये। धान पैदा करने वाले क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए मेरा पानी मेरी विरासत योजना शुरू की गई, इसके तहत किसानों को प्रति एकड़ 7000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

## महिलाएं आज रखेंगी अहोई अष्टमी का व्रत

**गुरुग्राम।** संतान की दीर्घायु के लिए रखा जाने वाला अहोई अष्टमी का व्रत गुरुवार को महिलाओं द्वारा रखा जाएगा। कार्तिक कृष्ण अष्टमी को मां पार्वती की अहोई स्वरूप पूजा की जाती है। यह व्रत करवाचौथ के चार दिन बाद रखा जाता है। इस दिन माताएं पूरे दिन जल ग्रहण नहीं करती हैं और आकाश में तारों को देखने के बाद उपवास संपन्न करती हैं। संतान की लंबी आयु की कामना कर तारों की पूजा होती है। यह व्रत संतान प्राप्ति के लिए सर्वोत्तम माना गया है। अहोई अष्टमी के दिन विधि विधान से मां पार्वती, शिवजी, श्रीगणेश और कार्तिकेय की उपासना की जाती है। अहोई माता और भगवान शिव को दूध-भात का भोग लगाया जाता है। इस दिन घर में बनाए गए भोजन का आधा हिस्सा गाय को खिलाते हैं। अहोई अष्टमी की पूजा का विधान अहोई अष्टमी पर सूर्योदय से पूर्व स्नान कर देवी का स्मरण कर व्रत संकल्प लें। इसके बाद अहोई माता की पूजा के लिए दीवार या कागज पर गेरू से अहोई माता और सात पुत्रों का चित्र बनाया जाता है। अहोई अष्टमी की पूजा विशेषकर शाम को ही होती है, इसलिए शाम के माता के चित्र के सामने चौकी रखकर उस पर जल से भरा कलश रख दें और माता को रोली व चावल अर्पित कर उनका 16 श्रृंगार करें। इसके बाद मीठे पुए या आटे का हल्वे का प्रसाद चढ़ाएं, कलश पर स्वास्तिक बना कर हाथ में गेहूं के सात दाने लेकर अहोई माता की कथा सुनें, इसके बाद तारों को अर्ध्य देकर व्रत पूरा करना चाहिए।

## अंत्योदय के सपने को साकार करने में बैंकिंग सेक्टर का अहम योगदान

**गुरुग्राम।** जिला उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री के अंत्योदय के सपने को साकार करने में बैंकिंग सेक्टर अहम योगदान दे रहा है।

बैंकर्स समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचकर उनके जीवनस्तर में सुधार लाने में जिम्मेदारी प्रमुखता से निभा रहे हैं। वे आज भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय के निर्देश पर बैंकरों द्वारा जीआईए हाउस में आयोजित क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। डॉ. यश गर्ग ने कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करने के उपरांत जीआईए हाउस के सभागार में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना काल मे लोगों के उद्यम काफी हद तक प्रभावित हुए हैं।

ऐसे में बैंकर्स ने उन लोगों को कठिन परिस्थितियों से उबारने व नव उद्यमियों को उनके उद्यम स्थापित करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य का होना जरूरी: विश्राम मीणा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** बाल कल्याण परिषद के तत्वाधान में आयोजित की जा रही मंडल स्तरीय बाल महोत्सव प्रतियोगिता के दूसरे दिन अतिरिक्त जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

यह कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में गुरुग्राम मंडल के तीनों जिले गुरुग्राम, रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ में जिला स्तरीय बाल महोत्सव में विजेता रहे सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के बच्चे इस महोत्सव में भाग ले रहे हैं। एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य का होना जरूरी है।

लक्ष्य निर्धारण के उपरान्त उसकी प्राप्ति के लिए अपना शत प्रतिशत योगदान अवश्य देना चाहिए। विद्यार्थी जीवन में आयोजित प्रतियोगिताओं में यदि ईमानदारी से प्रयास किए जाए तो


कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते एडीसी विश्राम मीणा।

आगामी जीवन की सभी प्रतियोगितायें आपको सरल लगेगी। प्रतियोगितायें आपको मानसिक मजबूती प्रदान करने के साथ ही आपके जीवन मे लक्ष्य निर्धारित करने में सहायक सिद्ध होती है।

महोत्सव के दूसरे दिन उपरोक्त तीनों जिलों में समूह नृत्य में तीसरे स्थान व एकल नृत्य में दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे विजेताओं के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव, कार्यक्रम अधिकारी अनिल दहिया, कल्याणी, रश्मि, पूजा मालिक, शकुंतला ढुल सहित परिषद का पूरा स्टाफव विभिन्न स्कूलों के अध्यापकगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल से ग्रेनो बना कूड़ा घर

पायनियर समाचा सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते कई सेक्टरों में कूड़े का अंबार जमा हो गया है। प्राधिकरण से करार करने वाली दोनों कंपनियां एजी एनवीरो इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड और एंटोनी वेस्ट हैंडलिंग सेल लिमिटेड ने सफाई कर्मचारियों को चेतावनी दी है। इसमें कहा गया है कि अगर वह काम पर नहीं लौटते हैंए तो उनके बदले नए लोगों की नियुक्ति की जाएगी। दूसरी तरफ दिवाली से पहले शहर के तमाम सेक्टर कूड़े के ढेर बने हुए हैं। निवासी परेशान हैं। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से शहर के स्वच्छता अभियान को फिलहाल धक्का लगा है।

### एजेंसियों ने दी चेतावनी

एजी एनविरो इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड और एंटोनी वेस्ट हैंडलिंग सेल ने सफ ाई कर्मचारियों के हड़ताल को गलत ठहराया है। दोनों एजेंसीज की तरफ से कहा गया है कि कंपनी के सफ ाई कर्मचारियों लेबर सुपरवाइजर ड्राइवर ने बिना नोटिस दिए हड़ताल की है।

यह सभी नियमित सफाई कार्य को रोक कर अवैध मांग कर रहे हैं। जबकि स्वच्छता आवश्यक कार्य के अंतर्गत आता है। इसे बंद करना गैरकानूनी है।

### नए कर्मियों की भर्ती करेगी

कंपनी प्रबंधन ने कहा है कि सफाई कर्मचारी काम बंद कर असंवैधानिक कार्य कर रहे हैं। इसलिए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और वे इसके जिम्मेदार स्वयं होंगे।

वहीं दूसरी तरफ प्रबंधन का कहना है कि जो भी सफाई कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हुए हैं वह बुधवार तक वापस काम पर लौटें। नहीं तो यह माना जाएगा कि वह सभी काम करने के इच्छुक नहीं है। मजबूरन कंपनी नए कर्मचारियों की भर्ती करेगी।

### सामान्य बनाने में जुटा प्राधिकरण

देखना यह है कि कंपनी की इस चेतावनी के बाद सफ ाई कर्मचारी बुधवार से काम पर लौटते हैं या नहीं। वहीं दूसरी तरफ कंपनियों ने बैकअप के तौर पर कुछ सेक्टरों में नए सफ ाई कर्मियों से काम शुरू करा दिया है। प्राधिकरण ने भी कहा है कि किसी भी हाल में शहर की साफा- सफाई से समझौता नहीं होगा।

### ठेकेदारी खत्म की जाए

जबकि पिछले 4 दिन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण दफ्तर में धरने पर बैठे कर्मचारियों ने ठेका प्रथा को असंवैधानिक बताया। उनका कहना है कि अफसर शोषण करने के लिए इस प्रथा बढ़ावा दे रहे हैं। कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें ठेका प्रथा समाप्त कर प्राधिकरण के अधीन रखा जाए।

## दीपावली पर्व को लेकर खरीदारों की बाजारों में बढ़ती जा रही है भीड़

**गुरुग्राम।** दीयों का पर्व दीपावली को लेकर शहरवासी ही नहीं, अपितु ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। हालांकि कोरोना महामारी का प्रकोप अभी कम अवश्य हुआ है, लेकिन कोरोना पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। इस सबके बावजूद भी पिछले कई दिनों से शहर के मुख्य सदर बाजार, सोहना चौक, जैकबपुरा, ओल्ड व न्यू रेलवे रोड स्थित बाजारों सहित शहर के एमजी रोड स्थित दर्जन भर शॉपिंग मॉल्स में शहरवासी व ग्रामीण खरीददारी करने के लिए पहुंच रहे हैं।

गत रविवार को भी इन बाजारों में महिलाओं, बच्चों की भी भारी भीड़ दिखाई दी। आज वीरवार को अहोई पर्व मनाने के लिए बुधवार को महिलाएं पूजा-अर्चना का सामान खरीदती दिखाई दी। सभी में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। उधर दुकानदार भी काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि कोरोना महामारी के बाद अब कुछ बिक्री बढ़ी है। उधर कोरोना महामारी के प्रकोप से बचाने के लिए जिला प्रशासन ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हुए हैं कि फेस मास्क लगाकर ही लोग अपने घरों से निकलें और सामाजिक दूरी का पालन करें, लेकिन त्यौहारों को लेकर उत्साहित हुए लोग इन दिशा-निर्देशों का पालन करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। जबकि जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग लोगों से दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह करता आ रहा है।

# 30 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल

- **बढ़ेगी अफसरों व कर्मचारियों की मुश्किल**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सुपरटेक एमेरल्ड कोर्ट ट्विन टॉवर्स मामले में नोएडा प्राधिकरण ने दोषी अफसरों के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में अभियोजन दाखिल किया है।

इसमें शासन की ओर से गठित एसआईटी जांच में दोषी पाए गए 24 अधिकारियों-कर्मचारियों समेत सुपरटेक के चार निदेशक, दोनों आर्किटेक्ट कंपनियों के खिलाफ वाद दर्ज हुआ है। सभी पर बिल्डर को लाभ पहुंचाने के लिए पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगा है। अब अभियोजन को कोर्ट की अनुमति मिलते ही मामले से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नोटिस जारी होगा। इसके बाद उन्हें अपना पक्ष प्रस्तुत करने का वक्त दिया जाएगा। प्राधिकरण के इस कदम से इन सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की मुसीबत बढ़ने वाली है। विजिलेंस जांच के साथ-साथ इन सभी को कोर्ट के चक्कर भी काटने होंगे।


नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने अपने स्तर से कार्रवाई शुरू की। सीजेएम कोर्ट में एसआईटी जांच में दोषी अफसरों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई है। प्राधिकरण के विधि विभाग ने एसआईटी जांच में दोषी पाए गए अफसरों-कर्मचारियों तथा बिल्डर के निवेशकों समेत 30 लोगों के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया है।

इसमें चार एक्ट के उल्लंघन को आधार बनाया गया है। प्राधिकरण ने एसआइटी जांच को आधार बना कर यह कार्रवाई शुरू की है। एसआइटी ने जिन अधिकारियों को दोषी पाया उनमें तत्कालीन मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोहिदर सिंह, कैप्टन एसके द्विवेदी अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी आरपी अरोडा, पीएन बाथम ने संसोधित नक्शे को मंजूरी दी थी। नियोजन विभाग ने भी पूरे मामले में अनियमितता बरती थी।

इस सूची में तत्कालीन विधि सलाहकार राजेश कुमार व विधि अधिकारी ज्ञान चंद को अनियमितता में शामिल किया गया। सूची में एक बडा नाम तत्कालीन वित्त नियंत्रक एसी सिंह का भी है। इसके अलावा तत्कालीन परियोजना अभियंता एमसी त्यागी और मुख्य परियोजना अभियंता केके पांडे समेत 30 लोगों के खिलाफ परिवाद दाखिल हुआ है। इसमें इन सभी का काली करतूत का जिक्र किया गया है। नोएडा प्राधिकरण के नियोजन विभाग ने लखनऊ विजिलेंस में 26 अधिकारियों समेत 30 लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई है।

## असहिष्णुता
### फिल्मों में हस्तक्षेप

**राज्य** द्वारा कलाओं के क्षेत्र में हस्तक्षेप करना या ऐसा करने वाले अराजक तत्वों को संरक्षण देना उचित नहीं है। भारतीय सिनेमा उद्योग लगभग 200 बिलियन रुपये का उद्योग है और यह दुनिया में अधिकतम फिल्में तैयार करता है। हर साल 3.6 बिलियन से अधिक टिकट बिकते हैं जो देश की जनसंख्या का तीन गुना है। इसके बावजूद इस विशाल क्षेत्र को छोटे व हाशिए पर पड़े तत्वों द्वारा उनकी इच्छा होने पर बंधक बनाया जा सकता है। जनसंख्या के कुछ कट्टरपंथी व असहिष्णु तत्वों ने हमेशा भारतीय सिनेमा के लिए कठिनाइयां पैदा की हैं। पिछले वर्षों में उनमें से कुछ की गतिविधियां कानून, तर्क व सार्वजनिक सभ्यता के दायरे से बाहर रही हैं। अक्सर ये शारीरिक धमकी तथा हिंसा में बदल जाती हैं। इसे उस समय के सत्तारूढ़ वर्ग की विचारधारा से प्रोत्साहन मिल सकता है। इसे किसी भी चीज, यहां तक कि सरलतम सिनेमाई स्वतंत्रता से भड़कने का बहाना मिल जाता है। नवीनतम घटना में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने भोपाल में फिल्म निर्देशक प्रकाश झा पर स्याही फेंकी तथा आगामी वेब सीरीज़-आश्रम 3 के फिल्म सेट पर तोड़फोड़ की। उनका कहना था कि सीरीज़ में अश्लील दृश्य हैं और उनसे हिंदू भावनायें आहत होती हैं। उन्होंने वाहनों को तोड़ा तथा कर्मचारियों की पिटाई की। उनके साथ तार्किकता, रचनात्मकता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, लोकतंत्र, सेक्युलर इरादों, आदि पर चर्चा का कोई सवाल नहीं था। ये चीजें उनकी समझ से बाहर हैं। उनकी प्रतिक्रिया का कारण राजनीतिक भावनायें हैं। भारत में ऐसे



विरोध सालों और यहां तक कि दशकों पहले से देखने में आए हैं।

वर्ष 2000 में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने दीपा मेहता के फिल्म सेट वाटर पर वाराणसी में हमला किया था क्योंकि यह उनकी समझ से 'हिंदू-विरोधी' था। दीपा ने भारत में फिल्म निर्माण बंद कर इसे श्रीलंका में पूरा किया। इसके पहले उनको अपनी फिल्म फायर के लिए भी शिवसेना का गुस्सा झेलना पड़ा था और स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे ने उनकी बहुत निन्दा की थी। राजपूत फैन क्लब द्वारा संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत का विरोध 2017 में हुआ था। उनका दावा बचकाना और स्वाभाविक रूप से असत्य था। अभी हाल में भाजपा व आरएसएस कार्यकर्ताओं ने केरल में मलयालम फिल्म नीयम निधि की शूटिंग रद्द करने पर मजबूर किया था। उनको फिल्म में मंदिर से बाहर निकलती लड़की का दूसरे धर्म के लड़के के प्रति आकर्षित होना पसंद नहीं था। वैसे अपने आप ये तथाकथित विरोध कुछ समय में स्वाभाविक रूप से समाप्त हो जाते हैं, लेकिन उनको मीडिया प्रचार तथा सोशल मीडिया के कारण नया जीवन मिल जाता है। समस्या उस समय पैदा होती है जब राज्य भी इसमें अपनी भूमिका अदा करने लगता है। प्रकाश झा के मामले में मध्य प्रदेश के गृह मंत्री ने आदेश किदया कि फिल्म निर्माताओं को स्थानीय प्रशासन को स्क्रिप्ट दिखा कर शूटिंग के लिए उसकी अनुमति लेनी होगी। इसका अर्थ है कि अब नौकरशाह यह तय करेंगे कि क्या आपत्तिजनक है या नहीं और फिल्म की शूटिंग उनके निर्णय पर निर्भर होगी। यदि फिल्मों पर शूटिंग के समय ही सेंसर लगाया जाता रहा तो सेंसर बोर्ड की कोई भूमिका नहीं रह जाएगी। सवाल उठता है कि कहीं राज्य भी तो विरोध करने वालों का साथ नहीं दे रहा है अथवा क्या वह अपने हस्तक्षेप से विरोध को बढ़ावा तो नहीं दे रहा है।

# कश्मीर में निरपराधों की हत्याएं

सरकार को उभरते मुद्दों का राजनीतिक समाधान खोजने के बजाय कट्टरवाद के उन्मूलन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

**प्रदीप सक्सेना**
(लेखक एक पत्रकार, विश्लेषक एवं पूर्व शिक्षक हैं)



**इस** पतझड़ में कश्मीर घाटी में पतझड़ के पत्तों को गिराने वाले पर्णपाती पेड़ों का सुरम्य आकर्षण खून के धब्बों के साथ आ गया है। इस शरद ऋतु ने 1990 के दशक की दर्दनाक यादों को खोल दिया है जब लगातार लक्षित हत्याओं के बाद सैकड़ों कश्मीरी पंडितों को अपने घरों से भागने के लिए मजबूर किया गया था। इस महीने की शुरुआत के बाद से, आतंकवादी संगठनों ने पहले ही 11 नागरिकों और सेना के पांच जवानों को बेशर्मी से मार डाला है, जिस पर तालिबान द्वारा स्वर्ग-पृथ्वी के दरवाजे पर दस्तक देने की अचूक मुहर है। आखिरकार, इस ठंडे खून में वही खौफ फैलाने की क्षमता है जो तालिबान ने अपने दुश्मनों को गोली मारकर और उनके शरीरों को क्रेन से लटकाकर किया था।

नासमझ हत्या की शुरुआत एक प्रमुख कश्मीरी पंडित व्यापारी 68 वर्षीय माखन लाल बिंदू के साथ हुई। वह 1990 के दशक के नरसंहार में बच गया था, केवल इस बार एक प्रचंड आतंकवादी की गोली से। लेकिन खून-खराबा बंद नहीं हुआ।

उसी दिन आतंकियों ने लाल चौक पर वीरेंद्र पासवान, बांदीपोरा में टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष मोहम्मद शफी लोन और स्कूल टीचर सुरेंद्र कौर और दीपक चंद को गोली मार दी थी. 16 अक्टूबर को श्रीनगर में शगीर अहमद और अरविंद कुमार शाह को गोली मार दी गई थी। बिहार के तीन मजदूरों को भी गोली मारी गई, जिनमें बाद में राजा ऋषि देव और जुगिंदर ऋषि देव की मौत हो गई। तालिबान शैली की इन हत्याओं ने देश को झकझोर कर रख दिया। इसके बाद सरकार ने सभी गैर-कश्मीरियों को पुलिस या सेना के संरक्षण में लेने की एडवाइजरी जारी की।

लश्कर, जैश-ए-मोहम्मद, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के विचार का विरोध करने वाले हिंदुओं और मुसलमानों को चुन-चुन कर मारकर एक ठंडा संदेश भेज रहे हैं। इस बार स्थिति 1990 के दशक की तुलना में कहीं अधिक खराब है क्योंकि अब बड़ा नापाक इरादा कश्मीर को एक इस्लामिक राज्य के रूप में देखना है, मुख्यत: अफगानिस्तान के तालिबान के अधिग्रहण की तर्ज पर। पहले से ही ऐसी अटकलें थीं कि पाकिस्तान तालिबान का इस्तेमाल भारत के हितों के खिलाफ करेगा। अपने हिस्से के लिए, पाकिस्तानी सेना ने तहरीक-ए-तालिबान से अलग हुए समूहों के साथ हाथ मिलाया है और उन्हें सेना के साथ जोड़ दिया है। इमरान खान कश्मीर की ओर उनका ध्यान हटाने की अपनी साजिश में काफी हद तक सफल रहे हैं।




अब तक की समस्या को राजनीतिक और संवैधानिक चश्मे से देखा जा सकता था लेकिन तालिबान के प्रभाव ने अब इसे धार्मिक कट्टरवाद और उग्रवाद में बदल दिया है। अब सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उसे कश्मीर में धार्मिक कट्टरता, उग्रवाद और कट्टरवाद से लड़ना है। इस लड़ाई में एक बड़ी बाधा कुछ प्रमुख कश्मीरी नेताओं की पाकिस्तान जैसी ही भाषा बोलने की प्रवृत्ति है। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद से, शांति बहाल करने के लिए सरकार के लंबे दावे धराशायी होते दिख रहे हैं और यह संदेह मजबूत होता जा रहा है कि तालिबान भारत के द्वार पर दस्तक दे रहा है, जैसा कि अल्पसंख्यकों के चुनिंदा लक्ष्यीकरण से पता चलता है। भारत के 70 साल के इतिहास में, सभी सरकारों ने राजनीतिक रूप से विवाद को हल करने की कोशिश की है- नेहरू ने सोचा था कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 होना चाहिए और मोदी को लगता है कि समाधान इसे दूर करने में है। हालांकि, समस्या का मूल स्त्रोत - धार्मिक कट्टरवाद और एक इस्लामिक स्टेट की उदात्त धारणाएं - सभी के ध्यान से बच गईं। नतीजा तहरीक-ए-इस्लाम द्वारा संचालित और लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों द्वारा वित्त पोषित मदरसों का है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि इन मदरसों में आतंकवादियों की फौज पैदा होती है। इस बात का प्रमाण है कि मुठभेड़ों में मारे गए 99 प्रतिशत आतंकवादी कश्मीर के थे।

> अब तक की समस्या को राजनीतिक और संवैधानिक चश्मे से देखा जा सकता था लेकिन तालिबान के प्रभाव ने अब इसे धार्मिक कट्टरवाद और उग्रवाद में बदल दिया है। अब सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उसे कश्मीर में धार्मिक कट्टरता, उग्रवाद और कट्टरवाद से लड़ना है। इस लड़ाई में एक बड़ी बाधा कुछ प्रमुख कश्मीरी नेताओं की पाकिस्तान जैसी ही भाषा बोलने की प्रवृत्ति है।

ये आतंकवादी अब अल्पसंख्यक हिंदुओं को कश्मीर से भागने के लिए मजबूर करने की योजना बना रहे हैं। 1990 में, उन्होंने कश्मीरी पंडितों को कश्मीर से भगा दिया लेकिन सरकार ने कुछ भी सार्थक नहीं किया। आज भी घाटी में कश्मीरी पंडितों की स्थिति उतनी ही दयनीय है जितनी पाकिस्तान, बांग्लादेश और इंडोनेशिया में अल्पसंख्यक हिंदुओं की है। आतंकवादियों की मंशा यह है कि अगर वे कश्मीर से हिंदुओं को पूरी तरह से खदेड़ने में सक्षम हैं, तो वे कश्मीर की शांति को भंग करने और तालिबान शासन को कश्मीर में लाने के अंतिम उद्देश्य से इस्लाम के नाम पर कश्मीरियों को अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं। आतंकवादियों को यह भी उम्मीद है कि तालिबान पाकिस्तान और चीन की मदद से कश्मीर को भारत से अलग करने में मदद करेगा, जैसे उसने अमेरिका और पूर्व सोवियत संघ को अफगानिस्तान से भगा दिया। लेकिन उनका भ्रम उन्हें यह महसूस करने से रोकता है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

हालांकि, अभी तक किसी भी सरकार ने कश्मीर में धार्मिक कट्टरता और उन्माद के तत्वों को मान्यता नहीं दी है और न ही इसके स्त्रोतों पर हमला किया है, दूसरी ओर, आतंकवादी खुलेआम लोगों से कह रहे हैं कि या तो कट्टरपंथी बन जाएं या कश्मीर छोड़ दें। "यदि आप नहीं करते हैं, तो मारे गए नागरिकों के समान अंजाम झेलने के लिए तैयार हो जाओ", उनका संदेश प्रतीत होता है। अगर सरकार वास्तव में पाकिस्तान से निकलने वाले तालिबानी आतंकवाद और जिहादी कट्टरवाद को कुचलना चाहती है, तो उसे कश्मीर में धार्मिक संतुलन बनाकर धार्मिक कट्टरवाद और उसके स्त्रोतों को खत्म करना होगा।

सरकार के लिए आतंकवादियों को कड़े शब्दों में यह बताना अनिवार्य हो गया है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और कश्मीर का प्रत्येक नागरिक भारतीय है। साथ ही, सरकार को गैर-मुसलमानों और कश्मीरी पंडितों को घाटी में बसाने और सभी कश्मीरी नागरिकों को धार्मिक उन्माद को कुचलने के लिए सुरक्षा की गारंटी देकर एक समग्र संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता है। यदि सरकार राजनीतिक, संवैधानिक और मानवाधिकारों के आधार पर समाधान खोजने की कोशिश करती है, तो घाटी जल्द ही तालिबान घाटी बन सकती है। सरकार को राजनीतिक और संवैधानिक एजेंडे से परे सोचने की जरूरत है।

# घुसपैठियों व शरणार्थियों में अंतर आवश्यक

**राजेंद्र प्रसाद गुप्ता**
(लेखक बिहार विधन परिषद के सदस्य हैं)



**बांग्ला** देशी घुसपैठियों का मुद्दा भारत की एकता व अखंडता के लिए संवेदनशील बन गया है। 1971 से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिये भारत में आ रहे हैं। इन घुसपैठियों के कारण पूर्वोत्तर भारत की जनसंख्या संरचना में चिन्ताजनक परिवर्तन हुआ है जिससे देश की सुरक्षा को दीर्घकालीन खतरा पैदा हुआ है। स्वतंत्रता के बाद से कांग्रेस सरकारों के पास घुसपैठ के मुद्दे पर कोई कार्ययोजना नहीं थी जिसके परिणामस्वरूप इस समस्या ने खतरनाक रूप धारण कर लिया है। पश्चिम बंगाल व खासकर असम में यह समस्या इतनी गंभीर है कि संसद को 1950 में इमीग्रेशन एक्सपल्शन फ्राम असम एक्ट के रूप में एक विधेयक पास करना पड़ा था। लेकिन इसके बावजूद इस विभीषिका से निपटने के लिए कुछ खास नहीं किया गया। हालांकि, बांग्लादेश की सीमा बिहार से नहीं लगती है, पर भारत-बांग्लादेश सीमा पर आवागमन सहज होने के कारण घुसपैठिये बिहार में आ जाते हैं। वे पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, उत्तर दीनाजपुर व माल्दा से होकर किशनगंज, पुर्निया, अररिया व कटिहार में प्रवेश करते हैं। 1951-1961 में पुराने पुर्निया जिले की जनसंख्या लगभग 37 प्रतिशत बढ़ी जो बिहार की जनसंख्या वृद्धि की लगभग दूनी थी। 1971-1981 में यह वृद्धि 23.90 प्रतिशत दर्ज की गई।

पूर्व सीबीआई निदेशक जोगिंदर सिंह ने एक रिपोर्ट में कहा था कि देश में पांच करोड़ से अधिक बांग्लादेशियों ने घुसपैठ की है। इसे इस तथ्य से समर्थन मिलता है कि बांग्लादेश की 2001 की जनगणना में जनसंख्या एक करोड़ कम पाई गई। यदि हम भारत, पाकिस्तान व बांग्लादेश की प्रजनन दर पर गौर करें तो यह प्रवृत्ति और स्पष्ट हो जाती है। 1971 व 1981 में भारत की प्रजनन दर 5.5 व 4.7 प्रतिशत थी, जबकि पाकिस्तान में यह 6.6 व 6.5 प्रतिशत तथा बांग्लादेश में 6.9 व 6.2 प्रतिशत थी। 1991 में भारत व पाकिस्तान की प्रजनन दर 4.6 व 6 प्रतिशत थी, जबकि बांग्लादेश की प्रजनन दर 4.4 प्रतिशत थी। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि पहले की तुलना में बांग्लादेश के आंकड़ों में असामान्य कमी आई, जबकि भारत व पाकिस्तान के बीच समान अंतर बना हुआ था। इसके साथ ही 1971 के पहले तीनों देशों के आंकड़ों में यही अंतर दिखता है। यदि हम बांग्लादेश में जनसंख्या घनत्व पर गौर करें तो यह 1980, 1985 व 1990 में क्रमश: 611, 697 व 792 था। अब यदि दोनों में तुलना की जाए




तो स्पष्ट होगा कि यदि प्रजनन दर घटी तो इस कालखंड में जनसंख्या घनत्व इतना कैसे बढ़ गया? कुल मिला कर बांग्लादेश ने अपनी जनसंख्या नियंत्रण की कोई कार्ययोजना नहीं बनाई, हालांकि वह सभी प्रकार के संसाधनों के घोर संकट का सामना कर रहा था। वहां की सरकारों ने लगातार अपनी जनसंख्या छिपाई जिसका एकमात्र कारण भारत में अपने लोगों की घुसपैठ करवाना था।

1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की आलोचना के बावजूद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उनको भारत में शरणार्थी के रूप में स्थान दिया। यहां तक कि बांग्लादेश के स्वतंत्र हो जाने के बावजूद इन लोगों ने भारत में बने रहने का लाभ उठाया, पर कांग्रेस सरकारों ने इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं, इंदिरा गांधी ने भारतीयों से राजस्व व डाक टिकटों द्वारा एकत्र धन पर 5 व 10 पैसा शरणार्थी टैक्स लगा दिया। संकुचित राजनीतिक हितों के कारण कांग्रेस, वामपंथी व वर्तमान समय में तृणमूल कांग्रेस एक ही रास्ते पर चले जिसके कारण पूर्वोत्तर भारत तथा पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई। अब मोदी सरकार इनके घुसपैठ पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रहित में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी बनाने की बात कह रही है। लेकिन ये पार्टियां तथाकथित सेक्युलरवाद के नाम पर इन अवैध घुसपैठियों की मदद में आगे आ गई हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों ने न केवल आर्थिक, सामाजिक व धार्मिक क्षेत्रों पर प्रभाव डाला है, बल्कि वे देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। यही उनका मुख्य एजेंडा है।

ममता बनर्जी ने 4 अगस्त, 2005 को लोकसभा में कहा था कि बंगाल में घुसपैठ एक विभीषिका बन गई है। उन्होंने इस पर लोकसभा में कार्यस्थगन प्रस्ताव भी पेश किया था। उन्होंने इस मुद्दे पर इस्तीफा देने की धमकी तक दे डाली थी। लेकिन आज जब ममता बनर्जी बंगाल की सत्ता में हैं, वे राजनीतिक लाभ के लिए एनआरसी का विरोध कर रही हैं। जिस प्रकार 2019 के लोकसभा चुनाव में बांग्लादेशी अभिनेता फिरदौस अहमद को तृणमूल कांग्रेस के लिए प्रचार करते देखा गया उससे ममता बनर्जी का इरादा साफ हो जाता है। आज भी विपक्षी पार्टियां अतीत का दृष्टिकोण दुहरा रही हैं। आज भी इन लोगों की हमदर्दी बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ है और वे जनता में उनको शरणार्थी बता कर भ्रम पैदा कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में भारत के संदर्भ में घुसपैठियों व शरणार्थियों के बीच अंतर समझना और जानना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है।

2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में सरकार बनने तथा भाजपा को पूर्वोत्तर की सत्ता में आने का अवसर मिलने के बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले सात साल में व्यापक परिवर्तन आया है जिसका कारण केन्द्र सरकार द्वारा लिए क्रान्तिकारी फैसले हैं। अब यहां बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं तथा घुसपैठ रोकने के लिए अनेक तकनीकी व्यवस्थायें की गई हैं। हम सबको इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए ताकि भारत को विभाजित करने वाली शक्तियों को रोका जा सके। यह हम सबका नैतिक दायित्व है कि भारत की संस्कृति, सभ्यता और भाषा की रक्षा की जाए। मेरा विश्वास है कि हमरे लिए राष्ट्रीयता से अधिक महत्व किसी अन्य चीज का नहीं होना चाहिए। हमारे लिए देश की एकता और अखंडता का स्थान सर्वोच्च होना चाहिए। भारत में रहने का पहला और अंतिम अधिकार उसके नागरिकों का है। इसलिए हम सबकी साझा चिन्ता यही होनी चाहिए कि एक राष्ट्र के रूप में हम और ज्यादा मजबूत तथा समृद्ध बनें।

## आप की बात

### भारत की हार पर पटाखे

**हाल** ही में टी 20 क्रिकेट विश्वकप श्रृंखला में भारत पाकिस्तान के बीच हुए मुकाबले मे भारत को पराजय का सामना करना पड़ा। इस जीत का जश्न पुरे पाकिस्तान में मनाया गया। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि कुछ दूषित मानसिक प्रवृत्ति वाले लोगों द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में भारत की हार पर पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया गया। इस कुकृत्य ने यह साबित कर दिया है कि हिंदुस्तान में पाक परस्त लोगों का अस्तित्व बिद्यमान है। जो संविधान द्वारा प्रदत्त स्वतंत्रता को उद्दंडता समझने की भूल कर रहे हैं। देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करने वाले ऐसे लोग खेल प्रेमी तो हो सकते हैं लेकिन एक भारतीय कतई नहीं हो सकते हैं। बात यहीं तक नहीं रुकी पाक की इस जीत पर भारत सहित पाकिस्तान में शर्मनाक बयानबाजी भी हुई। पाकिस्तान के मंत्री शेख रशीद ने इस जीत को एक धर्म विशेष की जीत बताया तो वही के एक क्रिकेट कमेंटेटर ने भारत की हार को कुफ्र की हार की संज्ञा दे दी। महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट करते हुए लिखा पाकिस्तान की जीत पर जश्न मनाने के लिए कश्मीरियों पर इतना गुस्सा क्यों, तो वहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय सोशल मिडिया कोआर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने भी ट्वीट करते हुए भाजपा और उसके समर्थकों को निशाना बनाकर हलचल पैदा कर दी।

– **शिवेंद्र यादव**, कुशीनगर

### कमरतोड़ महंगाई

**पिछले** दो-तीन साल से महंगाई ने आम आदमी के खाने पीने का खाना खराब कर रखा है इस महंगाई से सर्वाधिक प्रभावित व्यक्ति अगर कोई है तो वह हर रोज कमाने वाला आम मध्यम वर्गीय आदमी है जिसे रोजाना मजदूरी करने पर ही पैसा मिल पाता है यानी सुबह से लेकर शाम तक काम के बाद जो रकम उसके हाथ में आती है वह उसकी रोज की कमाई होकर दाल रोटी का इंतजाम उसी पैसे से होता है अगर किसी दिन उसे काम ना मिले तो फिर उसे फाके की नौबत भी आ जाती है। दाल हो या चावल या फिर हो आटा सब के दाम आज आसमान से चढ़कर नीचे झांक रहे हैं और कह रहे हैं कि हम तुम्हारे बस में नहीं है। इनमें सब्जी का दाम अगर जोड़े तो उसका भी हाल बेहाल है इनसे आज हर रोज खाना कैसे बनता होगा यह पूछने की कोई जरूरत नहीं है आज दाल हो या सब्जी का बघार उसे लगाने वाला ही जानता है कि किस तरह से उसकी रसोई चल रही है। तेल हो या घी किसी का भी दाम उसके बस में नहीं है। हर तेल 150 रुपए से कम नहीं है अमीरों को इस महंगाई का कोई फर्क नहीं पड़ता है। मगर एक गरीब से पूछिए कि उसका क्या हाल है भाजपा सरकार का यह दूसरा कार्यकाल सीधे-सीधे पूंजी पतियों की मदद करता नजर आता है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### देश के गद्दार

**देश** के गद्दार सिर्फ कश्मीर में नहीं, यूपी से लेकर राजस्थान तक फूटे पाकिस्तान की जीत पर पटाख। यह पटाखे पाकिस्तान की जीत पर नहीं वरन भारत की हार पर फूटे हैं। सरकार को ऐसे लोगों को चिन्हित करत करके इनकी गतिविधियों पर निरंतर गुप्त रूप से नजर रखना होगी! क्योंकि यह जयचंद ही वह लोग हैं जो भारत के खिलाफ आतंक फैलाने वाले को सहयोग और पनाह देते हैं! खाते हिंदुस्तान का हैं और बजाते पाकिस्तान का है! खुदा न खास्ता यदि भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ तो यह लोग देश के भीतर ही इन पटाखों की जगह बम फोड़ने में परहेज नहीं करेंगे! देश की सुरक्षा और अस्मिता के सामने तथाकथित सेक्युलरिज्म को भाड़ में झोंक कर विशुद्ध राष्ट्रीयता पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। बॉर्डर पर तो हम बहुत ही मजबूत हैं! मगर देश में छुपे हुए गद्दारों के कारण हम मात् खा रहे हैं इन्हें तथाकथित राजनीतिक दलों का भी पूरी तरह समर्थन व सहयोग प्राप्त है! अत: देश में ऐसी गतिविधियों के खिलाफ राजद्रोह कानून सख्ती से लागू किया जाए ताकि भविष्य में कोई भी ऐसा दुस्साहस ना करें।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**चुनावों** को ध्यान में रखते हुए, कृषि कानूनों को वापस लिया जा सकता है और बाद में एक नए रूप में लागू किया जा सकता है।

– **अखिलेश यादव**
सपा प्रमुख



**ऑस्ट्रेलिया** के पास अब 2050 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने का लक्ष्य है, और इसे प्राप्त करने के लिए हमारे पास एक स्पष्ट योजना है।

– **स्कॉट मॉरीसन**
आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री



**पीएम** को चाहिए महामारी के दौरान भ्रष्टाचार में शामिल होने के लिए गोवा के मुख्यमंत्री और उनकी मंत्रि परिषद को बर्खास्त करें।

– **सत्यपाल मलिक**
मेघालय के राज्यपाल

# 2022 में यूपी में फिर बनेगी बीजेपी की सरकारः आठवले

● केंद सरकार ने समाज के सभी वर्गों के लिये लागू की हैं लोक कल्याणकारी योजनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**केंद्रीय** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह सरकार सभी जाति व धर्म के लोगों की मदद करती है। मुद्रा योजना से गरीबों को बहुत लाभ हुआ है। देश के 31 करोड़ 47 लाख लोगों को इसका फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि दो करोड़ से ज्यादा लोगों को उत्तर प्रदेश में लोन मिला है। उत्तर प्रदेश में एक करोड़ से ज्यादा लोगों को गैस कनेक्शन मिले हैं। उत्तर प्रदेश में 2700000 लोगों को आवास मिला है। कृषि कानून के विरोध पर अठावले ने कहा कि जिन किसानों ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया है वह भला उनके खिलाफ कानून क्यों बनाएंगे। तीनों कानून किसानों के हित में हैं। कानून से पीछे नहीं हटा जा सकता इसमें बदलाव किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर एक कृषि कानून वापस लिया गया तो हर कानून को वापस लेने की मांग होती रहेगी। 2022 के चुनाव में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में और मोदी के सहयोग से दोबारा भाजपा की सरकार आएगी। इस बार भी 300 के पार सीटें आएगी। रामदास अथावले ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के तहत काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने लोक कल्याण के लिये विविध योजनायें चलायी हैं जिनका लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत वर्ष 2014 से अब तक 43 करोड़ 50 लाख 25 हजार खाते खोले गये हैं। उत्तर प्रदेश में इस दौरान सात करोड़ 24 लाख से अधिक खाते खोले गये। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 2015 से अब तक 31 करोड़ 47 लाख 6 हजार लोगों को लोन वितरित किये गये और उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ 71 लाख से अधिक लोगों को इसका लाभ मिला है।

# मंत्री जितिन प्रसाद समेत चार एमएलसी ने ली शपथ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कैबिनेट** मंत्री जितिन प्रसाद समेत उत्तर प्रदेश विधान परिषद के चार नये सदस्यों को बुधवार को शपथ दिलायी गयी। विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने विधान भवन के टंडन हॉल में प्रसाद के साथ निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद, चौधरी वीरेन्द्र सिंह गुर्जर तथा गोपाल भुर्जी को शपथ दिलायी। इन चारों को पिछले महीने विधान परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया था। शपथ ग्रहण के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और दिनेश शर्मा भी मौजूद थे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद हाल में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे। पिछले माहीने भाजपा संगठन और सरकार ने चार ऐसे कार्यकर्ताओं के नाम विधान परिषद सदस्य के लिए चुने, जिनके सहारे विधानसभा चुनाव की रणनीति को चौतरफा साधने में मदद मिले। अलग-अलग समीकरणों में फिट बैठ रहे चौधरी वीरेंद्र सिंह गुर्जर, गोपाल अंदाज भुर्जी, जितिन प्रसाद और संजय निषाद को एमएलसी मनोनीत किया है।

# अवैध पटाखों को लेकर डीजीपी ने दिए सतर्कता बरतने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**रोशनी** व खुशियों के त्यौहार दीपावली के दौरान अवैध रूप से पटाखे बनाने और उनके परिवहन के दौरान होने वाली घटनाओं के प्रति आगाह करते हुए डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को पूरी सतर्कता बरतने और कड़ी निगरानी रखने के निर्देश जारी किए हैं।

इस संबंध में डीजीपी ने सभी जोन के एडीजी, रेंज के आईजी, डीआईजी, चारों पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नरों और सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को परिपत्र जारी किया है। जारी निर्देशों में डीजीपी की ओर से कहा गया है कि आगामी त्यौहारों के अवसर पर कोविड 19 के दृष्टिगत भारत सरकार व उप्र शासन द्वारा जारी एसओपी-गाइड लाइन तथा मुख्यालय स्तर से समय समय पर निर्गत निर्देशों का अनुपालन कराने एवं गाइड लाइन के अनुरूप त्यौहारों को मनाने के लिए जनमानस को जागरूक किया जाए। डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि पटाखा विक्रेता के लाइसेन्स धारकों की थानावार सूची को अद्यावधिक कराते हुए जिलाधिकारी कार्यालय से सत्यापित करा लिया जाए । पूर्व में विस्फोटक पदार्थ व पटाखों का अवैध प्रयोग करने वाले प्रकाश में आए व्यक्तियों की सूची अद्यावधिक कर उन पर कड़ी निगरानी रखी जाए। आतिशबाजी व विस्फोटक पदार्थ के निर्माण स्थलों की नियमानुसार आकस्मिक एवं प्रभावशाली चेकिंग करा ली जाए। आतिशबाजी के निर्माण एवं संग्रहण के सम्बन्ध में अनुज्ञापी आतिशबाजी निर्माता के भण्डारग्रहों की चेकिंग उपजिलाधिकारी पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी एवं अग्निशमन विभाग के अधिकारी सभी आदि के साथ सुनिश्चित की जाए। लाइसेन्स की शर्तों का उल्लंघन करने अथवा अवैध संग्रहण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। सम्बन्धित विभागों से समनवय स्थापित कर पटाखों व विस्फोटक सामग्री के परिवहन सम्बन्धी प्रणाली की समीक्षा की जाए और यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि इनका परिवहन निहित मापदण्ड के अनुसार किया जा रहा है । आतिशबाजी के विक्रय सम्बन्धी लाइसेन्स में वर्णित शर्तो व उपबन्धों का सम्यक अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाए तथा लाइसेन्स की शर्तों का उलंघन करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार जिला प्रशासन से समनवय स्थापित कर विधिक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। अग्निशमन की समुचित व्यवस्था करते हुए अग्निशमन विभाग के कार्मिकों को सजग रहने निर्देशित किया जाए।

## यूरिया संकट पर मायावती ने कसा सरकार पर तंज



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने उत्तर प्रदेश में यूरिया खाद संकट पर सरकार पर तंज कसा है। बुधवार को उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को समय से खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है। इस कारण लाइन में लगे कई किसानों की मृत्यु हो गई। बसपा सुप्रीमो ने ट्वीट कर कहा कि पूरे यूपी में व खासकर बुन्देलखण्ड क्षेत्र में सरकार किसानों को समय से खाद्य उपलब्ध नहीं करा पा रही है। जिससे पूरे दिनभर लाईन में लगे कई किसानों की मृत्यु हो गई तथा काफी बीमार भी हो गये। इस अति दुःखद व चिन्तनीय गम्भीर समस्या का सरकार तुरन्त समाधान करे। बीएसपी की यह मांग।

# जब कानून का राज होता है तो गरीबों का सम्मान होता हैः स्वतंत्र देव

● राजभर के सपा में शामिल होने पर भी राजभर समाज का वोट सपा को नहीं मिलेगाः बीजेपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि सपा ने कभी राजभर समाज का हित नहीं किया। सपा ने एक भी टिकट राजभर समाज के व्यक्ति को नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश राजभर के सपा में जाने पर भी सपा को राजभर समाज का वोट नहीं मिलेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उहोंने कहा कि भाजपा को समर्थन करने वाले दलों को सीट बंटवारे का निर्णय संसदीय बोर्ड करेगा। हालांकि इन दलों ने हमसे अभी सीट नहीं मांगी है। बीजेपी में हिस्सेदारी मोर्चा के सात घटक दलों ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को अपना सहयोग व समर्थन देने की घोषणा की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में हिस्सेदारी मोर्चा के घटक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों ने मोदी-योगी के काम-काज और योजनाओं की सराहना की। साथ ही पार्टी के कार्यक्रमों एवं नीतियों से प्रभावित होकर आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन का निर्णय लिया। हिस्सेदारी मोर्चे के घटक दलों भारतीय मानव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केवट रामधनी बिन्द, मुसहर आन्दोलन मंच गरीब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रमा वनवासी, शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू लाल राजभर, मानवहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णगोपाल सिंह कश्यप, भारतीय सुहेलदेव जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम राजभर, पृथ्वीराज जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्दन सिंह चौहान व भारतीय समता समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र प्रजापति ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को सहयोग व समर्थन देने का पत्र प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को सौंपा।

# सभी डिस्कामों के एमडी उपकेंद्रों का करें औचक निरीक्षण

● ऊर्जा मंत्री ने की एकमुश्त समाधान योजना की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपभोक्ता हित में एकमुश्त समाधान योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि योजना के सभी पात्र लाभार्थी उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी हो जाये। विभागीय अधिकारी डोर नॉक करके यह जानकारी अवश्य उन्हें दे दें। एक भी लाभार्थी इस जनकल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

उन्होंने योजना की जमीनी जानकारी के लिए किए गए पूर्व के औचक निरीक्षणों का जिक्र करते हुए कमियों पर अधिकारियों के प्रति नाराजगी भी जाहिर की। कहा कि योजना शुरू हुए एक सप्ताह हो चुके हैं लेकिन अभी तक सभी उपभोक्ताओं को विभागीय कार्मिकों द्वारा इसकी जानकारी व्यक्तिगत रूप से नहीं दी जा सकी है यह किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। उन्होंने यूपीपीसीएल के अध्यक्ष को निर्देशित किया कि सभी पात्र उपभोक्ताओं के दरवाजे तक विभागीय अधिकारी जरूर पहुंचे। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी डिस्कॉम के एमडी व डायरेक्टर उपकेंद्रों का औचक निरीक्षण करें। योजना की प्रगति के संबंध में जानकारी करें।

# विभाग में संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से होः डा. द्विवेदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. सतीश चन्द्र द्विवेदी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विभाग में संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से किया जाये, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। डॉ द्विवेदी बुधवार को बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

डा द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को निशुल्क वितरित की जाने वाली यूनीफार्म, जूता-मोजा, स्वेटर एवं स्कूल बैग के सापेक्ष धनराशि डीबीटी के माध्यम से छात्र-छात्राओं के माता-पिता, अभिभावक के खाते में अन्तरित के संबंध में कहा कि यह उच्च प्राथमिकता का कार्य है। जिसको ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, जिससे अभिभावकों के बैंक खातों में ससमय धनराशि भेजी जा सके। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के उच्चीकरण के संबंध में उन्होंने कहा कि भवन निर्माण कार्य में तेजी लायी जाये तथा इसका सघन अनुश्रवण किया जाये। आगामी आयोजित होने वाली टीईटी परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करायी जायें, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाये कि परीक्षा के दौरान टीईटी परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर बैठने आदि की कोई असुविधा नहीं होने पाये। डा द्विवेदी ने समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, छात्रों के पठन पाठन, विद्यालयों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने, विद्यालयों की साफ-सफाई तथा छात्रों को बेहतर ढंग से शिक्षा प्रदान की जाये। इसके साथ ही विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण नियमानुसार कराते हुए विद्यालयों की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराया जाये। डा द्विवेदी ने परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय प्रयागराज के सुदृढ़ीकरण कराये जाने के संबंध में कहा कि यह विभाग का महत्वपूर्ण संस्थान है इसको ध्यान में रखते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिससे इस संस्था द्वारा आयोजित करायी जाने वाली आगामी परीक्षाओं को बेहतर ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालित किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाये। जिससे छात्रों को स्मार्ट क्लास के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। शिक्षकों की पदोन्नति के संबंध में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि नियमानुसार कार्यवाही करते हुए शिक्षकों की पदोन्नति का कार्य किया जाये।

## कांग्रेसी नेता ने थामा रालोद का दामन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय पर बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे की उपस्थिति एवं रालोद के वरिष्ठ नेता आरिफमहमूद के अथक प्रयासों से प्रदेश कॉग्रेस के वरिष्ठ नेता अरशद आलम के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ जयंत सिंह के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुये रालोद का दामन थामा। इस अवसर पर युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल, छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक सिंह चौहान, रालोद नेता बीएल प्रेमी, अश्वनी प्रताप सिंह, अमन पाण्डेय, शफीक सिददीकी भी उपस्थित रहे।

## भाजपा और उसके नेताओं को जनता ने गंभीरता से लेना बंद कर दिया हैः कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा दिए गए बयान की निंदा करते हुए कहा कि निर्लज्जता, कुशासन, जनकल्याण के मुद्दों को दरकिनार कर विभाजनकारी जहरीली राजनीति करने वालों को छोटा मुंह बड़ी बात नहीं करना चाहिए। भाजपा और उसकी सरकारों सहित उसके नेताओं व मंत्रियों को जनता ने गम्भीरता से लेना बंद कर दिया है। इसी बौखलाहट और गुस्से में वह जननेता के रूप में स्वीकार्य हमारी नेता प्रियंका गांधी पर अनर्गल बयानबाजी करने को विवश है। मंत्री खन्ना के बयान से स्पष्ट हो चुका है कि भाजपा प्रियंका गांधी की चुनौती का सामना करने में अपने को असमर्थ समझ चुकी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के संयोजक व प्रवक्ता अशोक सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी को बहुत गम्भीरता से ले रहा है, भाजपा नेताओं और मंत्रियों को अपनी फिक्र करने की सलाह देते हुए कहा कि कुशासन क्रूरता के साथ सत्ता चलाने और विकास को बाधित करने की आदी भाजपा ने मिले जनादेश का अपमान किया। इसी कारण से उसके प्रति जनता में आक्रोश और प्रियंका मे विश्वास अटूट हुआ है, कांग्रेस अपने किये गये वादों पर कायम रहकर वचनों को निभाना जानती है। भाजपा की विश्वसनीयता व आधार समाप्त हो चुका है, उन्होंने कहा कि बहानेबाजी झूठ के पुल बनाने से जनकल्याण नही हो सकता है। भाजपा का सच बच्चे-बच्चे को पता है, उसके कारण ही देश के भविष्य के समक्ष चुनौतियों का अंबार लग चुका है।

## भाजपा और उसके नेताओं को जनता ने गंभीरता से लेना बंद कर दिया हैः कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा दिए गए बयान की निंदा करते हुए कहा कि निर्लज्जता, कुशासन, जनकल्याण के मुद्दों को दरकिनार कर विभाजनकारी जहरीली राजनीति करने वालों को छोटा मुंह बड़ी बात नहीं करना चाहिए। भाजपा और उसकी सरकारों सहित उसके नेताओं व मंत्रियों को जनता ने गम्भीरता से लेना बंद कर दिया है। इसी बौखलाहट और गुस्से में वह जननेता के रूप में स्वीकार्य हमारी नेता प्रियंका गांधी पर अनर्गल बयानबाजी करने को विवश है। मंत्री खन्ना के बयान से स्पष्ट हो चुका है कि भाजपा प्रियंका गांधी की चुनौती का सामना करने में अपने को असमर्थ समझ चुकी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के संयोजक व प्रवक्ता अशोक सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी को बहुत गम्भीरता से ले रहा है, भाजपा नेताओं और मंत्रियों को अपनी फिक्र करने की सलाह दी है।

# प्रदेश में उर्वरक की कोई कमी नहींः सूर्य प्रताप शाही

● आगामी एक सप्ताह के अन्दर उर्वरक की कुल 19 रैक की आपूर्ति होगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि प्रदेश के सभी जनपदों में रासायनिक खाद यूरिया, डीएपी तथा एनपीके का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। कहीं भी उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि उर्वरक निर्माता कम्पनियों से आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष अवशेष उर्वरक की शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित करायें। प्रदेश के जिन जनपदों में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उर्वरकों की उपलब्धता कम हैए वहां प्राथमिकता के आधार पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। किसी भी जनपद में उर्वरक की कमी के कारण किसानों को कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। कृषि मंत्री बुधवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में प्रदेश में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण के सम्बन्ध में समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसीके दृष्टिगत किसानों को उर्वरक की उपलब्धता भी सुनिश्चित करा रही है। बैठक में कृषि मंत्री को अवगत कराया गया कि आगामी एक सप्ताह के अन्दर उर्वरक की कुल 19 रैक, आरसीएफ द्वारा 8 रैक, आईपीएल द्वारा 5 रैक, कृभको द्वारा 1 रैक तथा इफको द्वारा 5 रैक जनपदों में आपूर्ति की जायेगी।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि आज तक की स्थिति के अनुसार प्रदेश में रबी सीजन 2021 हेतु 3.36 लाख मी. टन डीएपी, 1.91 लाख मी. टन एनपीके कुल 5.27 लाख मी. टन फास्फेटिक खाद की उपलब्धता है। प्रदेश में कहीं भी उर्वरक की कोई कमी नहीं है।

# महिला व बाल अपराधों के आरोपियों को सजा दिलाने के प्रयासों में और तेजी लाएंः अवनीश

● अपर मुख्य सचिव गृह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए की जिलेवार की जा रही कार्रवाई की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मिशन** शक्ति अभियान के तीसरे चरण के तहत महिला एवं बाल अपराधों में अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाए जाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में और तेजी लाने के शासन ने आदेश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा बुधवार को योजना भवन में वीडियों कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के अभियोजन कार्य में लगे अधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से जनपदवार की जा रही कार्रवाई की सघन समीक्षा की गयी। इस अवसर पर पुलिस आशुतोष पाण्डेय, सचिव, गृह बीडी पाल्सन, विशेष सचिव, अटल राय भी उपस्थित रहे। अपर मुख्य सचिव गृह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारत सरकार के ई-प्रासीक्यूशन पोर्टल पर किए गए कार्यो की प्रगति सूचना नियमित रूप से अद्यतन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों में और अधिक तेजी लाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला स्तर पर मानीटरिंग कमेटी की बैठक नियमित रूप से किए जाने तथा इन अपराधों में अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाने के प्रयासों मे और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। अवस्थी ने यह भी कहा है कि अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला अथवा डीएनए रिपोर्ट सम्बन्धी मामलों की सूचना शासन को तत्काल प्रेषित करें ताकि उस पर विशेष प्रयास कर शीघ्र कार्यवाही की जा सके। उन्होंने सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए अन्य जनपदों को भी विशेष प्रयास कर बेहतर परिणाम दिखाने के निर्देश दिए हैं।

# बांग्लादेश व म्यांमार से मानव तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा, चार गिरफ्तार

## अवैध रूप से मुस्लिम युवकों को भारत लाकर हिंदू नाम वाले फर्जी आधार कार्ड व पासपोर्ट के जरिए भेजते थे विदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ






**कूटरचित** दस्तावेजों के आधार पर म्यांमार व बांग्लादेश के नागरिकों को अवैध रूप से भारत लाकर उनके आधार कार्ड व पासपोर्ट बनवा कर मानव तस्करी कर विदेश भेजने वाले गिरोह से संबंधित चार सदस्यों को मंगलवार रात यूपी एटीएस ने मुगलसराय रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। ये लोग मुस्लिम युवकों को हिंदू नाम वाले फर्जी आधार कार्ड, वोटर कार्ड और पासपोर्ट उपलब्ध करवाकर विदेश भेजते थे। इसके बाद उनसे भारी रकम वसूलते थे।

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि बीते कुछ समय से यह सूचना मिल रही थी कि एक एक अंतर्राष्ट्रीय गिरोह बांग्लादेश व म्यांमार के नागरिकों को अवैध रूप से भारत में लाकर उनके कूट रचित प्रपत्र तैयार करवाकर उन्हें भारत के नागरिक के रूप में प्रतिरूपित कर उन्हें भारी मात्रा में धन के बदले विदेश भेजने का कार्य करते हैं । इस गिरोह के सदस्य इनके मुस्लिम नाम को हिन्दू नाम में परिवर्तित कर उनके कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर जारी किये गए भारतीय पासपोर्ट के आधार पर विदेश भेजने का भी कार्य करते हैं । मानव तस्करी के इस कृत्य के बदले ये लोग उनसे अवैध धन भी वसूलते हैं।

इस सूचना को विकसित करने के क्रम में यह भी जानकारी हासिल हुई कि गिरोह का एक व्यक्ति 3 बांग्लादेशी नागरिकों के साथ राजधानी एक्सप्रेस 02314 से नई दिल्ली से आ रहा है । इस पर एटीएस की फील्ड यूनिट वाराणसी ने बीते मंगलवार की रात मुगलसराय के पं दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर इन चारों मिथुन मंडल निवासी सिहरेल बाघन पारा, कालना, बर्धमान पश्चिम बंगाल, शाओन अहमद उर्फ पिंटू दास निवासी ग्राम रोड जोनल पश्चिमी मारी जिला जमालपुर, बांग्लादेश, मोमिनुर इस्लाम उर्फ रोमी निवासी थाना मदार गंज जिला जमालपुर बांग्लादेश और मेहंदी हसन उर्फबापी राय निवासी जोना पाछीमारी जिला जमालपुर बांग्लादेश को ट्रेन से उतार कर हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद संदिग्ध प्रतीत होने पर इन्हें एटीएस मुख्यालय लखनऊ लाया गया। जहां बाद में इन्हें नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। इनके कब्जे से कूटरचित दस्तावेजों से बना भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड ,पैन कार्ड, कई एटीएम कार्ड व विभिन्न देशों की मुद्राएं बरामद हुई हैं। इस सम्बन्ध में एटीएस थाने पर पासपोर्ट अधिनियम 1967 व 14 विदेशी अधिनियम 1946 सहिम अन्य धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है ।

एडीजी ने बताया कि ये लोग बांग्लादेशी व रोहिंग्या लोगो को अवैध रूप से भारत में लाकर उनके कूटरचित पहचान के दस्तावेज जैसे आधार कार्ड आदि तैयार करवाते थे। इनमें बांग्लादेशी व रोहिंग्या स्वेच्छा से सम्मिलित रहते थे। जिनका उद्देश्य इन कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर विदेश जाना होता है। कूटरचित दस्तावेजों यथा आधार कार्ड व वोटर कार्ड के आधार पर फर्जी पते पर पासपोर्ट तैयार करवाते थे। तैयार कराए गए पासपोर्ट में अपनी पहचान पूर्ण रूप से छिपाकर हिन्दू नामों का प्रयोग किया जाता था।

एडीजी के मुताबिक इन पासपोर्ट में अंकित पतों का सम्बंधित राज्य के पुलिस अधिकारियों से सत्यापन कराया गया तो अंकित पते फर्जी निकले। भारतीय पहचान स्थापित कर अवैध रूप से विदेश भेजने के नाम पर इस गिरोह के सदस्य इन बांग्लादेशी व रोहिंग्या लोगो से धन भी वसूलते थे । अभियुक्त मिथुन की पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के कलना में अपर जपत काली ताला क्षेत्र में यूरोपियन टूर एंड ट्रेवेल के नाम से एक ट्रेवल एजेंसी भी है। अभियुक्त शाउन अहमद, मोमिनुर इस्लाम व मेंहदी हसन बांग्लादेश के मदारगंज में एक होटल में काम करते थे व ये लोग 16 अगस्त 2021 को अवैध रूप से भारत-बांग्लादेश सीमा पार कर भारत में आए थे। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी की जा रही है।

# बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने विधान सभा स्पीकर से की मुलाकात




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**छत्तीसगढ़** के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा डॉ. रमन सिंह ने बुधवार को उप्र विधान सभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित से 5 माल एवेन्यू स्थित शासकीय आवास पर शिष्टाचार भेंट की। अध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके साथ ही शाल एवं विधान सभा का एक मोमेन्टो भी भेंट किया। श्री दीक्षित ने उन्हें स्वरचित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय द्रष्टा, दृष्टि और दर्शन, अथर्ववेद का मधु, हिन्द स्वराज्य का पुनर्पाठ एवं अन्य पुस्तकें भी भेंट की। रमन सिंह ने अध्यक्ष द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय पर लिखी गयी पुस्तक की लेखन शैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन के विभिन्न पहलुओं एवं भारतीय संस्कृति व आर्थिक दर्शन का जिस तरह विश्लेषण किया गया है वह जन-जन के लिए बहुत ही उपयोगी है।

# भारत अपने जल क्षेत्र के वैध अधिकारों की सुरक्षा को प्रतिबद्ध : राजनाथ सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, समुद्री डकैती और जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर खतरों के बढ़ने के कारण ऐसे समय हिन्द प्रशांत क्षेत्र में नई चुनौतियां उत्पन्न हो गई हैं जब संसाधनों को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। हिन्द प्रशांत क्षेत्र पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में उत्पन्न चुनौतियों की प्रकृति के विभिन्न देशों पर व्यापक प्रभाव हैं जिसके लिए सहयोगात्मक प्रतिक्रिया की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत नियम आधारति नौवहन व्यवस्था को बनाए रखते हुए अपने जल क्षेत्र और विशिष्ठ आर्थिक क्षेत्र में वैध अधिकारों एवं हितों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, संसाधनों को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। आतंकवाद, मादक पदार्थो की तस्करी, समुद्री डकैती और जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर खतरों के बढ़ने के कारण ऐसे समय हिन्द प्रशांत क्षेत्र में नई चुनौतियां उत्पन्न हो गई हैं।

सिंह ने कहा कि ऐसे में नौवहन से जुड़े मुद्दों पर हितों को लेकर एकरूपता और उद्देश्यों की समानता तलाश करने की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने कहा कि समृद्धि के स्थिर मार्ग को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि इस क्षेत्र की नौवहन क्षमता को प्रभावी, सहयोगी और सहकारी रूप से उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा, भारत सभी देशों के वैध अधिकारों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसका उल्लेख समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि 1982 में किया गया है। राजनाथ सिंह की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब हिन्द प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते विस्तारवादी रूख को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ रही है और इसके कारण कई देशों को इन चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी रणनीति बनाने को मजबूर होना पड़ा है।

रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में इस बात की भी चर्चा की किस प्रकार से समुद्र ने मानव इतिहास में उसकी उत्पत्ति से लेकर संस्कृति सहित विभिन्न आयामों को आकार प्रदान करने का काम किया। उन्होंने कहा कि भारत की दृष्टि से देखें तब पश्चिम में पुरातात्विक खोजों ने मेसोपोटामिया (आज का इराक), दिलमुन (आज का बहरीन), मगान (आज का ओमान) जैसी सम्यताओं का प्रचीन नौवहन सम्पर्क रहा। उन्होंने कहा कि नौवहन सम्पर्को के तहत माल, संस्कृति और सौहार्द्र केआदान प्रदान से अतीत में साझी समृद्धि का आधार बना और यह आज तक बना हुआ है।

## टीकाकरण की कहानी के जुमला संस्करण से लोगों का जीवन नहीं बचेगा : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि कोविड-19 रोधी टीकाकरण की कहानी के जुमला संस्करण से लोगों की जिंदगी नहीं बचाई जा सकती। उन्होंने एक चार्ट साझा कर यह दावा भी किया कि भारत में ऐसे लोगों की संख्या दूसरे देशों के मुकाबले बहुत ज्यादा है जिन्हें अब तक टीके की एक भी खुराक नहीं मिली है। राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा एक अंग्रेजी दैनिक में लिखे गए लेख को भी ट्विटर पर साझा किया। इस लेख में सोनिया गांधी ने टीकों की 100 करोड़ से अधिक खुराक दिए जाने को लेकर वैज्ञानिकों और स्वास्थ्यकर्मियों की सराहना की है। लेख में हालांकि उन्होंने यह उल्लेख भी किया है कि बड़ी संख्या में वयस्कों और बच्चों को अब तक टीका नहीं लग पाया है। राहुल गांधी ने कहा, टीकाकरण की कहानी के जुमला संस्करण से जिंदगियां नहीं बचाई जा सकतीं।



पटना में बिहार के सीएम नीतीश कुमार छठ पर्व की तैयारी के लिए गंगा घाट पर तैयारियों का जायजा लेते हुए।

# पीएम नरेंद्र मोदी के केदारनाथ दौरे को लेकर तैयारियां तेज

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच नवंबर को प्रस्तावित केदारनाथ दौरे के मद्देनजर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। चारधाम देवस्थानम बोर्ड के मीडिया प्रभारी डा हरीश गौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री के केदारनाथ धाम के दर्शन और पूजा-अर्चना के कार्यक्रम के लिए बोर्ड भी अपने स्तर से तैयारियों में जुट गया है। केदारनाथ मुख्य मार्गों सहित हैलीपेड से बर्फ हटा दिया गया है जबकि मंदिर सौंदईकरण, साज सज्जा, दर्शन व्यवस्था आदि का कार्य हो रहा है।

गढवाल के आयुक्त और बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविनाथ रमन ने जिला प्रशासन एवं बोर्ड को समय रहते तैयारियां पूरी करने को कहा है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीडी सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। उपजिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि केदारनाथ में मोदी के कार्यक्रम को लेकर सरकारी तंत्र सक्रिय हो गया है और जिलाधिकारी मनुज गोयल सभी विभागों और सैक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ कई दौर की बैठकें कर चुके हैं।

प्रधानमंत्री के दौरे से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी केदारनाथ में तैयारियों का जायजा लेने के लिए तीन नवंबर को वहां का दौरा कर सकते हैं। इस बीच, चुनाव से महज कुछ माह पहले हो रहे प्रधानमंत्री के केदारनाथ दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे को भव्य बनाने के लिए पार्टी भी तैयारियां कर रही है। पार्टी कार्यकर्ता तीन नवंबर से केदारनाथ में पहुंचने शुरू हो जाएंगे। मोदी का यह दौरा शीतकाल के लिए मंदिर के कपाट बंद होने से एक दिन पहले हो रहा है। केदारनाथ के कपाट हर साल दीवाली के दो दिन बाद भैया दूज के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाते हैं जो अगले साल फिर अप्रैल-मई में खोले जाते हैं।

## चुनाव आचार संहिता का उल्लंघनः निर्वाचन आयोग ने सरमा को चेतावनी देकर किया माफ

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने 30 अक्टूबर को असम में होने वाले विस उपचुनाव की प्रचार मुहिम के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में राज्य के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के नेता हिमंत बिस्व सरमा को बुधवार को चेतावनी देकर माफ कर दिया। आयोग ने कहा कि सोच-विचारकर यह रुख अपनाया गया है कि भाजपा के स्टार प्रचारक सरमा ने आदर्श आचार संहिता के संबंध में आयोग द्वारा जारी परामर्शानिर्देश की भावना का उल्लंघन कर कार्य किया। अब आयोग उन्हें चेतावनी जारी करता है और उन्हें भविष्य में और अधिक सावधान रहने, संयम बरतने और सार्वजनिक बयानबाजी करते समय आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का सख्ती से पालन करने के प्रति आगाह करता है। सड़क एवं अन्य विकास परियोजनाओं का वादा करके आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने को लेकर सोमवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

# ममता के गोवा दौरे से पहले उनकी तस्वीर वाले पोस्टर विकृत किए गए, तृणमूल ने की निंदा

**पणजी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गोवा दौरे से पहले इस तटीय राज्य में लगे उनकी तस्वीर वाले कई पोस्टरों को विकृत करने का मामला सामने आया है। तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को इस घटना की निंदा की करते हुए दावा किया कि यह भाजपा की असहिष्णुता को प्रतिबिंबित करता है। अगले साल यहां होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बनर्जी शुक्रवार को गोवा के दौरे पर आने वाली हैं। उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पहले ही राज्य विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है।

भाजपा ने रविवार को दावा किया था कि तृणमूल कांग्रेस की गोवा इकाई ने सोशल मीडिया पर कार्टून पोस्ट किया है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत को ममता बनर्जी अपने पैरों तले कुचलने का प्रयास करती दिख रही हैं। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सांवत के कार्यालय ने बयान में दावा किया कि बनर्जी की पार्टी द्वारा किए गए ट्वीट को तुरंत हटा दिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने हालांकि तृणमूल कांग्रेस के कथित ट्वीट के स्क्रीनशॉट को साझा किया।

इसके बाद तृणमूल कांग्रेस की ओर से राज्य में लगाए गए कई पोस्टर और होर्डिंग में तोड़-फोड़ की गई जिनमें ममता बनर्जी की तस्वीर थी। तृणमूल कांग्रस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, (देश में इस समय)एकमात्र महिला मुख्यमंत्री का अपमान किया गया है। हम सभी जानते हैं कि यह गोवा की संस्कृति नहीं है। दावा किया कि भाजपा स्थानीय कारोबार को नुकसान पहुंचा रही है क्योंकि ठेकेदारों को इन तोड़फोड़ वाले पोस्टरों के लिए अपनी जेब से भुगतान करना होगा। ब्रायन ने कहा कि अगर भाजपा उनकी पार्टी के साथ लड़ना चाहती है तो उसे यह राजनीतिक रूप से करना चाहिए।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा
उत्तराखण्ड पेयजल निगम, डीडीहाट, पिथौरागढ

निविदा सूचना संख्या : 2193/निविदा/702 | ई-निविदा सूचना | दिनांक : 26/10/2021

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल निगम तथा उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजना के अन्तर्गत पाईप लाईन, जलाशय एवं तत्सम्बन्धी कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्यों का विवरण | विकास खण्ड | धरोहर राशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | आनलाईन प्रकाशन की तिथि | कार्य की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी (पाईप लाईन) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हुनेरा, हुम्कापीठा-चुपड़ाखेत पे0यो0 (जे0जे0एम0 फेज-द्वितीय) | डीडीहाट | 1.45 | 4000.00+ 18% GST | 28.10.2021 | 6 माह | सी0 एवं उच्चत्तर |

निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते, शुद्धिपत्र एवं निरस्तीकरण आदि www.uktenders.gov.in पर अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, डीडीहाट में देखी जा सकती है।
अधिशासी अभियन्ता

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स शिवम ज्वैलर्स/ नर्मदा देवी/ कृषण कुमार वर्मा/ खाता नंबर- 629205027350/ 629260003833 | कृषण कुमार वर्मा और नर्मदा देवी की आवासीय संपत्ति हाउस नंबर- 65 पर स्थित, एसएफ, ब्लॉक एएच, शालीमार बाग, दिल्ली- 110088/ अक्टूबर 26,2021 | जून 19, 2021 ₹ 36,52,642/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक: अक्टुबर 28, 2021
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



काकराझर में असाम के मुख्यमंत्री और नीडा के संयोजक हिमंत बिसवा सरमा रैली के दौरान चुनाव प्रचार करते हुए।

# राजस्थान के राजस्व मंत्री हरीश चौधरी ने मंत्री पद छोड़ने की इच्छा जताई

**जयपुर।** राजस्थान के राजस्व मंत्री हरीश चौधरी ने मंत्री पद छोड़ने की इच्छा जताई है और इस बारे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित पार्टी आलाकमान को अवगत करा दिया है। पार्टी ने चौधरी को हाल में पंजाब का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है और चौधरी पंजाब में संगठन को अधिक समय देना चाहते हैं ताकि एक बार फिर वहां कांग्रेस की सरकार बने। चौधरी ने कहा कि वह एक व्यक्ति एक पद की विचारधारा में विश्वास रखते हैं और चाहते हैं कि पार्टी ने उन्हें जो नई जिम्मेदारी दी है उसे समर्पित भाव से निभा सकें। अपनी इस सोच से उन्होंने पार्टी आलाकमान को अवगत करा दिया है।

मैंने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, हमारे प्रदेश प्रभारी व मुख्यमंत्री इससे अवगत करा दिया है। इसके साथ ही चौधरी ने कहा कि वह मंत्री पद से अपने इस्तीफे को लेकर किसी तरह के विवाद या अटकलबाजी को हवा नहीं देना चाहते। उन्होंने कहा कि, यह मेरी सोच है, जिससे मैंने पार्टी आलाकमान को अवगत कराया है। उल्लेखनीय है कि पार्टी आलाकमान ने हाल में चौधरी को पंजाब के लिए प्रदेश प्रभारी बनाया है।

चौधरी ने कहा कि वह अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी से निभाना चाहते हैं। पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की संभावनाओं के बारे में चौधरी ने कहा कि वह बीते कुछ महीने से पंजाब में पार्टी संगठन को देख-समझ रहे हैं और उनके हिसाब से चीजें अब भी पकड़ में हैं और पार्टी बहुमत से सरकार बनाएगी। दिल्ली में मौजूद चौधरी की बुधवार को पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात हुई और उन्होंने संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। हरीश चौधरी राज्य की बायतू सीट से विधायक हैं और अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली सरकार में राजस्व मंत्री हैं। उनकी गिनती राज्य के सबसे कद्दावर मंत्रियों में होती है। साथ ही उन्हें राहुल गांधी का भी करीबी माना जाता है।

## गढ़चिरौली में खनन पट्टा रद्द करने की मांग को लेकर आदिवासियों का धरना शुरू

**नागपुर।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के एटापल्ली तालुका में आदिवासियों ने लौह अयस्क खनन परियोजना को रद्द करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। स्थानीय आदिवासियों ने 25 अक्टूबर को सुरजागढ़ परम्परागत इलाका घोटुल समिति के तत्वावधान में सुरजागढ़ में लौह अयस्क खनन परियोजना को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया था और एक निजी कंपनी को दिए गए पट्टे को रद्द करने की मांग की थी। शेतकरी कामगार पक्ष के स्थानीय नेता तथा राज्य समिति के सदस्य रामदास जराटे ने पीटीआई-भाषा से फोन पर कहा कि उन्होंने गढ़चिरौली में खनन गतिविधियों पर आपत्ति जताते हुए केंद्र और राज्य सरकार को कई बार पत्र लिखा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सुरजागढ़ खनन परियोजना को दिया गया पट्टा पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम यानी पेसा अधिनियम, 1996 और वन अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है।

# धनशोधन मामले में महबूबा मुफ्ती की याचिका स्थानांतरित करने का शीर्ष अदालत से आग्रह

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने उच्चतम न्यायालय से पीडीपी की नेता महबूबा मुफ्ती की उस याचिका को स्थानांतरित करने का आग्रह किया है जिसमें धनशोधन रोकथाम अधिनियम के एक प्रावधान को चुनौती दी गई है। केंद्र की ओर से पेश वकील ने मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ को बताया कि स्थानांतरण याचिका के शीर्ष अदालत के समक्ष एक सप्ताह के भीतर-29 अक्टूबर को सुनवाई के लिए आने की संभावना है। उच्च न्यायालय ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 23 दिसंबर की निर्धारित कर दी।

केंद्र ने पहले अदालत को बताया था कि धनशोधन रोकथाम अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों और योजना से संबंधित कई याचिकाएं उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं और मामला एक विशेष पीठ को सौंपा गया है तथा पक्षों ने कुछ प्रश्नों का आदान-प्रदान किया है, जिनमें से एक प्रश्न वह भी है जो इस याचिका में है। केंद्र ने कहा था कि वह एक स्थानांतरण याचिका दायर करना चाहता है ताकि इन मामलों को एक साथ सूचीबद्ध किया जा सके। इसने कहा था कि उच्चतम न्यायालय के समक्ष सवालों में धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत जांच शुरू करने से संबंधित मुद्दे शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने मार्च में दायर अपनी याचिका में संबंधित कानून की धारा 50 को अमान्य और निष्क्रिय घोषित करने का आग्रह करते हुए कहा था कि यह अनुचित रूप से भेदभावपूर्ण, सुरक्षा उपायों से रहित है और संविधान के अनुच्छेद 20 (3) का उल्लंघन करती है। अधिनियम की धारा 50 प्राधिकार, यानी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को सबूत देने या रिकॉर्ड पेश करने के लिए तलब करने का अधिकार देती है। तलब किए गए सभी व्यक्ति उनसे पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देने और ईडी अधिकारियों के लिए जरूरी आवश्यक दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए बाध्य हैं। ऐसा नहीं करने पर उन्हें अधिनियम के तहत दंडित किया जा सकता है।

महबूबा ने धनशोधन के एक मामले में ईडी द्वारा उन्हें समन जारी किए जाने को भी चुनौती दी है और इस पर रोक लगाने का आग्रह किया है जिसे पूर्व में अदालत ने खारिज कर दिया था। अनुच्छेद 370 की समाप्ति के साथ जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद एक साल से अधिक समय तक हिरासत में रहीं 61 वर्षीय महबूबा को राष्ट्रीय राजधानी में ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए नोटिस जारी किया गया था। शुरुआत में ईडी ने मुफ्ती को 15 मार्च को तलब किया था, लेकिन उस समय उसने उनके व्यक्तिगत तौर पर पेश होने पर जोर नहीं दिया था। इसके बाद उन्हें 22 मार्च को तलब किया गया था।

PUBLIC NOTICE

शताब्दी सहकारी आवास समिति लि० द्वारा सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि समिति को अपने भूखंड संख्या 3/SP-08, सेक्टर – 3, सिद्धार्थ विहार, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश पर किसी प्रतिष्ठित प्राइवेट कंपनी/ फर्म के माध्यम से जॉइंट वेंचर एग्रीमेंट के तहत फ्लैट निर्माण का कार्य कराना है। इक्छुक कंपनी/ फर्म को आवासीय भवन निर्माण कार्य का पर्याप्त अनुभव होना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु इक्छुक कंपनी/ फर्म समिति के संपर्क कार्यालय – जे–125, सै. 9, विजय नगर, गाज़ियाबाद (उ.प्र) में दिनांक 28.10.2021 से लेकर दिनांक 10.11.2021 के बीच (समय प्रातः 11 बजे से लेकर सायं 5 बजे के बीच) (रविवार छोड़ कर) संपर्क कर सकते है। निविदा प्रपत्र की लागत रूपये 8,000/ है निविदा प्रपत्र की लागत राशि नगद या डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा दी जा सकती है। डिमांड ड्राफ्ट "शताब्दी सहकारी आवास समिति लि०", गाज़ियाबाद पर देय होगा। कंपनी/ फर्म अपनी निविदा सील बंद लिफाफे में रख कर पता प्लाट संख्या 3/SP-08, सेक्टर–3, सिद्धार्थ विहार, गाज़ियाबाद, उत्तर प्रदेश पर डाक/ कूरियर द्वारा या स्वयं जमा कर सकती है समिति बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है निविदा जमा करने की तिथि 12.11.2021 समय 4 बजे तक है प्राप्त निविदा को दिनांक 15.11. 2021 सायं; 4 बजकर 30 मिनट पर कंपनी/फर्म के प्रतिनिधियों के सामने खोला जायेगा।
शताब्दी सहकारी आवास समिति लि०

सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | देविन्दर कुमार/दीपिका/ LBDEL00002157515/ LBDEL00002157516 | फ्लैट नंबर 1206, भू तल, ब्लॉक-ए, पाकेट-ए, लोकनायक पुरम, नई दिल्ली /22 अक्टूबर, 2021 | 16 जून, 2021 रू. 15,47,383/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 2. | दीपक जैन/राज बाला जैन/ LBDEL00004913056 | सम्पत्ति सं. 231 एवं 232, ब्लॉक सी-5, सेक्टर-6, पाकेट-5, तृतीय तल छत/टेरेस के साथ 1/4 स्टिल्ट पार्किंग अधिकार, रोहिणी, दिल्ली | 31 मई, 2021 रू. 42,98,836/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 3. | इन्नोवेक्स डिजाइन सर्विसेज प्रा. लि./विवेक खुराना/निधि विवेक खुराना/ LBNOD00002084941 | फ्लैट नंबर-ईएच-III-101, प्रथम तल, एल्डीको यूटोपिया, सेक्टर-93 ए, नोएडा, उत्तर प्रदेश/ 22 अक्टूबर, 2021 | 25 जून, 2021 रू. 47,83,570/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 4. | इन्नोवेक्स डिजाइन सर्विसेज प्रा. लि./विवेक खुराना/निधि विवेक खुराना/ LBNOD00005311786 | फ्लैट नंबर-ईएच-III-101, प्रथम तल, एल्डीको यूटोपिया, सेक्टर-93 ए, नोएडा, उत्तर प्रदेश/ 22 अक्टूबर, 2021 | 19 जून, 2021 रू. 8,97,589/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 5. | कुशा चरण स्वैन/श्रद्धांजलि स्वैन/ LBGHZ00002360284 | फ्लैट नंबर 1602, 16वां तल, ब्लॉक बी, गायत्री औरा, टावर प्लॉट नंबर जीएच-011, सेक्टर-01, ग्रेटर नोएडा/ 22 अक्टूबर, 2021 | 19 जून, 2021 रू. 17,94,858/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 6. | आशा रानी शर्मा/श्री दत्त शर्मा/ LBDEL00003704694/ LBDEL00003704698 | एचआईजी फ्लैट नंबर 566, प्रथम तल, मेट्रो व्यू अपा., पाकेट-बी, सेक्टर-13, द्वारका, दिल्ली /22 अक्टूबर, 2021 | 19 जून, 2021 रू. 21,63,352/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 7. | मनीष कुमार सिंह/सुचिता सिंह/LBDEL00002887830 | एलआईजी फ्लैट नंबर 356, ब्लॉक-डी, डीडीए एलआईजी एक्सपेंडेबल, पाकेट-III, बिंदापुर, दिल्ली /22 अक्टूबर, 2021 | 23 जून, 2021 रू. 33,38,445/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 8. | प्रदीप कुमार मिश्रा/लता/LBGHZ00002383266 | फ्लैट नंबर 403, चतुर्थ तल, टावर-ए 4, कासा ग्रीन्स-1, प्लॉट नंबर जीएच-04ए, सेक्टर-16, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/ 22 अक्टूबर, 2021 | 23 जून, 2021 रू. 29,58,332/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 9. | शाहीन बानो/नफीस अहमद/LBGHZ00004674092/ LBGHZ00004725496 | फ्लैट नंबर 409, चतुर्थ तल, नित्य होम्स, ब्लॉक एस, खसरा नंबर - 1060, ग्राम नूर नगर, गाजियाबाद/ 22 अक्टूबर, 2021 | 19 जून, 2021 रू. 21,02,003/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 10. | यूसुफ खान/सबा/ LBDEL00003638246/ LBDEL00003732276 | फ्लैट नंबर 1303, खसरा नंबर - 1059 और 1098, ग्राम नूर नगर, गाजियाबाद/ 22 अक्टूबर, 2021 | 19 जून, 2021 रू. 24,44,833/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 11. | राजीव सरकार/प्रिया सरकार/ LBNOD00000639572 | प्लॉट नंबर- डी-166/16, सेक्टर-50 नोएडा/ 22 अक्टूबर, 2021 | 19 जून, 2021 रू. 8,22,408/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 12. | विक्रम मल्ला/नीलम रानी/ LBDEL00005333323 | प्लॉट नंबर 2/324, द्वितीय तल, सुभाष नगर, दिल्ली-110027 /22 अक्टूबर, 2021 | 08 जून, 2021 रू. 5,83,263/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 13. | जाकिर हुसैन/मोमीना हुसैन/ LBDEL00002023052 / LBDEL00002023060 | प्लॉट नंबर 1011 का सम्पूर्ण द्वितीय तल (छत के अधिकार सहित) पोर्शन, सैक्टर-1, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश /22 अक्टूबर, 2021 | 16 जून, 2021 रू. 26,03,117/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 14. | निकिता काबरा/सिद्धांत गुप्ता/ LBDEL00002369511 | फ्लैट नंबर 1802, 17वां तल, टावर-सी, गैलेक्सी वेगा, प्लॉट नंबर जीएच-08सी, सेक्टर-टेकजोन-4, ग्रेटर नोएडा /22 अक्टूबर, 2021 | 19 जून, 2021 रू. 23,39,207/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 15. | वंदना सिन्हा/कमलेश कौर सिन्हा/ LBDEL00003217779 | मकान नंबर आरजेड-एफ-1/49, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 49, खसरा नंबर 88/7, गली नंबर 1-ए, पालम कालोनी महावीर एन्क्लेव के नाम से ज्ञात, दिल्ली /22 अक्टूबर, 2021 | 23 जून, 2021 रू. 37,05,760/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 16. | विकास भटनागर/अर्चना भटनागर/ मैक्सेमस फार्मा प्रा. लि./प्रदीप चावला, LBDEL00002129288/ LBDEL00002129290 | प्लॉट नंबर 12, ब्लॉक नंबर ए-2, द्वितीय तल, पश्चिम विहार, दिल्ली /22 अक्टूबर, 2021 | 23 जून, 2021 रू. 1,39,37,440/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 17. | वोग क्राफ्ट्स ऐंड डिजाइन्स प्रा. लि./भूपेश महाजन/रवीन्द्र लाल महाजन/एलबीडीईएल00003154946/ एलबीडीईएल00005317157/ एलबीडीईएल00003163987 | फ्लैट नंबर बी-63, छठा तल, मोडेस्ट केतकी कोआपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी, प्लॉट नंबर 8 बी, सेक्टर-11, द्वारका, दिल्ली /22 अक्टूबर, 2021 | 23 जून, 2021 रू. 1,76,33,237/- | दिल्ली/एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 28-10-2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# शेयर बाजारों में दो दिन की तेजी थमी, सेंसेक्स 207 अंक टूटा

भाषा। मुंबई

**वैश्विक बाजारों** के कमजोर रुख के बीच शेयर बाजारों में पिछले दो दिन से जारी तेजी का सिलसिला बुधवार को थम गया। मासिक डेरिवेटिव्स अनुबंधों के निपटान की वजह से भी बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। कारोबारियों ने कहा कि रुपए में गिरावट तथा कंपनियों के मिलेजुले तिमाही नतीजों से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 206.93 अंक या 0.34 प्रतिशत के नुकसान से 61,143.33 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 57.45 अंक या 0.31 टूटकर 18,210.95 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 6.52 प्रतिशत टूटा। बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील और एनटीपीसी के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं







दूसरी ओर एशियन पेंट्स, सन फार्मा, इन्फोसिस, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल और एचसीएल टेक के शेयर 4.42 प्रतिशत तक के लाभ में रहे। मारुति सुजुकी का सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 487 करोड़ रुपए रहा है। इसके बावजूद कंपनी का शेयर मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक धारणा के अनुरूप घरेलू बाजार भी नकारात्मक दायरे में रहे। वित्तीय कंपनियों के शेयरों में गिरावट से बाजार नीचे आया। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, मिलेजुले वैश्विक रुख के बीच बाजार में कारोबार सुस्त रहा। शुरुआत में एशियाई बाजारों के कमजोर रुख से धारणा प्रभावित हुई। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप 0.30 प्रतिशत तक चढ़ गए। अन्य एशियाई बाजारों में चीन के शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग के हैंगसेंग, जापान के निक्की तथा दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में नुकसान रहा। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजारों में गिरावट थी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 1.09 प्रतिशत के नुकसान से 84.72 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सात पैसे के नुकसान से 75.03 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इस बीच, शेयर बाजारों के अस्थाई आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 2,368.66 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

## मारुति का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 66 प्रतिशत घटकर 487 करोड़ रुपए

भाषा। नई दिल्ली

**देश की** सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को बताया कि 30 सितंबर, 2021 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 66 प्रतिशत घटकर 487 करोड़ रुपए रह गया। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन अवधि में सेमीकंडक्टर की कमी से विनिर्माण प्रभावित हुआ। इसके अलावा जिंस लागत बढ़ने से भी मारुति का मुनाफा प्रभावित हुआ। इससे पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी ने 1,420 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन से एकीकृत आय 20,551 करोड़ रुपए रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 18,756 करोड़ रुपए थी।

दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल वाहनों की बिक्री तीन प्रतिशत घटकर 3,79,541 इकाई रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,93,130 इकाई थी। समीक्षाधीन तिमाही में




घरेलू बिक्री 3,20,133 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 3,70,619 इकाई थी। कंपनी ने हालांकि इस दौरान रिकॉर्ड 59,408 इकाइयों का निर्यात किया। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 22,511 इकाई था। मारुति ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों की कमी के कारण लक्ष्य के अनुसार उत्पादन नहीं किया जा सका, जिससे ज्यादातर घरेलू मॉडल प्रभावित हुए। कंपनी ने बताया कि तिमाही के अंत में उसके पास दो लाख से अधिक लंबित ग्राहक ऑर्डर थे, और वह आपूर्ति में तेजी लाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। कंपनी ने कहा कि बीते दिनों इस्पात, एल्युमीनियम और अन्य धातुओं की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, जिससे उसका मुनाफा प्रभावित हुआ।

## क्विक न्यूज

### वाशिंगटन ने चीनी दूरसंचार कंपनी को अमेरिकी बाजार से निष्कासित किया

**बीजिंग।** चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच एक अमेरिकी नियामक ने राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे के मद्देनजर चाइना टेलीकॉम लिमिटेड की एक इकाई को अमेरिकी बाजार से निष्कासित कर दिया है। चाइना टेलीकॉम लिमिटेड, चीन में सार्वजनिक क्षेत्र की तीन सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनियों में एक है। संघीय संचार आयोग के मंगलवार के एक आदेश के तहत चाइना टेलीकॉम (अमेरिका) कॉरपोरेशन को 60 दिनों के भीतर अमेरिका में घरेलू अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सेवाओं को बंद करना होगा। आयोग ने कहा कि बीजिंग अमेरिकी संचार को छिपाने या बाधित करने के लिए इस कंपनी का इस्तेमाल कर सकता है। इसके अलावा संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ जासूसी और अन्य हानिकारक गतिविधियों में शामिल होने की आशंका भी जताई गई।

### आयकर विभाग ने अपने पोर्टल पर कर ऑडिट उपयोगिता फार्म को सक्षम किया

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने अपने पोर्टल पर वित्त वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए कर ऑडिट उपयोगिता फार्म को सक्षम किया है। यदि वित्त वर्ष 2020-21 (आकलन वर्ष 2021-22) में व्यापार की बिक्री, टर्नओवर या सकल प्राप्तियां 10 करोड़ रुपए से अधिक है, तो आयकर कानून के तहत करदाताओं को अपने खातों का ऑडिट करवाना जरूरी है। पेशेवरों के मामले में यह सीमा 50 लाख रुपए है। वित्त वर्ष 2019-20 के लिए यह सीमा क्रमशः पांच करोड़ रुपए और 50 लाख रुपए है। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए कर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम तारीख 15 जनवरी 2022 है। वित्त वर्ष 2019-20 के लिए इसे 15 जनवरी 2021 तक दाखिल करना था, हालांकि कंपनियां अभी भी संशोधित कर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल कर सकती हैं।

### क्लाउड कारोबार में बढ़ोतरी से माइक्रोसॉफ्ट का मुनाफा 24 फीसदी बढ़ा

**रेडमंड (अमेरिका)।** क्लाउड कंप्यूटिंग कारोबार में बढ़ोतरी के चलते माइक्रोसॉफ्ट का मुनाफा जुलाई-सितंबर तिमाही में 24 फीसदी बढ़ गया। वाशिंगटन के रेडमंड में स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी ने मंगलवार को बताया कि उसका तिमाही मुनाफा 17.2 अरब अमेरिकी डॉलर या प्रति शेयर 2.27 अमेरिकी डॉलर रहा। इस तरह माइक्रोसॉफ्ट ने विश्लेषकों के अनुमान को पीछे छोड़ दिया, जो प्रति शेयर 2.08 अमेरिकी डॉलर के मुनाफे की उम्मीद जता रहे थे। कोरोना वायरस महामारी के दौरान घर से काम करने का चलन बढ़ा और इसके साथ ही माइक्रोसॉफ्ट के सॉफ्टवेयर और क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाओं की मांग भी बढ़ी।

### गूगल विज्ञापनों की कमाई से मूल कंपनी अल्फाबेट का मुनाफा 68 प्रतिशत बढ़ा

**माउंटेन व्यू (अमेरिका)।** गूगल की डिजिटल विज्ञापनों से आमदनी में जोरदार बढ़ोतरी से मूल कंपनी अल्फाबेट का मुनाफा जुलाई-सितंबर 2021 तिमाही में 68 प्रतिशत बढ़ गया। कैलिफोर्निया के माउंटेन व्यू में स्थित अल्फाबेट इंक ने मंगलवार को कहा कि उसने तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 18.94 अरब अमेरिकी डॉलर या प्रति शेयर 27.99 अमेरिकी डॉलर की कमाई की। इस दौरान कंपनी की आय 41 फीसदी बढ़कर 65.12 अरब डॉलर हो गई। फैक्टसेट के एक सर्वेक्षण में विश्लेषकों ने 63.53 अरब अमेरिकी डॉलर की आय पर प्रति शेयर 23.73 अमेरिकी डॉलर के मुनाफे की उम्मीद जताई थी। ई-मार्केटर के अनुसार वैश्विक स्तर पर 455 अरब डॉलर के डिजिटल विज्ञापन बाजार में गूगल का 29 प्रतिशत हिस्सा है, जिसके बाद फेसबुक का स्थान है।

### भारत कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए 23 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा: बोफा सिक्योरिटीज

**मुंबई।** भारत कार्बन उत्सर्जन को घटाने के लिए वर्ष 2030 तक 316 अरब डॉलर (करीब 23 लाख करोड़ रुपए) का निवेश करेगा। कुल निवेश रकम की ज्यादातर राशि नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर खर्च की जाएगी। ब्रोकरेज कंपनी बोफा सिक्योरिटीज ने बुधवार को यह बात कही। बोफा सिक्योरिटीज ने कहा कि यह निवेश पहले से अनुमानित छह लाख करोड़ रुपए के अतिरिक्त होगा, जिसे भारत 2015 में पेरिस जलवायु समझौते में शामिल होने के बाद से खर्च कर चुका है। जलवायु परिवर्तन पर ग्लासगो शिखर सम्मेलन से पहले संवाददाताओं से बात करते हुए कंपनी के अनुसंधान प्रमुख अमिश शाह ने कहा कि भारत कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले सबसे सक्रिय देशों में से एक रहा है। उन्होंने कहा कि कार्बन तटस्थता प्राप्त करने की समयसीमा की फिलहाल घोषणा न करके भारत ने सही किया है। दुनिया की अन्य सभी प्रमुख देशों ने भी यही किया है। एक अनुमान के अनुसार कार्बन उत्सर्जन घटाने के प्रयासों से भारत को वर्ष 2015 से 2030 के बीच 106,000 मेगावॉट से अधिक ऊर्जा बचाने में मदद मिलेगी और 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में 1.1 अरब टन की कटौती होगी।

### आरबीआई ने बलदेव प्रकाश को जम्मू-कश्मीर बैंक का एमडी, सीईओ नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बलदेव प्रकाश को जम्मू-कश्मीर बैंक का अगला प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी। उनकी नियुक्ति अगले साल से प्रभावी होगी। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि आरबीआई ने 26 अक्टूबर, 2021 के पत्र के माध्यम से एमडी और सीईओ के पद पर प्रकाश की नियुक्ति को मंजूरी दी। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तारीख या 10 अप्रैल 2022, जो पहले हो, से तीन साल के लिए होगी। बैंक का निदेशक मंडल बलदेव प्रकाश की एमडी और सीईओ के रूप में नियुक्ति और उनके द्वारा कार्यभार संभालने की तारीख के बारे में अलग से जानकारी देगा। प्रकाश को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में 30 से अधिक वर्षों का अनुभव है। वह 1991 में एक परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में एसबीआई में शामिल हुए थे और इस समय एसबीआई, मुंबई में मुख्य महाप्रबंधक हैं।

### इंडियन ओवरसीज बैंक का दूसरी तिमाही का मुनाफा बढ़कर 376 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 376 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 148 करोड़ रुपए था। समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक आईओबी रिजर्व बैंक की त्वरित सुधारात्मक कार्वाई (पीसीए) से भी बाहर आया। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में उसकी कुल आय 5,376 करोड़ रुपए रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 5,431 करोड़ रुपए थी। संपत्ति के मामले में बैंक ने शुद्ध गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) को लेकर अच्छा प्रदर्शन किया। 30 सितंबर, 2021 तक कुल ऋण पर बैंक का शुद्ध एनपीए 2.77 प्रतिशत रहा, जो एक साल पहले 4.30 प्रतिशत था।

## विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के निवेश मूल्य में पहली छमाही में 112 अरब डॉलर का उछाल: रिपोर्ट

**मुंबई।** बाजार में तेजी जारी रहने के साथ विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का घरेलू शेयरों में निवेश मूल्य एक अप्रैल से 30 सितंबर, 2021 के बीच 112 अरब डॉलर उछलकर 667 अरब डॉलर पहुंच गया। हालांकि, शेयरों का अधिक मूल्यांकन उनकी चिंता बढ़ा रहा है। ब्रोकरेज कंपनी बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज इंडिया ने एक रिपोर्ट में यह कहा। पिछले साल महामारी की शुरुआत के साथ मार्च, 2020 में बाजार 23 प्रतिशत नीचे आ गया था। लेकिन उसके बाद से सेंसेक्स में तेजी आई और तीन फरवरी को यह 50,000 अंक, 25 सितंबर को 60,000 अंक और 14 अक्टूबर को 61,000 के स्तर पर पहुंच गया। बीएसई सेंसेक्स 19 अक्टूबर को 62,000 के स्तर पर पहुंच गया जबकि मार्च, 2020 में यह 25,000 अंक के नीचे था। एफपीआई का निवेश मूल्य मार्च, 2021 को 555 अरब डॉलर था। यह सितंबर, 2020 से मार्च, 2021 के बीच की अवधि से 105 अरब डॉलर अधिक है।

इस साल जून में एफआईआई का निवेश मूल्य केवल 592 अरब डॉलर था। इसका मतलब है कि बाजार में तेजी के साथ उनका निवेश मूल्य 38 अरब डॉलर बढ़ा। जबकि शुद्ध रूप से बढ़ा हुआ निवेश इस दौरान लगभग शून्य था। एफपीआई ने अगस्त में फरवरी, 2020 के बाद से सबसे कम कम राशि का निवेश किया। उन्होंने केवल 28.1 करोड़ डॉलर लगाए। बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज इंडिया की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का निवेश मूल्य सितंबर के अंत में 667 अरब डॉलर रहा।



कोलकाता में दीपावली त्योहार पर घरों को सजाने के लिए बिजली की झालरों की खरीददारी करते लोग

## जीएसटी अधिकारियों ने 48 करोड़ रुपए की कर चोरी में तीन को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने फर्जी कंपनियों के जरिए 48 करोड़ रुपए से अधिक की जीएसटी चोरी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। जीएसटी आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) की गुरुग्राम क्षेत्रीय इकाई ने जाली दस्तावेजों के आधार पर कई फर्जी कंपनियां चलाने के आरोप में जीएसटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मंत्रालय के अनुसार आरोपियों ने 20 से अधिक फर्जी फर्मों के जरिए जाली बिल निकालकर 22 करोड़ रुपए से अधिक का इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) हासिल किया। इस मामले में 5 अक्टूबर और 9 अक्टूबर को दिल्ली से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## अगले सप्ताह बढ़ सकते हैं रसोई गैस सिलेंडर के दाम, पेट्रोल, डीजल और महंगा हुआ

भाषा। नई दिल्ली

**रसोई गैस** सिलेंडर (एलपीजी) के दाम अगले सप्ताह बढ़ सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस बीच, दो दिन के अंतराल के बाद बुधवार को वाहन ईंधन कीमतों में फिर बढ़ोतरी हुई। पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम 35 पैसे प्रति लीटर और बढ़ गए हैं। सूत्रों ने बताया कि एलपीजी के मामले में लागत से कम मूल्य पर बिक्री से होने वाला नुकसान (अंडररिकवरी) 100 रुपए प्रति सिलेंडर पर पहुंच चुका है। इस वजह से इसकी कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है।

सूत्रों ने बताया कि रसोई गैस सिलेंडर का दाम कितना बढ़ेगा, यह सरकार की अनुमति पर निर्भर करेगा। इससे पहले छह अक्टूबर को रसोई गैस सिलेंडर के दाम 15 रुपए बढ़ाए गए थे। जुलाई से 14.2 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर का दाम 90 रुपए





बढ़ चुका है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को खुदरा दाम लागत के अनुरूप करने की अनुमति नहीं दी गई है। इसके अलावा इस अंतर को पाटने के लिए अभी तक सरकार की ओर से कोई सब्सिडी भी नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में बढ़ोतरी के बीच एलपीजी की बिक्री पर नुकसान 100 रुपए प्रति सिलेंडर पर पहुंच गया है। जहां सऊदी अरब में एलपीजी की दर इस महीने 60 प्रतिशत के उछाल के साथ 800 डॉलर प्रति टन हो गई है, वहीं अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 85.42 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच चुका है। एक अन्य सूत्र ने कहा, एलपीजी अभी नियंत्रित जिंस है। ऐसे में तकनीकी रूप से सरकार इसके खुदरा दाम का नियमन कर सकती है। लेकिन ऐसा करने पर सरकार को पेट्रोलियम कंपनियों को लागत से कम मूल्य पर बिक्री के नुकसान को पूरा करना होगा। इस समय दिल्ली और मुंबई में रसोई गैस सिलेंडर का दाम 899.50 रुपए है। वहीं कोलकाता में यह 926 रुपए है। देश में पात्र परिवारों को इन्हीं दरों पर सब्सिडी वाला रसोई गैस सिलेंडर मिलता है। एक साल में उन्हें 14.2 किलोग्राम के 12 सिलेंडर सब्सिडी वाली दरों पर मिलते हैं। इस बीच, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बुधवार को 35 पैसे प्रति लीटर की और वृद्धि हुई। इससे पहले दो दिन तक वाहन ईंधन के दाम नहीं बढ़ाए गए थे। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में अब पेट्रोल 107.94 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। वहीं मुंबई में यह 113.80 रुपए प्रति लीटर हो गया है। इसी तरह दिल्ली में डीजल 96.67 रुपए प्रति लीटर और मुंबई में 104.75 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। देश के सभी प्रमुख शहरों में पेट्रोल पहले ही शतक लगा चुका है। वहीं डेढ़ दर्जन से ज्यादा राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में डीजल 100 रुपए प्रति लीटर के पार निकल गया है। पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने 28 सितंबर से पेट्रोल कीमतों में बढ़ोतरी का सिलसिला फिर शुरू किया था।

## एमएफआई को परिसंपत्ति में भारी वृद्धि के लिए असावधान नहीं होना चाहिए: आरबीआई

भाषा। मुंबई

**भारतीय रिजर्व** बैंक के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बैंक माइक्रोफाइनेंस (एमएफआई) क्षेत्र को बढ़ावा देगा, लेकिन ऋणदाताओं को उच्च परिसंपत्ति वृद्धि और प्रतिफल पाने के लिए असावधान नहीं होना चाहिए। एमएफआई क्षेत्र के एक स्व-नियामक संगठन सा-धन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में राव ने कहा कि माइक्रोफाइनेंस ऋणदाताओं को मुख्यधारा के वित्त की रणनीतियों की नकल नहीं करनी चाहिए, क्योंकि उनकी सेवाओं में सामाजिक उद्देश्यों को जगह देने की अधिक जरूरत होती है।

राव ने कहा, उच्च परिसंपत्ति वृद्धि और प्रतिफल पाने के लिए (एमएफआई) ऋणदाताओं को असावधान नहीं होना चाहिए। एमएफआई की प्रतिकूल कार्वाई के जरिए कोई भी चूक दशकों में हासिल




की गई जबरदस्त प्रगति को खत्म कर सकती है। उन्होंने कहा कि माइक्रोफाइनेंस की शुरुआत के उद्देश्यों को नहीं भूलना चाहिए। डिप्टी गवर्नर ने कहा कि एमएफआई को पहले ग्राहकों की जरूरतों को समझने पर ध्यान देना चाहिए और सही वित्तीय उत्पादों के जरिए उन्हें पर्याप्त सहायता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चूंकि एमएफआई ग्राहकों में वित्तीय जागरूकता का स्तर कम है और वे कहीं से भी कर्ज लेने के लिए बेताब हैं, इसलिए उन्हें देखभाल और सहानुभूति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसा सिर्फ बातों में नहीं, बल्कि असल में होना चाहिए।

## पेज एक का शेष

### भारत ने...

किया है। नए कानून में सीमाओं पर व्यापार क्षेत्रों की स्थापना तथा सीमा आर्थिक सहयोग क्षेत्र बनाने का प्रस्ताव है। वहीं, सीमा मुद्दे को लेकर भारत और चीन के बीच विशेष प्रतिनिधि स्तर की कई दौर की वार्ता हो चुकी है। इसकी स्थापना सीमा विवाद का जल्द समाधान निकालने के लिए किया गया था। दोनों पक्षों का मानना है कि सीमा मुद्दे के अंतिम समाधान निकलने तक यह जरूरी है कि सीमा क्षेत्रों में अमन एवं शांति बनाए रखी जाए। पिछले वर्ष पांच मई को पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच हिंसक झड़प के बाद सीमा गतिरोध शुरू हो गया था। इसके बाद दोनों ओर से सीमा पर सैनिकों एवं भारी हथियारों की तैनाती की गई थी। गतिरोध को दूर करने को लेकर दोनों देशों के बीच राजनयिक एवं सैन्य स्तर पर कई वार्ताएं भी हो चुकी हैं। दोनों पक्षों ने पिछले महीने गोगरा क्षेत्र से पीछे हटने का काम पूरा कर लिया लेकिन कुछ स्थानों पर अभी गतिरोध बरकरार है। दोनों पक्षों की ओर से अभी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 50,000 से 60,000 सैनिक तैनात हैं।

### सार्वजनिक स्थलों...

लगा दी थी। छठ पूजा पर रोक के फैसले का विपक्षी भाजपा और कांग्रेस ने विरोध किया था। गौरतलब है कि छठ पूजा बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग दिवाली के छठे दिन मनाते हैं और इस दौरान व्रती पानी में खड़े होकर पहले डूबते सूर्य को और बाद में उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इससे पहले दिन में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुराड़ी के इब्राहिमपुर गांव में उन लोगों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया जो छठ का व्रत रखने वाले हैं। इस मौके पर उनके साथ राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा के पूर्वांचली चेहरा मनोज तिवारी भी थे।

### आर्यन खान...

के बाद पिछले सप्ताह उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख किया। वहीं आर्यन खान की जमानत याचिका पर बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय में हुई सुनवाई के दौरान उनके वकील ने कहा कि एनसीबी ने आर्यन खान और दो अन्य आरोपियों के साजिश में शामिल होने की बात की है, लेकिन आधिकारिक रूप से कभी इस आरोप पर जोर नहीं दिया है। दूसरी ओर स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई क्षेत्र के निदेशक समीर वानखेड़े ने बुधवार को करीब चार घंटे तक विभागीय सतर्कता जांच टीम के समक्ष इस महीने के शुरू में मुंबई तट के नजदीक क्रूज जहाज से मादक पदार्थ की जब्ती के मामले में गिरफ्तार बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को छोड़ने के एवज में वसूली के आरोपों पर अपना बयान दर्ज कराया। इस जांच टीम का नेतृत्व एनसीबी के उप महानिदेशक (उत्तर क्षेत्र) ज्ञानेश्वर सिंह कर रहे हैं। वहीं आर्यन खान की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने तर्क दिया कि यह गिरफ्तारी संवैधानिक प्रावधानों का सीधा उल्लंघन है क्योंकि गिरफ्तारी वारंट में वास्तविक और सही आधार का उल्लेख नहीं था। मर्चेंट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई ने एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत द्वारा मंगलवार को इसी मामले के दो आरोपियों-मनीष राजगढ़िया और अविन साहू- को दी गई जमानत की ओर ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने कहा, उनके खिलाफ भी आरोप समान है। बल्कि उनमें से एक पास से 2.6 ग्राम गांजा मिला था जबकि दूसरे ने उसका सेवन किया था। देसाई ने कहा, इन लड़कों (आर्यन और मर्चेंट) को अगर समानता के आधार पर नहीं तो स्वतंत्रता के आधार पर जमानत दी जानी चाहिए...सख्त शर्तों के आधार पर इन्हें जमानत पर रिहा करें।

### राजनीतिक दल...

पड़ रही है, इसका क्या मतलब है? अभी तक कांग्रेस से इस्तीफा नहीं देने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैंने कांग्रेस में 50 साल बिताए हैं, यदि मैं और 10 दिन उसमें रुकूं तो क्या फर्क पड़ता है? उल्लेखनीय है कि सिंह ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह जल्द ही अपनी नई पार्टी बनाएंगे और अगर तीन कृषि कानूनों को लेकर किसानों के हित में कुछ समाधान निकलता है तो वह भाजपा के साथ 2022 के चुनाव में सीटों के समझौते को लेकर आशान्वित हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि उन्होंने भाजपा के साथ जाने की बात कभी नहीं कही है और वह सिर्फ सीट साझेदारी चाहते हैं। सिंह ने कहा, सैन्य भाषा में इसका अर्थ बलों के सकेंद्रन से है। हालांकि, भगवा पार्टी से इस बारे में अभी तक बात नहीं की है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के साथ जाने का उनका कोई इरादा नहीं है, वह सिर्फ इससे अलग हो चुके अकाली समूहों के साथ जा सकते हैं। शिअद (संयुक्त) प्रमुख सुखदेव सिंह ढींढसा के उनके साथ गठजोड़ करने से कथित तौर पर इनकार करने के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, यदि ढींढसा को असली लड़ाई लड़नी है तो उन्हें अपने बलों का भी सकेंद्रन करना होगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस को हराने के लिए, शिअद, आम आदमी पार्टी, हम सभी को एक संयुक्त ताकत के तौर पर काम करना होगा। सिंह ने अपनी पाकिस्तानी मित्र अरूशा आलम के खिलाफ आरोपों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि आलम उनके पास 16 वर्षों से यात्रा पर आती रही हैं और वह उन्हें फिर से न्यौता देंगे।

### बीएसएफ का...

और असम में अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर के दायरे में तलाशी, जब्ती और गिरफ्तारी का अधिकार देने के लिए बीएसएफ अधिनियम में संशोधन किया था। इससे पहले बीएसएफ के पास यह अधिकार सीमा से 15 किलोमीटर के दायरे में था। उन्होंने पाकिस्तान से आने वाले नशीले पदार्थों, हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी के अलावा भारतीय सीमा में उन्नत तकनीक से लैस ड्रोन के प्रवेश करने के मामलों में लगातार हो रही वृद्धि की ओर इशारा करते हुए कहा कि सीमाओं पर बहुत कुछ गलत और खतरनाक हो रहा है, जिसे पंजाब अनदेखा नहीं कर सकता।

### पटना विस्फोट...

के कारण उसका मामला किशोर अदालत में हस्तांतरित हो गया था। उनके अनुसार बाकी बचे दस अभियुक्तों के खिलाफ एनआईए अदालत में सुनवाई चली। सिंह ने बताया कि अभियुक्तों को सजा के बिंदु पर एक नवंबर को मामले की फिर सुनवाई होगी। पटना के गांधी मैदान में 27 अक्टूबर 2013 को आयोजित भाजपा की हुंकार रैली के मुख्य वक्ता तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी थे तथा मोदी सहित पार्टी के नेताओं के मंच पर पहुंचने के करीब 20 मिनट पहले मैदान में सिलसिलेवार धमाके हुए थे जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी एवं करीब सात दर्जन लोग जख्मी हो गए थे।

### बिहार में...

को एक साथ लाना चाहिए और इसके लिए सभी लोगों की बैठक बुलानी चाहिए। राजद कांग्रेस के सबसे पुराने सहयोगियों में से एक है। बिहार में भी विधानसभा चुनाव के लिए दोनों पार्टियों का गठबंधन था। हालांकि दो सीटों के उपचुनाव में राजद ने अकेले उम्मीदवार उतारने का फैसला किया, जिससे कांग्रेस नाराज हो गई और सबसे पुरानी पार्टी ने भी दोनों उपचुनाव सीटों से अपना उम्मीदवार खड़ा कर दिया।

## रिलायंस पावर को सितंबर तिमाही में 49 करोड़ रुपए का घाटा

भाषा। नई दिल्ली

**रिलायंस** पावर को सितंबर में समाप्त तिमाही में एकीकृत आधार पर 49.05 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ है। आमदनी में गिरावट की वजह से कंपनी को घाटा उठाना पड़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 105.67 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय घटकर 1,886.82 करोड़ रुपए रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 2,626.49 करोड़ रुपए रही थी। कंपनी का चालू वित्त वर्ष में अपना कर्ज का बोझ 3,200 करोड़ रुपए कम करने का इरादा है। रिलायंस समूह की इकाई रिलायंस पावर देश की निजी क्षेत्र की प्रमुख बिजली उत्पादक और कोयला संसाधन कंपनी है। निजी क्षेत्र में कंपनी के पास बिजली परियोजनाओं के सबसे बड़े पोर्टफोलियो में से है। इन कोयला, गैस, जलविद्युत और अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं शामिल है। कंपनी की परियोजनाओं की क्षमता 5,945 मेगावॉट है।

# खेल रत्न के लिए नीरज, रवि और लवलीना सहित 11 खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश

**भाषा।** नई दिल्ली

**टोक्यो** ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में भारत के शानदार प्रदर्शन की झलक बुधवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की सिफारिशों के दौरान दिखी जब खेल रत्न पुरस्कार के लिए ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा सहित 11 खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश की गई। चयन समिति ने अर्जुन पुरस्कार के लिए भी 35 खिलाड़ियों को नामित किया।

व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय खिलाड़ी 23 साल के चोपड़ा के अलावा रजत पदक विजेता पहलवान




रवि दहिया और कांस्य पदक जीतने वाली महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन के नाम की सिफारिश भी देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए की गई। अनुभवी हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश, महिला टेस्ट क्रिकेट टीम की



कप्तान मिताली राज के अलावा दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री को भी इस सम्मान के लिए चुना गया। छेत्री इस पुरस्कार के लिए चुने गए देश के पहले फुटबॉलर हैं।टोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों, निशानेबाज अवनि लेखरा और मनीष



नरवाल, भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और बैडमिंटन खिलाड़ियों प्रमोद भगत और कृष्णा नागर को भी उनके प्रदर्शन का इनाम मिला। इन सभी को खेल रत्न पुरस्कारों की सूची में जगह मिली है जिसे स्वीकृति के लिए खेल मंत्रालय के पास भेजा जाएगा। भारत ने तोक्यो ओलंपिक के लिए अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा था। इन खेलों में भारत की ओर से 121 खिलाड़ियों ने चुनौती पेश की थी और देश ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक सहित सात पदक जीते थे। इन ओलंपिक पदक विजेताओं में से तीन पहलवान बजरंग पूनिया, बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और भारोत्तोलक मीराबाई चानू को पहले ही खेल रत्न मिल चुका है। पैरालंपिक में भारत ने पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 19 पदक जीते थे। पिछले साल पांच खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया जबकि 2016 रियो खेलों के बाद चार खिलाड़ियों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया था लेकिन तोक्यो ओलंपिक और पैरालंपिक में भारत के शानदार प्रदर्शन के बाद अभूतपूर्व संख्या में खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश की गई। टोक्यो पैरालंपिक (24 अगस्त से पांच सितंबर) में हिस्सा लेने वाले पैरा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी विचार करने के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा में विलंब किया गया। समिति ने अर्जुन पुरस्कार के लिए 35 खिलाड़ियों को चुना जो पिछले साल पुरस्कार के लिए चुने गए खिलाड़ियों की संख्या से आठ अधिक है।

## मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप

# निशांत देव दूसरे दौर में, चाहर मजबूत प्रदर्शन के बावजूद बाहर हुए

**भाषा।** बेलग्रेड

**पदार्पण** कर रहे निशांत देव (71 किग्रा) बुधवार को यहां हंगरी के लास्जलो कोजाक पर 5-0 की शानदार जीत से एआईबीए पुरूष विश्व चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में पहुंचने वाले सातवें भारतीय मुक्केबाज बन गए। देव का सामना अब मौरिशस के मर्वेन क्लेयर से होगा जिन्हें पहले दौर में बाई मिली है।

देव ने भारत के लिए दिन की शानदार शुरूआत की। लेकिन पदार्पण कर रहे एक अन्य मुक्केबाज लक्ष्य चाहर (86 किग्रा) को कोरिया के किम हियोंगक्यू से हार का सामना करना पड़ा क्योंकि इस मुकाबले को दूसरे दौर में ही रोकना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज चाहर के माथे पर कट लग गया जिसके लिए चिकित्सीय मदद ली गई। पर इससे फिर खून निकलने लगा और मुकाबला रोक दिया गया। चाहर ने शुरूआती राउंड 4-। से जीत लिया था




लेकिन जब मुकाबला रोका गया तो जजों ने इसे कोरियाई मुक्केबाज के पक्ष में कर दिया। भारतीय हाई परफोरमेंस निदेशक सांटियागो निएवा इस फैसले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दिख रहे थे जिससे चाहर भी हैरान थे।

# टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान नीचे पांचवें स्थान पर खिसके कोहली

**दुबई।** भारतीय कप्तान विराट कोहली यहां चल रहे टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतक बनाने के बावजूद बुधवार को जारी आईसीसी पुरूष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान नीचे पांचवें स्थान पर खिसक गए जबकि उनके साथी केएल राहुल को दो पायदान का नुकसान हुआ और वह आठवें नंबर पर लुढ़क गए हैं। भारत को हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को हुए सुपर 12 के मुकाबले में 10 विकेट से करारी हार झेलनी पड़ी थी लेकिन कोहली (725 रेटिंग अंक) ने इसमें 49 गेंद में 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली थी जबकि राहुल (684) ने तीन रन बनाए थे। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान तीन पायदान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हैं।



## क्विक न्यूज

### शीर्ष वरीयता प्राप्त सिटसिपास जेवरेव सीधे सेटों में जीते

**वियना।** स्टेफनोस सिटसिपास ने तीन सेट प्वाइंट बचाकर एरेस्टे बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में ग्रिगोर दिमित्रोव को 7-6 (6), 6-4 से हराया जबकि ओलंपिक चैंपियन अलेक्सांद्र जेवरेव भी सीधे सेटों में जीत दर्ज करके आगे बढ़ने में सफल रहे। जेवरेव दूसरे सेट में एक समय 2-5 से पीछे चल रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने अच्छी वापसी की और फिलिप क्राजिनोविच को 6-2, 7-5 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिटसिपास पहले सेट के टाईब्रेकर मे एकसमय 6-3 से पीछे चल रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होने लगातार पांच अंक बनाकर यह सेट अपने नाम किया और फिर दूसरे सेट में पहले मैच प्वाइंट पर ही जीत दर्ज की। यूनान के इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला फ्रांसिस टिफो से होगा जिन्होंने डुसान लाजोविच को 6-4, 6-4 से पराजित किया। अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त कास्पर रूड ने लॉयड हैरिस को 7-5, 7-6 (2) से और कैमरन नोरी ने मार्टन फुस्कोविक्स को 7-6 (4), 6-। से हराया। छठी वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिम ने रिकार्डस बेरंकिस को 6-3, 6-2 से जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले आस्ट्रियाई डेनिस नोवाक ने इटली के क्वालीफायर जियानलुका मैगर को 7-6 (4), 7-6 (4) से पराजित किया।

### यूएस ओपन के बाद राडुकानू ने पहली जीत दर्ज की

**क्लज नापोका (रोमानिया)।** एम्मा राडुकानू ने ट्रांसिल्वेनिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में स्लोवेनिया की पोलोना हरकोग को 4-6, 7-5, 6-। से हराया जो छह सप्ताह पहले यूएस ओपन का खिताब जीतने के बाद उनकी पहली जीत है। यही नही इस युवा खिलाड़ी की डब्ल्यूटीए टूर मे भी यह पहली जीत है। ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट का संचालन डब्ल्यूटीए या एटीपी टूर नही करते है। वह ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट जीतने वाली पहली क्वालीफायर थी और इसके दो सप्ताह बाद वह अपने कोच एंड्रयू रिचर्डसन से अलग हो गई थी। इसके बाद वह केवल इंडियन वेल्स मे खेली थी जहां उन्हे पहले दौर मे हार झेलनी पड़ी थी।पहले दौर के एक अन्य मैच में रूस की वारवरा ग्रेचेवा ने जर्मनी की आंद्रिया पेटकोविच को 6-4, 2-6, 6-4 से पराजित किया।

### मुश्ताक अली ट्राफी के लिए टीम में शामिल मुंबई के चार खिलाड़ी कोविड पॉजिटिव पाए गए

**मुंबई।** सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के लिए मुंबई की टीम मे शामिल चार खिलाड़ियों को कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाया गया है और उनके स्थान पर नए खिलाड़ियों का चयन कर लिया है। विश्वसनीय सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, सीनियर टीम के चार खिलाड़ियों का परीक्षण पॉजिटिव आया है। ए खिलाड़ी शम्स मुलानी, साइराज पाटिल, प्रशांत सोलंकी और सरफराज खान है। यह भी पता चला है कि मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने इन चारों के स्थान पर नए खिलाड़ियों का चयन कर लिया है जिनके नामों की घोषणा जल्द की जाएगी।

# इंग्लैंड ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

**भाषा।** अबुधाबी

**इंग्लैंड** ने शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय (61) के अर्द्धशतक से आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सुपर 12 के ग्रुप एक के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। पिछले मैच में वेस्टइंडीज पर शानदार जीत दर्ज करने वाली इंग्लैंड की टीम ग्रुप एक तालिका में चार अंक लेकर पहले स्थान पर है। इंग्लैंड की गेंदबाजी के आगे बांग्लादेश की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने के कारण नौ विकेट पर 124 रन ही बना सकी।

प्लेयर आफ द मैच जेसन रॉय और जोस बटलर ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। जेसन रॉय ने 38 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के जड़ित अर्धशतकीय पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने 14.1 ओवर में दो विकेट पर 126 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम ने हालांकि जोस बटलर (18) का विकेट पावरप्ले में 39 रन पर ही गंवा दिया था। इससे पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 50 रन था। लेकिन शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने टीम की जीत सुनिश्चित की। जेसन रॉय और डेविड मलान के बीच दूसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 73 रन की साझेदारी बनी। यह भागीदारी 13वें ओवर में शोरिफुल इस्लाम ने तोड़ी। डेविड मलान 25 गेंद में तीन चौके से 28 रन और जॉनी बेयरस्टो आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले बांग्लादेश के लिए मुश्फिकुर रहीम 29 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि कप्तान महमूदुल्लाह ने 19 रन का योगदान दिया। अंत में नासुम अहमद ने नौ गेंद में दो छक्के और एक चौके से नाबाद 19 रन बनाकर बांग्लादेश को 124 रन तक पहुंचाने में मदद की। इंग्लैंड



ICC T20 WORLD CUP

के लिए लिए फिर आल राउंडर मोईन अली ने पावरप्ले में दो विकेट झटके, उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट चटकाए। टिमाल मिल्स ने अंतिम ओवर में दो खिलाड़ियों को आउट कर अपने चार ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। लियाम लिविंगस्टोन ने तीन ओवर में 15 रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि क्रिस वोक्स ने चार ओवर में महज 12 रन दिए और एक विकेट भी झटका। वेस्टइंडीज को पिछले मैच में 55 रन पर समेटने वाली इंग्लैंड के गेंदबाजों ने इस मैच में भी वैसा ही प्रदर्शन जारी रखा। बांग्लादेश ने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट तीसरे ओवर में गंवा दिए। लिटन दास (09) ने मोईन अली पर पहले ओवर में दो चौके लगाकर 10 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत कराई थी, पर वह इसी गेंदबाज के दूसरे ओवर में स्वीप करने के प्रयास में लिविंगस्टोन को आसान कैच देकर आउट हो गए। और अगली ही गेंद को उनके साथी मोहम्मद नईम (05) सही टाइमिंग नहीं कर सके और मिड आन पर आसान कैच देकर पवेलियन पहुंचे। बांग्लादेश ने 14 रन पर दो विकेट खो दिए।

छठे ओवर में आल राउंडर शाकिब अल हसन (04) क्रिस वोक्स की धीमी गेंद को फाइन लेग पर ऊंचा खेलने के प्रयास में गलती कर बैठे, पर आदिल राशिद ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की। पावरप्ले में बांग्लादेश का स्कोर 27 रन पर तीन विकेट था। मुश्फिकुर रहीम (30 गेंद में तीन चौके) और महमूदुल्लाह ने चौथे विकेट के लिए साझेदारी बनाने का प्रयास किया और 10 ओवर में स्कोर तीन विकेट पर 60 रन तक पहुंचाया। इंग्लैंड ने अगले ओवर में क्रीज पर जमे हुए मुश्फिकुर रहीम को आउट कर बांग्लादेश को चौथा झटका दिया जो लिविंगस्टोन की गेंद को रिवर्स स्विप करना चाह रहे थे। मैदानी अंपायर ने पगबाधा अपील ठुकरा दी जिसके बाद इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने रिव्यू लिया जिसमें रहीम को आउट करार दिया गया और 32 गेंद में 37 रन की चौथे विकेट की साझेदारी समाप्त हुई। अफीफ हुसैन छह गेंद ही खेल सके थे और एक रन लेने के प्रयास में रन आउट हुए। महमूदुल्लाह (24 गेंद में एक चौका) लिविंगस्टोन की गेंद पर आसान कैच दे बैठे और 15 ओवर के बाद स्कोर छह विकेट पर 83 रन था। मेहदी हसन के रूप में बांग्लादेश ने सातवां विकेट 18वें ओवर में गंवाया। अगले ओवर में पुछल्ले बल्लेबाज नासुम अहमद ने आदिल राशिद पर दो छक्के और एक चौका लगाकर 17 रन जोड़कर बांग्लादेश को 120 रन के करीब पहुंचाया। अंतिम ओवर में मिल्स ने नुरूल हसन (16 रन) और मुस्तफिजुर रहमान को आउट किया।

# ट्रंपलमैन और फ्राइलिंक चमके, नामीबिया ने स्कॉटलैंड को चार विकेट से हराया

**भाषा।** अबुधाबी

**बाएं** हाथ के तेज गेंदबाजों रुबेन ट्रंपलमैन और जेन फ्राइलिंक की तूफानी गेंदबाजी से नामीबिया ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण के ग्रुप दो मैच में बुधवार को यहां स्कॉटलैंड को चार विकेट से हरा दिया।

पहले ओवर में तीन विकेट चटकाने वाले ट्रंपलमैन (17 रन पर तीन विकेट) और फ्राइलिंक (10 रन देकर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने स्कॉटलैंड की टीम आठ विकेट पर 109 रन ही बना सकी। छठा मैच खेल रहे ट्रंपलमैन के करियर का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। स्कॉटलैंड की ओर से माइकल लीस्क 44 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा क्रिस ग्रीव्स (25) और सलामी बल्लेबाज मैथ्यू क्रॉस (19) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। नामीबिया ने इसके जवाब में जेजे स्मिट (23 गेंद में नाबाद 32, दो छक्के और दो चौके) और सलामी बल्लेबाज क्रेग विलियम्स (23) की पारियों की बदौलत पांच गेंद शेष रहते छह विकेट पर 115 रन बनाकर जीत दर्ज की। नामीबिया को माइकल वान लिंगेन (18) और विलियम्स ने पहले विकेट के लिए 28 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। वान लिंगेन ने जोश डेवी पर लगातार दो चौके जड़े लेकिन




साफयान शरीफ ने उन्हें रिची बेरिंगटन के हाथों कैच करा दिया। नामीबिया ने पावर प्ले में एक विकेट पर 29 रन बनाए। विलियम्स और जेम्स ग्रीन (09) ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। ग्रीन ने क्रिस ग्रीव्स पर चौका जड़ा जबकि विलियम्स ने मार्क वाट पर पारी का पहला छक्का मारकर नौवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। ग्रीव्स ने ग्रीन को मुन्से के हाथों कैच कराके नामीबिया को दूसरा झटका दिया। लीस्क (12 रन पर दो विकेट) ने इसके बाद कप्तान गेरहार्ड इरासमस (04) को बोल्ड किया जबकि वाट ने विलियम्स को स्टंप कराके नामीबिया का स्कोर चार विकेट पर 67 रन किया। स्मिट और डेविड वाइसी (16) ने इसके बाद मोर्चा संभाला। नामीबिया को अंतिम छह ओवर में जीत के लिए 35 रन की जरूरत थी। स्मिट ने शरीफ पर चौका जड़ने के बाद ग्रीव्स की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। वाइसी ने भी लीस्ट पर छक्का जड़ा लेकिन इसी गेंदबाज का शिकार बन गए।

ICC T20 WORLD CUP

# सिंधू और लक्ष्य जीते, साइना मुकाबले के बीच से हटीं

**भाषा।** पेरिस

**दो बार** की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत बाहर हो गए जिससे भारत के लिए दिन मिश्रित सफलता वाला रहा। सिंधू ने डेनमार्क की जूली डेवाल जेकबसन को महिला एकल के पहले दौर के मुकाबले में 21-15 21-18 से शिकस्त दी जबकि लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना जापान की सयाका ताकाहाशी के खिलाफ 11-21 2-9 से पिछड़ने के बाद मुकाबले से हट गई। साइना को उबेर कप फाइनल के दौरान ग्रोइन में चोट लगी थी। तीसरी वरीय सिंधू अगले मुकाबले में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन से भिड़ेंगी। लक्ष्य ने पुरुष एकल के आसान



मुकाबले में आयरलैंड के एनहाट एनगुएन को 21-10 21-16 से हराया। वह अगले दौर में सिंगापुर के लोह कीन युव के खिलाफ खेलेंगे। सौरभ वर्मा ने भी सकारात्मक शुरुआत करते हुए ब्राजील के यगोर कोएल्हो को कड़े मुकाबले में 22-20 21-19 से शिकस्त दी। वह दूसरे दौर में जापान के केंता निशिमोतो से भिड़ेंगे। मंगलवार को पहले दौर का मुकाबला खेलने वाले सौरभ के छोटे भाई समीर की भिड़ंत इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रुस्तावितो से होगी। श्रीकांत, पारूपल्ली कश्यप और एचएस प्रणय को हालांकि शिकस्त का सामना करना पड़ा। रियो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले श्रीकांत ने जापान के शीर्ष वरीय केंतो मोमोता को कड़ी दी लेकिन हार से बच नहीं पाए।

श्रीकांत ने निर्णायक गेम के अंतिम लम्हों में दो अंक की बढ़त भी हासिल की लेकिन इसके बाद उन्हें पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में 79 मिनट में 18-21 22-20 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। कश्यप को कड़े मुकाबले में फ्रांस के ब्राइस लेवरडेज के खिलाफ 17-21 21-17 11-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि प्रणय को चीनी ताइपे के चौथे वरीय चाउ टिएन चेन के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 11-21 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी ने आयरलैंड के जोशुआ मैगी और पॉल रेनोल्ड्स को 21-13 21-7 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। श्रीकांत को पिछले हफ्ते डेनमार्क ओपन में भी मोमोता के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी लेकिन उन्होंने यहां काफी बेहतर प्रदर्शन किया और दो बार के विश्व चैंपियन को हराने की दहलीज पर पहुंच गए लेकिन अंत में हार गए।

### विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप में भी जीत की लय जारी रखना चाहेंगे आडवाणी

**मुंबई।** शीर्ष क्यू खिलाड़ी और कई बार के विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी को पिछले साल मार्च के बाद से 41 मैचों में हार का सामना नहीं करना पड़ा है और वह इस जीत की लय को अगले साल दोहा में होने वाली विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप में भी जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप के लिए 36 वर्षीय आडवाणी और एक अन्य शीर्ष क्यू खिलाड़ी आदित्य मेहता ने क्वालीफाई किया है। पंकज ने बुधवार को यहां कहा, विश्व चैम्पियनशिप इस बार थोड़ी समय के लिए स्थगित हो गई है जिससे यह इस कैलेंडर वर्ष में नहीं होगी लेकिन अगले साल (आईबीएसएफ विश्व स्नूकर) होगी। हमें हाल में यह अपडेट मिला। एक दिन पहले ही। इसके जनवरी में होने की संभावना है।

**PUBLIC NOTICE**

Public in general and members of the Manokamna CGHS Ltd. (Regd. No. 1404/G/H), Plot No. 16, Sector-18A, Dwarka Phase-II, New Delhi-110075 are hereby informed that the name of Mrs. Kumkum C Singh (M. No. 104) is here being forwarded to the Assistant Registrar (Sec.-IV/GH), O/o the RCS, Parliament Street, New Delhi for clearance of membership for draw of lots in Manokamna CGHS Ltd.
If anyone has any objection on forwarding her name for clearance, they may lodge the same with the under signed or with the office of the Assistant Registrar (Sec.-IV/GH), O/o the RCS, Parliament Street, New Delhi.
Shailesh Gupta
Administrator, Manokamna CGHS Ltd.

**PUBLIC NOTICE**

I, Bin Bahadur Thapa S/o. Gang Bahadur Thapa R/o. B-104, Gulmohar Park, New Delhi-110049 since 1992 do hereby declares that I have applied for Indian Citizenship & before that reside at Pandara Road, New Delhi, India since 1984 to 1992. Kindly Provide the Citizenship of India.

**PUBLIC NOTICE**

I, Abir Thapa S/o. Bin Bahadur Thapa R/o. B-104, Gulmohar Park, New Delhi-110049 do hereby declares that I have applied for Indian Citizenship & residing at the above mentioned address as born and brought up here in, since 2001. Kindly Provide the Citizenship of India.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है की राजनितिक दल आम आदमी परिवर्तन पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रतावित है। पार्टी कार्यालय सत्य साई कॉलोनी, प्रीत विहार, नियर समर विला स्कूल, छपरौला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश 201009 में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के अधीन राजनितिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है – पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता निचे दिए गए है।

समापति/अध्यक्ष : मनोज कुमार दहिया सुपुत्र श्री रघवीर सिंह दहिया, गांव लाखन माजरा, जिला–रोहतक, तहसील–महम, हरियाणा–124512
महासचिव/सचिव : सागर शुक्ला सुपुत्र श्री अजय शुक्ला, मकान सं0 29/63, छिपी टोला, थाना–रकाबगंज, तहसील–आगरा, जिला–आगरा, उत्तर प्रदेश–282003
कोषाध्यक्ष : रेखा पत्नी श्री मनोज कुमार दहिया गांव लाखन माजरा, जिला–रोहतक, तहसील–महम, हरियाणा–124512

यदि किसी को आम आदमी परिवर्तन पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनितिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजे।

**ADMISSION NOTICE**

एस.सी.ई.आर.टी के संबद्ध संस्थान के लिए डीपीएसई (2021–23) के तहत प्रबंधन कोटा के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।
Satyam International Polytechnic
GD Block, Near Pitampura Metro Station, Pitampura, Delhi-110088 Ph: 27317069

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General public that Mrs. Sunita Devi is owner of Property bearing No. N-130, New No. N-130-A, area measuring 40 sq., Yds., out of Rect No. 21, Killa No. 23, Situated in the area of Village Khyala, Delhi State Delhi colony known as Vishnu Garden, North Block Gali No. 7, New Delhi, vide a registered Gift Deed dated 18.01.2021, registration No. 640, executed by Mr. Parmod Kumar, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to Mr. Aale Raza Khan who is taking a Loan from Fullerton India Home Finance company Ltd. for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the owner ship of Mrs. Sunita Devi in respect of the said property its sale /Mortgage/Litigation, and any kind of dispute, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

My Clients **Radhey Shyam Paharia** S/o Shiv Singh & his wife Seema W/o Radhey Shyam Paharia R/o **M-298, Ist floor, Guru Harkishan Nagar, Paschim Vihar,ND-87** have debarred & disowned their Son **Joginder Paharia** & his wife **Aarti** from their movable and immovable properties due to their misbehavior to my clients. My Clients have also severed all their relation with them. If anybody deals with them in any manner they do so at their own risk.
Ramesh Chander Anand (Adv) Ch-68,Western Wing,Tis Hazari

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अभियुक्त मुकेश लूथरा, पुत्र गुलशन लुथरा, पता:** ई–1606, जहाँगीर पुरी, दिल्ली ने **FIR No. 634/19 U/s 420/34 IPC,** थाना समयपुर बादली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मुकेश लूथरा** मिल नही रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मुकेश लूथरा** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 634/19 U/s 420/34 IPC,** थाना समयपुर बादली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मुकेश लूथरा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.12.2021** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री तपस्या अग्रवाल
महानगर दण्डाधिकारी–02, उत्तरी जिला,
कमरा नं0 319, तृतीय तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/1355/ON/2021

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर– 23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्जदार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में, निम्नवर्णित कर्जदारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विषेश रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुनील गुप्ता/सुमन गुप्ता/ (19600043393 & QZGRN00005014029) | प्लॉट नंबर– 11, दूसरी मंजिल, ब्लॉक– ए, झिलमिल कॉलोनी, शाहदरा, नई दिल्ली/ 22 अक्टूबर, 2021 | जून 03, 2021 ₹. 24,08,025/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | ज़हीर मोहम्मद / तबस्सुम बेगम (19000001856 & QZDEL00005042813 ) | डब्ल्यू जेड– 166 दूसरा फ्लोर रियर पोरशन बिल्डिंग खसरा नंबर 94, खेवत नंबर 54/52 लाल डोरा आबादी गांव शादीपुर रंजीत नगर दिल्ली/ 22 अक्टूबर, 2021 | जून 03, 2021 ₹. 19,78,443/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | देवेंद्र सिंह/ डिंपल कुशवाह (19600044085 & QZGRN00005009725) | मकान नंबर 1447–सी/13, पहली मंजिल रियर एलएचएस खसरा नंबर 600/93, गली नंबर 13 गोविंदपुरी कालकाजी नई दिल्ली/ 22 अक्टूबर, 2021 | जून 03, 2021 ₹. 11,14,116/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | दुर्गा प्रसाद तिवारी/ शोभा देवी (13100001977 & QZNOD00005016405) | संपत्ति संख्या सी– 8ए, दूसरी मंजिल पीछे की ओर बिना रूफ राइट कें, ब्लॉक– सी, खसरा संख्या 333, गांव बिंदापुर, सुभाष पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली/ 25 अक्टूबर, 2021 | जून 03, 2021 ₹. 16,29,654/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | सचिन कुमार शर्मा/ नवीन कुमार शर्मा (19800041483 & QZPTU00005013043) | प्लॉट नंबर बी–195, अपर ग्राउंड फ्लोर बैक साइड, केएच नंबर 10/16–23 गली नंबर 5 सैनिक नगर, ग्राम मटियाला उत्तम नगर, नई दिल्ली/ 25 अक्टूबर, 2021 | जून 03, 2021 ₹. 30,57,842/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह–कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: अक्टूबर 28, 2021
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# अमेरिका ने ब्रिटिश अदालत से असांजे के प्रत्यर्पण की अनुमति देने को कहा

एपी। लंदन

**अमेरिका** ने ब्रिटेन के हाई कोर्ट से बुधवार को आग्रह किया कि एक न्यायाधीश के इस फैसले को बदल देना चाहिए कि विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को जासूसी के आरोपों का सामना करने के लिए अमेरिका नहीं भेजा जाना चाहिए। अमेरिका ने वादा किया कि सजा सुनाए जाने की स्थिति में असांजे अपने मूल देश ऑस्ट्रेलिया में सजा काट सकेंगे। जनवरी में, एक निचली अदालत के न्यायाधीश ने एक दशक पहले गोपनीय सैन्य दस्तावेजों के विकीलीक्स द्वारा प्रकाशन को लेकर जासूसी के आरोपों पर असांजे को प्रत्यर्पित करने के अमेरिका के अनुरोध को खारिज कर दिया था।

डिस्ट्रिक्ट जज वनेसा बैरट्सर ने स्वास्थ्य आधार पर प्रत्यर्पण से इनकार करते हुए कहा कि असांजे को अगर अमेरिका की जेल में कठिन हालात में रखा जाता है तो वह खुदकुशी कर सकते हैं। उन्होंने जनवरी में दिए गए



लंदन में जूलियन असांजे की साथी स्टेला मॉरिस उच्च न्यायालय के बाहर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए

अपने फैसले में बचाव पक्ष की इन दलीलों को खारिज कर दिया था कि असांजे राजनीतिक रूप से प्रेरित अमेरिकी अभियोजन का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी न्यायप्रणाली में उनके मामले में निष्पक्ष सुनवाई होगी। अमेरिकी सरकार के अटॉर्नी जेम्स लुईस ने बुधवार को दलील दी कि न्यायाधीश ने यह कहने में गलती की है कि असांजे की मानसिक सेहत इतनी कमजोर है कि वह अमेरिकी न्याय प्रणाली का सामना नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा कि असांजे का गंभीर और लंबे समय तक मानसिक बीमारी का कोई इतिहास नहीं रहा है और इतने अस्वस्थ नहीं हैं कि अमेरिका भेजे जाने पर उनके आत्महत्या करने का जोखिम हो जाए।

लुईस ने कहा कि अमेरिका के अधिकारियों ने वादा किया था कि असांजे पर किसी उच्चस्तरीय सुरक्षा वाली सुपरमैक्स कारावास में मुकदमा नहीं चलेगा या उन्हें अलग-थलग रखने वाली कठिन परिस्थितियों का सामना नहीं करना होगा और दोषी साबित होने पर वह ऑस्ट्रेलिया में कोई भी सजा काट सकेंगे।

उन्होंने कहा कि अमेरिका इन आश्वासनों के लिए प्रतिबद्ध है। असांजे के वकील एडवर्ड फिट्जगेराल्ड ने लिखित दलील में कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने असांजे के दोषी साबित होने पर उन्हें लेने पर सहमति नहीं जताई है। उन्होंने कहा कि अगर ऑस्ट्रेलिया मान भी जाता है तो अमेरिकी कानूनी प्रक्रिया में एक दशक लग सकता है जिस दौरान असांजे अमेरिका की किसी जेल में अत्यंत अलग-थलग बंद रहेंगे। उन्होंने अमेरिकी वकीलों पर असांजे की मानसिक समस्या और आत्महत्या के जोखिम की गंभीरता को कमतर करने का आरोप लगाया।

लंदन की उच्च-सुरक्षा वाली बेलमार्श जेल में बंद असांजे वीडियो लिंक से दो दिन की सुनवाई में शामिल हो सकते हैं। फिट्जगेराल्ड ने कहा कि असांजे को बहुत ज्यादा दवाइयां दी जा रही हैं और वह कार्यवाही में शामिल होने के लिहाज से सक्षम महसूस नहीं कर रहे।

# रूसी उपकरणों के बगैर भारतीय सेना प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकती: सीआरएस रिपोर्ट

भाषा। वाशिंगटन

**रूसी** हथियारों और उपकरणों पर भारत की निर्भरता में उल्लेखनीय गिरावट आई है, लेकिन भारतीय सेना रूसी आपूर्ति वाले उपकरणों के बिना प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकती और निकट भविष्य में भारत को रूस की हथियार प्रणालियों पर निर्भरता बनी रहेगी। कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस (सीआरएस) की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यह रिपोर्ट बाइडन प्रशासन के उस महत्वपूर्ण फैसले से पहले आई है जिसमें बाइडन प्रशासन को भारत की रूस से सैन्य हथियार की खरीद को सीमित करना होगा। स्वतंत्र निकाय सीआरएस ने अपनी रिपोर्ट में रूसी हथियार बिक्री और रक्षा उद्योग में कहा है, भारत और उसके बाहर कई विश्लेषकों का निष्कर्ष है कि भारतीय सेना रूसी उपकरणों के बिना प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकती और निकट भविष्य में रूसी हथियार प्रणालियों पर उसकी निर्भरता जारी रहेगी। सीआरएस स्वतंत्र विषयों के विशेषज्ञों के जरिए विभिन्न मुद्दों पर समय-समय पर रिपोर्ट तैयार करता है। इसकी रिपोर्टें कांग्रेस की आधिकारिक रिपोर्ट नहीं हैं और सांसदों को निर्णय लेने में मदद करने के लिए तैयार की जाती हैं। रिपोर्ट में एक ग्राफिक के जरिए दिखाया गया है कि 2015 के बाद से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में रूस से उपकरणों के आयात में लगातार गिरावट आई है।अपनी रिपोर्ट में सीआरएस ने कहा कि 2016 से चल रही रूस निर्मित वायु रक्षा प्रणाली एस-400 को खरीदने की भारत की योजना पर अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट (सीएएटीएसए) की धारा 231 के तहत अमेरिकी रोक लग सकती है। इस कानून के तहत अमेरिका अपने सभी सहयोगियों और साझेदारों से, रूस से किसी भी प्रकार के सैन्य लेन-देन को तत्काल रोकने का आग्रह करता है और ऐसा न होने पर इन देशों को अमेरिका द्वारा अपने प्रतिद्वंद्वियों के विरोध हेतु बनाए गए दंडात्मक सीएएटीएसए का सामना करना पड़ सकता है। सीआरएस ने कहा कि हाल की मीडिया रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि भारत एस-400 को शामिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है जिसकी पहली आपूर्ति 2021 में निर्धारित है और जिसे 2023 की शुरुआत तक पूरा किया जाएगा। इसने कहा कि अगस्त 2021 में रूसी अधिकारियों ने बताया कि एस-400 की आपूर्ति 2021 के अंत तक शुरू हो जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2010 के बाद से रूस सभी भारतीय हथियारों के लगभग दो-तिहाई (62 प्रतिशत) आयात का स्रोत रहा है और भारत सबसे बड़ा रूसी हथियार आयातक रहा है, जिसकी रूसी हथियार निर्यात लगभग एक-तिहाई (32 प्रतिशत) हिस्सेदारी है।

# बाइडन से भारत के खिलाफ पाबंदी नहीं लगाने की अपील

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के दो शक्तिशाली सीनेटरों ने राष्ट्रपति जो बाइडन से सतह से हवा में मार करने वाली रूसी एस-400 मिसाइल प्रणाली खरीदने के लिए भारत के खिलाफ काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट (सीएएटीएसए) के प्रावधानों को लागू नहीं करने का आग्रह किया है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर मार्क वार्नर और रिपब्लिकन पार्टी के जॉन कॉर्निन ने मंगलवार को राष्ट्रपति बाइडन को लिखे एक पत्र में भारत को सीएएटीएसए के तहत राष्ट्रीय हित में छूट देने का आग्रह किया। सीनेटरों ने कहा कि यह अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हित में होगा।

सीनेटरों ने पत्र में लिखा, हम आपसे सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 ट्रिअम्फ मिसाइल प्रणाली की योजनाबद्ध खरीद के मामले में भारत को सीएएटीएसए में छूट देने की अपील करते हैं। यह कानून राष्ट्रपति को ऐसे मामलों में प्रतिबंधों को लागू करने में अतिरिक्त विवेक का इस्तेमाल करने का अधिकार देता है, जिनमें छूट देने से अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को बढ़ावा मिलता हो। उन्होंने लिखा, हम रूसी उपकरणों की खरीद और रूस के साथ भारत के निरंतर सहयोग के बारे में आपकी चिंताओं को समझते हैं। हम चाहते हैं कि आपका प्रशासन इस चिंता से भारतीय अधिकारियों को अवगत कराता रहे।

भारत ने अक्टूबर 2018 में तत्कालीन ट्रंप प्रशासन की चेतावनी को दरकिनार कर रूस से वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली एस-400 की पांच यूनिट खरीदने के लिए पांच अरब डॉलर के करार पर हस्ताक्षर किए थे। ट्रंप प्रशासन ने भारत पर सीएएटीएसए के तहत पाबंदी लगाने की चेतावनी दी थी। सीएएटीएसए एक सख्त अमेरिकी कानून है जो प्रशासन को उन देशों पर प्रतिबंध लगाने के लिए अधिकृत करता है जो 2014 में क्रीमिया पर रूस के कब्जे और 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में कथित हस्तक्षेप के बाद भी रूस से प्रमुख रक्षा हार्डवेयर खरीदते हैं।

## भारत के साथ गठबंधन की अपील

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निकी हेली और सांसद माइक वाल्ट्ज ने भारत एवं अमेरिका के बीच गठबंधन का आह्वान करते हुए कहा कि इससे दोनों देशों को क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख के बीच अपनी वैश्विक ताकत को बरकरार रखने और विस्तार देने में मदद मिलेगी। वाल्ट्ज प्रतिनिधि सभा की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्य हैं और इंडिया कॉकस के रिपब्लिकन उपाध्यक्ष हैं। हेली और वाल्ट्ज ने प्रतिष्ठित फॉरेन पॉलिसी पत्रिका के ताजा संस्करण में लिखा, 10 लाख से अधिक सैन्यबलों वाली एक परमाणु शक्ति के रूप में, मजबूत होती नौसेना और एक शीर्ष स्तरीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के साथ और अमेरिका के एक पुराने आर्थिक एवं सैन्य सहयोगी के रूप में भारत एक मजबूत साझेदार बनेगा। उन्होंने कहा, भारत के साथ गठबंधन से दोनों देशों को अपनी वैश्विक ताकत को बरकरार रखने और विस्तार देने में मदद मिलेगी तथा अमेरिका जापान एवं ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर अफगानिस्तान में संभावित आतंकवादी खतरों और चीन के लिए एक वास्तविक अवरोधक बनेगा। हेली और वाल्ट्स ने लिखा कि अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की वापसी के बाद केवल भारत ही वहां प्रभावी ढंग से सतर्कता से नजर रख सकता है। ईरान के बाद केवल वही चीन की गतिविधियों पर नजर रख सकता है। दोनों रिपब्लिकन नेताओं ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच गठबंधन चीन को मध्य एवं दक्षिणी एशिया में और विस्तार देने से रोकेगा।



ग्लासगो में पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत विरोध प्रदर्शन का एक दृश्य

# साइबर हमले का उद्देश्य अव्यवस्था पैदा करना: ईरानी राष्ट्रपति

एपी। दुबई

**ईरान** के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने बुधवार को कहा कि देश भर में गैस स्टेशनों को बंद करने वाले साइबर हमले का उद्देश्य अव्यवस्था और व्यवधान पैदा करके लोगों को नाराज़ करना है, क्योंकि घटना के एक दिन बाद पंपों के बाहर लंबी कतारें लगी हैं। रईसी ने मंगलवार को हुए साइबर हमले के बाद पहली बार यह टिप्पणी की, लेकिन इस घटना के लिए उन्होंने किसी को विशेष रूप से जिम्मेदार नहीं ठहराया। साइबर हमले के कारण सरकार की ओर से जारी इलेक्ट्रॉनिक कार्ड बेकार हो गए, जिसके माध्यम से अनेक ईरानी नागरिक पम्पों पर सब्सिडी वाले ईंधन खरीदते हैं।

हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि उनका और अन्य लोगों का मानना है कि साइबर हमले के पीछे ईरान-विरोधी ताकतें हैं, जिन्होंने गैसोलीन की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के खिलाफ कार्वाई के दो साल पूरे होने के अवसर पर इस घटना को अंजाम दिया है ताकि नागरिकों को उद्वेलित किया जा सके। रईसी ने कहा, साइबर युद्ध के क्षेत्र में गंभीर तैयारी होनी चाहिए और संबंधित निकायों को दुश्मन को लोगों के जीवन में समस्या पैदा करने के अपने कुत्सित इरादों को अंजाम देने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। सरकारी टेलीविजन चैनल ने बाद में राष्ट्रपति के, मध्य तेहरान में एक गैस स्टेशन के दौरे का फुटेज दिखाया। किसी भी समूह या संगठन ने फिलहाल मंगलवार को शुरू हुए साइबर हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, हालांकि ए हमले पिछले हमलों के समान हैं, जो ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को सीधे चुनौती देते हैं। गौरतलब है कि पूरे ईरान के ईंधन बिक्री केंद्र (पेट्रोल पंप) पर मंगलवार को उस समय काम ठप हो गया था, जब ईंधन सब्सिडी की प्रणाली को नियंत्रित करने वाले सॉफ्टवेयर में खराबी आ गई और बिक्री रोकनी पड़ी। इस बीच ईरान की सरकारी संवाद समिति इरना ने बुधवार सुबह एक अन्य अधिकारी के हवाले से खबर दी है कि ईरान के 80 फीसदी गैस स्टेशनों में फिर से ईंधन बिक्री शुरू हो गई है। इस घटना को साइबर हमले का नाम देने वाली अर्धसरकारी संवाद समिति इसना ने कहा कि जो लोग सरकार द्वारा जारी कार्ड से गैस खरीदने का प्रयास कर रहे थे, उनके पास साइबर हमला 64411 नामक संदेश आ रहा था। संवाद समिति ने बाद में यह रिपोर्ट हटा दी।

# विवादित बौद्ध भिक्षु के नेतृत्व में एक देश एक कानून के लिए कार्यबल गठित

● श्रीलंका के राष्ट्रपति ने गठित किया तेरह सदस्यों वाला कार्यबल

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका** के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने देश में एक देश, एक कानून की अवधारणा की स्थापना के लिए 13 सदस्यों का एक कार्यबल गठित किया है, जिसका नेतृत्व मुस्लिम विरोधी रुख के लिए मशहूर एक कट्टर बौद्ध भिक्षु कर रहे हैं।

एक देश एक कानून 2019 के चुनाव में राजपक्षे का नारा था और उन्हें इस चुनाव में देश की बहुसंख्यक आबादी बौद्ध की तरफ से भारी समर्थन मिला था। एक देश एक कानून अवधारणा की स्थापना के लिए एक विशेष राजपत्र के द्वारा राष्ट्रपति ने कार्य बल नियुक्त किया। इसका नेतृत्व गलागोदाथ ज्ञानसारा कर रहे हैं, जो एक कट्टर बौद्ध भिक्षु हैं और देश में मुस्लिम विरोधी भावना का प्रतीक बने हुए हैं। ज्ञानसारा के बोदु बाला सेना (बीबीएस) या बौद्ध शक्ति बल पर 2013 में मुस्लिम विरोधी दंगे में शामिल होने का आरोप लगा था। इस कार्य बल में चार मुस्लिम विद्वान सदस्य के तौर पर हैं लेकिन अल्पसंख्यक तमिलों को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। कार्यबल इस संबंध में अंतिम रिपोर्ट 28 फरवरी, 2022 को जमा करेगा जबकि हर महीने वह कार्य प्रगति के बारे में राष्ट्रपति को जानकारी देगा। एक देश एक कानून अभियान ने 2019 में ईस्टर के मौके पर हुए आत्मघाती हमले के बाद जोर पकड़ लिया। इस हमले में 11 भारतीय लोगों समेत 270 लोगों की मौत हुई थी। हमले का आरोप चरमपंथी इस्लामी समूह नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) पर लगा।

# भारतवंशी सांसदों, बाइडन प्रशासन के शीर्ष सदस्यों ने कांग्रेस में मनाई दिवाली

भाषा। वाशिंगटन

**भारतवंशी** अमेरिकी सांसदों की अगुवाई में राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन के शीर्ष सदस्यों और देशभर के भारतवंशी समुदाय के सदस्यों के एक समूह लोकतंत्र के मंदिर अमेरिकी कांग्रेस में रोशनी का त्योहार दिवाली मनाने के लिए एकत्र हुआ।

अमेरिकी कांग्रेस में यह दृश्य अमेरिका के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में इस छोटे लेकिन प्रभावशाली समुदाय के उभार को दर्शाता है। सांसदों ने अमेरिका के विकास में भारतवंशी अमेरिकियों के योगदान की प्रशंसा की और कोविड-19 के बाद की दुनिया में दिवाली के महत्व पर प्रकाश डाला।

अमेरिका के सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति ने कार्यक्रम में कहा, हम पिछले लगभग दो वर्षों से एक वैश्विक महामारी का सामना कर रहे हैं, जिसने हमारे जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। मैंने और हम में से कई ने परिवार के सदस्यों और दोस्तों को खोया है। मुझे मालूम है कि आप में से कई लोगों ने भी यही दुख झेला है, चाहे वह यहां रहने वाले परिवार से जुड़ा हो, भारत में बसे आपके परिवार का, या प्रवासी या दुनियाभर में कहीं भी रहने वाले अपनों का.. हमने काफी कुछ सहन किया है।

उन्होंने कहा, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में जिन चीजों ने मुझे सबसे ज्यादा चिंतित किया है, वह ऐसी अदृश्य महामारी है जिसके बीच हम जी रहे हैं। यह ध्रुवीकरण की महामारी है, जहां यह महसूस होता है कि लोग एक-दूसरे के खिलाफ हो गए हैं, जहां वे एक-दूसरे को शत्रु समझते हैं, एक-दूसरे को बुरा कहते हैं और एक-दूसरे के साथ इसी तरह का व्यवहार करते हैं। यह एक अलग तरह का अंधकार है।

कैपिटल हिल दिवाली समारोह का आयोजन इंडियास्पोरा ने समुदाय के कई संगठनों के सहयोग से किया था। अपनी मां की शिक्षाओं को याद करते हुए, डॉ. मूर्ति ने कहा कि दिवाली को अंधकार पर प्रकाश के विजय का दिन माना जाता है। उन्होंने कहा, वह हमेशा कहती थीं कि विवेक, अमेरिका में आप जिन लोगों से मिलेंगे, वे अलग-अलग धर्मों और परंपराओं से होंगे, लेकिन याद रखें कि ईश्वर का प्रकाश हमेशा उन सभी के भीतर मौजूद है, चाहे वे कहीं से भी हों।

भारतीय अमेरिकी सांसद डॉ. एमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना और प्रमिला जयपाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और इस अवसर पर समुदाय को बधाई दी।



रोम में पुलिस का गश्ती दल उस क्षेत्र में गश्त करता हुआ जहां आने वाले दिनों में एक बड़ा आयोजन होने वाला है

## बगदाद में आईएस का हमला, 11 की मौत

**बगदाद।** इस्लामिक स्टेट के कुछ बंदूकधारियों ने बगदाद के पूर्वोत्तर के एक गांव में मंगलवार को हमला कर दिया, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हुए हैं। इराक के सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हमला दियाला प्रांत के बाकूबा के पूर्वोत्तर में अल-रशद के शिया बहुल गांव में हुआ। हमला क्यों किया गया यह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन दो अधिकारियों ने बताया कि इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों ने पहले दो ग्रामीणों का अपहरण किया था और जब उन्हें फिरौती के पैसे नहीं दिए गए तो उन्होंने गांव पर हमला कर दिया। नाम उजागर ना करने की शर्त पर अधिकारियों ने बताया कि हमले में मशीन गन का इस्तेमाल किया गया। हमले का शिकार बने सभी लोग आम नागरिक थे। वर्ष 2017 में देश से इस्लामिक स्टेट को खदेड़ दिए जाने के बाद से इराक में आम नागरिकों को निशाना बनाकर किए जाने वाले हमले बेहद कम हो गए हैं, हालांकि कई इलाकों में अब भी ऐसी घटनाएं देखी जा रही हैं।

# नेपाल के प्रधान न्यायाधीश का इस्तीफे से इंकार

भाषा। काठमांडू

**नेपाल** के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश चोलेंद्र शमशेर राणा के पद से इस्तीफा देने से इनकार करने पर एक न्यायिक संकट पैदा हो गया है। दरअसल, उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने एक करीबी रिश्तेदार को शेर बहादुर देउबा नीत मंत्रिमंडल का सदस्य बनाने में मदद की। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के एक वर्ग ने प्रधान न्यायाधीश राणा के इस्तीफे की मांग की है, जबकि कुछ अधिवक्ताओं ने शीर्ष न्यायालय का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

शीर्ष न्यायालय के 15 न्यायाधीशों के साथ एक बैठक के दौरान राणा ने कहा कि वह महज इसलिए, इस्तीफा नहीं देंगे कि शीर्ष पद से उनके इस्तीफे के लिए सड़कों पर और मीडिया में आवाज उठ रही है। न्यायालय के प्रवक्ता बाबूराम दहल ने कहा, राणा ने न्यायाधीशों से कहा है कि वह इसके बजाय संवैधानिक कार्यवाही का सामना करेंगे लेकिन पद से इस्तीफा नहीं देंगे।

अधिवक्ताओं के एक वर्ग द्वारा शीर्ष न्यायालय का बहिष्कार करने का फैसला किए जाने और न्यायाधीशों के बैठकों में भाग न लेने के चलते अदालती कामकाज प्रभावित हुआ है, जबकि हजारों मामले लंबित हैं।

नेपाल बार एसोसिएशन ने राणा के स्वेच्छा से इस्तीफा नहीं देने पर राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। हालांकि, दहल ने कहा कि कुछ न्यायाधीशों ने बुधवार से अपने काम पर लौटना शुरू कर दिया है।

संवैधानिक प्रावधान के मुताबिक, प्रतिनिधि सभा के 25 प्रतिशत सांसद प्रधान न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव ला सकते हैं और उन्हें पद से हटाने के लिए, सांसदों के दो तिहाई वोट की जरूरत होगी।

## वियतनाम में स्कूल फिर से खोलने की तैयारी

**हनोई।** वियतनाम ने कोविड-19 महामारी की वजह से पिछले छह महीने से ज्यादा समय से बंद स्कूलों को फिर से खोलने के प्रयास के तहत बुधवार से बच्चों का टीकाकरण शुरू किया।स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि दक्षिणी वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर में 16 से 17 साल के करीब 1,500 किशोर-किशोरियों को नवंबर में राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के शुरू होने से पहले टीके की खुराक दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि पहले चरण में वियतनाम ने बच्चों के लिए सिर्फ फाइजर टीके को मंजूरी दी। माता-पिता या अभिभावकों को अपने बच्चों के टीकाकरण के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। स्वास्थ्य मंत्री ग्युएन तान्ह लॉग ने अभियान शुरू होने से पहले मंगलवार को एक बैठक के दौरान कहा, बच्चों को, टीकाकरण के जरिए सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इससे पहले सप्ताह मंत्रालय ने 12 से 17 साल के बच्चों के लिए टीकाकरण को मंजूरी दी दी थी।

एक वार्तालाप स्टार्टर से अधिक, चाय ताज़गी का एक स्रोत है, आतिथ्य का एक अंदाज़ और कई लोगों के लिए आय का एक साधन है। यह कहना है विशाल परिक का। साथ ही वे चाय के इतिहास और लाभों को साझा कर रहे हैं :

# चाय

## पेय पदार्थ मात्र ही नहीं



कुछ लोगों के लिए चाय के बिना सुबह की शुरुआत करना मुश्किल होता है। दूसरों के लिए, किसी भी कठिन कार्य के लिए पहले एक अच्छी चाय की आवश्यकता होती है और कुछ के लिए, यह एक बेहोश दैनिक आराम का पेय है। चाय दुनिया भर में सबसे अधिक खपत होने वाले पेय पदार्थों में से एक है। हालाँकि, भारत में, यह एक पेय से एक भावना बन गया है। हर घर में, गली की दुकान, स्टॉल, कैफे में, अपने दैनिक आराम के प्याले में लिप्त लोगों का न मिलना मुश्किल है।

भारतीयों का चाय से गहरा लगाव और जुड़ाव है। सिर्फ बातचीत शुरू करने वाला ही नहीं, चाय में रोज़मर्रा के सांसारिक मामलों पर एक चर्चा पैदा करने की शक्ति होती है, जिसका हर कोई स्वेच्छा से हिस्सा बन जाता है। यह लोगों के करीब आने और उन्हें समझने का एक तरीका है। और सिर्फ सांसारिक ही नहीं, चाय टपरी गर्म राजनीतिक बहस के लिए भी प्रसिद्ध हैं। चाय ताज़गी का एक स्रोत है, मेहमानों के लिए एक इशारा है और कई लोगों के लिए आय का एक तरीका है। इस दैनिक अमृत के लिए भारतीयों का बहुत कुछ ऋणी है। कोई आसानी से कह सकता है कि यह पेय के रूप में साधारण खपत से परे है। यह बल्कि एक अनुष्ठान या आदत है और निस्संदेह एक उत्सव है - हर दिन का उत्सव।

भारत में, यह ज्ञात है कि चाय का उपयोग मुख्य रूप से 500 ईसा पूर्व में औषधीय प्रयोजनों के लिए किया जाता था। लेकिन 1826 में अंग्रेजों द्वारा पेश किए जाने के बाद ही इसे व्यापक रूप से जाना जाने लगा। प्रारंभ में, ब्रिटेन ने भारत में चीनी चाय की झाड़ियों की खेती करने का प्रयास किया, जो जलवायु में अंतर (हिमालय में दार्जिलिंग के क्षेत्र को छोड़कर) के कारण काफी हद तक असफल साबित हुआ। जल्द ही यह पता चला कि भारत के पास पहले से ही अपनी स्वदेशी चाय की झाड़ी थी जो उत्तर-पूर्वी भारत में असम घाटी में उगती थी।

चाय उत्पादन पर चीन के एकाधिकार को तोड़ने के प्रयास के रूप में जो शुरू हुआ, उसने भारत को एक ऐसा उपहार दिया, जिसे उसके नागरिक नहीं जानते थे कि उन्हें प्यार हो जाएगा। अंग्रेजों ने भारत में चाय को अन्य स्थानों पर निर्यात करने के लिए उगाना शुरू किया। 1837 में, ऊपरी असम के चबुआ में पहला अंग्रेजी चाय बागान स्थापित किया गया था। 1840 में, असम टी कंपनी ने इस क्षेत्र में चाय का व्यावसायिक उत्पादन शुरू किया। इससे चाय पीने की ब्रिटिश संस्कृति का विस्तार हुआ। दूध और चीनी के साथ काली चाय और चाय भारत के लोगों के लिए पेश की गई थी और इससे पहले कि लोग समझ पाते, इसका भारतीय संस्करण - मसाला चाय, काली चाय में दूध, चीनी और मसाले जैसे इलायची, सौंफ और लौंग मिलाकर बनाई गई, दैनिक बन गई। कई के लिए ईंधन। और आज भारत दुनिया में चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

हालांकि गर्म पेय बनाने के लिए चाय की पत्तियों को बनाने की मुख्य तकनीक पहले की तरह ही रहती है, भारत के विभिन्न क्षेत्रों ने चाय का अपना संस्करण बनाने के लिए विभिन्न शैलियों और स्वादों को अपनाया। कश्मीरी कहवा चाय से लेकर कश्मीर की घाटियों से लेकर मुंबई की गलियों में चाय तक, चाय हर कुछ किलोमीटर पर स्वाद, सामग्री और चिपचिपाहट बदलती है। नीलगिरि पहाड़ियों के नीले पहाड़ों में जो चाय पी जाती है, वह कोलकाता की खास जायफल चाय से बहुत अलग है। जहां गुजरात में ठेलों की देसी चाय की सुगंध आपको चाय के लिए तरस सकती है, वहीं असम के घरेलू बगीचों की मसाला श्रृंखला आपके स्वाद को एक अनूठा स्वाद प्रदान करती है। भारतीयों के लिए, जिनकी चाय अपने समाज और संस्कृति के एक अविभाज्य हिस्से के रूप में गहराई से निहित है, उनके लिए चुनने के लिए चाय की अंतहीन किस्में हैं।

यह जानना दिलचस्प है कि भले ही अंग्रेजों ने चाय की शुरुआत की, लेकिन भारत के विभिन्न क्षेत्रों में हमें मिलने वाली चाय की विभिन्न शैलियाँ दुनिया के विभिन्न हिस्सों से प्रभावित हुईं। इसका एक अच्छा उदाहरण कश्मीरी चाय है जिसे कहवा के नाम से जाना जाता है। कहवा स्वाद अरबी प्रभाव के लिए जाना जाता है। यह हरी चाय कश्मीर की घाटियों से निकलती है और इलायची की फली, दालचीनी की छाल और केसर की खुशबू से प्रभावित होती है, जिसे बाद में कुचले हुए बादाम के साथ ताज पहनाया जाता है।

> भारत में लगभग 64 प्रतिशत घरों में और उसमें रहने वाले 96 प्रतिशत परिवार के सदस्यों द्वारा नियमित रूप से चाय का सेवन किया जाता है।





कहा जाता है कि कहवा के पत्ते मसाले के रास्ते से आए थे। वे क्रॉस-सांस्कृतिक महत्व रखते हैं क्योंकि 'कहवा' नाम अरबी मूल का है। परंपरागत रूप से, यह तांबे की केतली में तैयार किया जाता है, जिसे समोवर के रूप में जाना जाता है, जो तुर्की, अरबी और रूसी लोगों की तरह है।

इतिहास बताता है कि भारत में प्रत्येक क्षेत्र में चाय बनाने की शैली स्थानीय जड़ी-बूटियों और मसालों की उपलब्धता पर निर्भर करती है जो इस क्षेत्र में उगती हैं। एक अन्य कारक जिसने चाय को प्रभावित किया, वह था क्षेत्र के शासक और व्यापारी और उसके कारण आने वाली और बाहर जाने वाली जड़ी-बूटियाँ और मसाले।

वैदिक काल में भी ऐसा ही था। जैसे ही भारत ने विभिन्न नई जड़ी-बूटियों और मसालों का आगमन देखा, आयुर्वेद फलने-फूलने लगा। शाब्दिक अर्थ है 'जीवन का विज्ञान', प्राचीन भारतीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों, मसालों और फूलों का उपयोग किया जाता है जो स्वास्थ्य लाभ से भरे होते हैं और बीमारियों को ठीक करने के लिए चाय के लाभों के साथ संयुक्त होते हैं। चाय के विभिन्न औषधीय लाभ हैं और यह पारंपरिक तरीकों से रोगों को ठीक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

आज भी जैसे-जैसे लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते जा रहे हैं, चाय कई लोगों की पसंदीदा पसंद बनती जा रही है। भारत में, चाय एक आदत है और इसका सेवन दिन में लगभग 3-4 बार किया जाता है। सबसे अधिक ज्ञात बेड टी है जो अधिकांश भारतीयों के लिए दिन की शुरुआत करती है। एक और शाम की चाय है जिसमें नाश्ते के साथ सेवन किया जाता है, जिसका मतलब थका देने वाले दिन के बाद आपको रिचार्ज करना है। टी बोर्ड ऑफ इंडिया के एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में लगभग 64% घरों में और उसमें रहने वाले 96% परिवार के सदस्यों द्वारा नियमित रूप से चाय का सेवन किया जाता है। चूंकि चाय की खपत को छोड़ना एक चुनौतीपूर्ण आदत है, इसलिए अधिकांश लोग चाय के साथ दूध और चीनी की बढ़ती खपत के साथ अपने चाय के सेवन के बारे में अधिक चिंतित हो रहे हैं। हालांकि, खपत में कमी के बजाय, खपत पैटर्न में बदलाव बढ़ रहा है। अधिक से अधिक लोग अब शराब की चाय, काली चाय, हरी चाय, कैमोमाइल चाय, चमेली की चाय आदि जैसे स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को अपना रहे हैं।

जहां पहले चाय को ताज़गी के स्रोत के रूप में देखा जाता था, वहीं अब इसे स्वास्थ्य, प्रतिरक्षा, वजन घटाने और जलयोजन के साधन के रूप में देखा जा रहा है। प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और मसालों से बनी चाय जिनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले गुण होते हैं, अब पसंद की जा रही हैं। ऐसी चाय जिनमें डिटॉक्सिफाइंग गुण होते हैं और जो आपकी नसों को शांत करती हैं और आपको अच्छी रात की नींद देती हैं, आजकल लोगों के लिए नई पसंद है। यह भी दिलचस्प है कि बहुत सारे जेन-जेड और मिलेनियल्स जिन्होंने कैफे और कैफीन संस्कृति को अपनाया था, वे भी इसके स्वास्थ्य लाभों के कारण कॉफी से चाय की ओर रुख कर रहे हैं।



चाय के मिश्रण, स्वाद और अन्य अतिरिक्त सामग्री के आधार पर विभिन्न स्वास्थ्य लाभ होते हैं।

- इसका सबसे अधिक ज्ञात लाभ नसों को शांत करने की इसकी क्षमता है। यह एक तनाव निवारक है और इसलिए अधिकांश सिरदर्द का उत्तर है। यह अक्सर दर्द निवारक के रूप में प्रयोग किया जाता है और तनाव को दूर करने और अवसाद रोधी के रूप में कार्य करने के लिए जाना जाता है।

- इसके अलावा चाय को हार्ट अटैक और ब्लड क्लॉट के खतरे को कम करने के लिए भी जाना जाता है। चाय में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो रक्त परिसंचरण को आसान बनाते हैं और रक्तचाप के स्तर में सुधार करते हैं। यह रक्त कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी मदद कर सकती है।

- चाय की कुछ किस्मों, जैसे ग्रीन टी में कैफीन की एक निश्चित मात्रा होती है। कैफीन का यह स्तर कॉफी में पाए जाने वाले की तुलना में बहुत कम होता है, लेकिन कॉफी की तरह बिना किसी झटकेदार प्रभाव के यह मन और शरीर पर लंबे समय तक प्रभाव डालता है। यह फोकस को बेहतर बनाने में मदद करता है और दिमाग को शांत और तनावमुक्त रखते हुए दिमाग को अच्छी तरह से काम करने में भी मदद करता है।

- वजन कम करना चाय का एक और फायदा है। ग्रीन टी में मौजूद अमीनो एसिड शरीर में जमा फैट को बर्न करने में मदद करता है। हरी चाय निकालने जो केंद्रित हरी चाय है एक लोकप्रिय स्वास्थ्य पूरक बन रहा है। अधिक से अधिक जिम जाने वाले लोग अपने वर्कआउट की दक्षता बढ़ाने और वजन घटाने की प्रक्रिया में सहायता करने के लिए इसका सेवन कर रहे हैं।

- कुछ चाय पार्किंसंस रोग, अल्जाइमर, मनोभ्रंश और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने में भी उपयोगी हैं।

- ब्लैक टी का व्यक्ति के ब्लड शुगर लेवल पर काफी प्रभाव पड़ता है। काली चाय की खपत में वृद्धि हुई है क्योंकि टाइप 2 मधुमेह को रोकने के इसके औषधीय लाभ लोगों को ज्ञात हो रहे हैं।

- ऊलोंग चाय, अदरक की चाय और हर्बल चाय पाचन में सहायता करती है और पेट दर्द और दस्त को ठीक करती है। उनका उपयोग मतली और उल्टी को रोकने के लिए भी किया जाता है। कुछ चाय में टैनिन होते हैं जो आंतों के लिए फायदेमंद होते हैं और चिड़चिड़ा आंत्र सिंड्रोम और पेट में ऐंठन को ठीक कर सकते हैं।

चाय के स्वास्थ्य लाभ अंतहीन हैं और इसके स्वाद और सामग्री पर बहुत कुछ निर्भर करता है। नई पीढ़ी के स्वाद के अनुरूप दिन-ब-दिन नए मिश्रण और दिलचस्प स्वाद आ रहे हैं। गुलकंद, लीकोरिस, मिंट और लेमनग्रास जैसे स्वादों को भारतीयों द्वारा स्वेच्छा से आजमाया और अपनाया जा रहा है। उनमें इस्तेमाल की जाने वाली जड़ी-बूटियाँ और फूल भारतीय तालू के करीब प्रतिध्वनित होते हैं और इसलिए कुछ ही समय में लोकप्रिय हो रहे हैं।

चाय के लिए प्रयोग और प्यार के परिणामस्वरूप स्वाद और मिश्रणों का ढेर पहले कभी नहीं सुना गया है। टमाटर तुलसी की चाय और चुकंदर की चाय जैसे सब्जियों से भरे चाय के स्वाद चाय प्रेमियों के बीच व्यापक रूप से मांग में होते जा रहे हैं।

मटका, मोरिंगा और मोरक्कन मिंट टी भी अपने डिटॉक्सिफाइंग गुणों के कारण लोकप्रिय हो रहे हैं।

एक और नया विकास जो बहुत जल्द कार्बोनेटेड पेय की जगह ले रहा है, वह है कोल्ड ब्रू। रास्पबेरी, बेर, ककड़ी और नारियल के स्वाद में कोल्ड ब्रू चाय को आइस्ड टी के रूप में बनाया जा रहा है। और भारतीय यहीं नहीं रुकते। उन्होंने मिठाई के रूप में चाय का सेवन करने के तरीके भी खोजे हैं। सेब, दालचीनी, आड़ू और क्रैनबेरी चाय जैसे स्वाभाविक रूप से मीठे स्वाद वाली चाय का उपयोग मिठाई चाय के रूप में किया जा रहा है, जिससे यह पेटू चाय की एक श्रेणी बन गई है।

और जब सभी नए वेरिएंट के बारे में बात की जाती है, तो कोई भी सौंदर्य की दृष्टि से मनभावन बबल टी, बोबा टी और पर्ल टी को नहीं भूल सकता है जो लीची और स्ट्रॉबेरी जैसे रसदार स्वादों में आते हैं।

यह देखना दिलचस्प है कि हर दिन उपभोक्ताओं के स्वाद में कितना बदलाव आ रहा है। नए और प्रामाणिक स्वाद और मिश्रण महत्व प्राप्त कर रहे हैं और उपभोक्ताओं के लिए उनका मूल्य भी गहरा हो रहा है। मूल, ताजी सामग्री और प्रामाणिक स्वादों को समझने और उनकी सराहना करने वाले चाय प्रेमी बढ़ रहे हैं और ऐसा ही भारतीय चाय उद्योग में भी हो रहा है।

**( लेखक दंता हर्ब्स के सह-संस्थापक और सीईओ हैं )**